RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 41
लखनऊ, बुधवार, 29 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




इतनी उम्मीदें मत पालो कि दिल ही टूट जाए

स्पोर्ट्स-12

# सकुशल निकले 41 श्रमवीर, झूमा देश

● एक-एक करके सभी श्रमिकों को 800 मिमी के उन पाइपों के जरिए बाहर निकाला गया जिन्हें मलबे में ड्रिल करके अंदर डालकर एक रास्ता बनाया गया था

● 16 दिन से फंसे थे सुरंग में बगैर किसी नुकसान के बाहर निकलने के बाद सभी ने ली राहत की सांस

**भाषा।** उत्तरकाशी, नई दिल्ली



पिछले 16 दिन से सुरंग में फंसे श्रमिक जब बाहर निकले तो उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहा

**उत्तराखंड** में सिलक्यारा सुरंग में पिछले 16 दिन से फंसे सभी 41 श्रमिकों को मंगलवार को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि श्रमिकों को एक-एक करके 800 मिमी के उन पाइपों के जरिए बाहर निकाला गया जिन्हें मलबे में ड्रिल करके अंदर डालकर एक रास्ता बनाया गया था।

चारधाम यात्रा मार्ग पर निर्माणाधीन साढ़े चार किलोमीटर लंबी सिलक्यारा-बड़कोट सुरंग का 12 नवंबर को एक हिस्सा ढहने से उसमें फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चला रहे बचावकर्मियों को 17वें दिन यह सफलता मिली। मजदूरों को निकाले जाने के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह भी मौजूद रहे। बाहर निकल रहे श्रमिकों को मुख्यमंत्री ने अपने गले लगाया तथा उनसे बातचीत की। बचाव कार्य में जुटे लोगों के साहस की भी उन्होंने सराहना की। मजदूरों को बाहर निकाले जाने के बाद सुरंग के बाहर खड़ी एंबुलेंस के जरिए उन्हें सिलक्यारा से 30 किलोमीटर दूर चिन्यालीसौड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बनाए गए अस्पताल में ले जाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि श्रमिकों और उनके परिजनों के चेहरे की खुशी ही उनकी ईगास और बग्वाल (दीवाली के दस दिन बाद पर्वतीय क्षेत्र में मनाई जाने वाली दीवाली) है। उन्होंने अभियान के सफल होने का श्रेय बचाव दल की तत्परता, तकनीकी मदद, अंदर फंसे श्रमिकों की जीवटता, प्रधानमंत्री द्वारा पल-पल की गई निगरानी और बौखनाग देवता की कृपा को दिया। मुख्यमंत्री ने जरूरी होने पर श्रमिकों को अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के आदेश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान से जुड़े एक-एक सदस्य का वह हृदय से आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने देवदूत बनकर इस अभियान को सफल बनाया। बचाव अभियान में कई बाधाएं आईं लेकिन अंततः सफलता हाथ लगी। सुरंग में मलबा हटाने के लिए सबसे पहले जेसीबी लगाई गई लेकिन ऊपर से मलबा गिरने के कारण इसमें सफलता नहीं मिली जिसके बाद अमेरिकी ऑगर मशीन मंगाकर मलबे में ड्रिलिंग शुरू की गई। हालांकि, मलबे के अंदर 47 मीटर ड्रिलिंग करने के बाद ऑगर मशीन के हिस्से मलबे के अंदर फंस गए और बचाव अभियान में बाधा आ गई।



■ यह जानकर राहत और खुशी महसूस हो रही है कि सभी श्रमिकों को बचा लिया गया है।
**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू**



■ हमारे श्रमिक भाइयों को बचाने के लिए चलाए गए अभियान की सफलता भावुक कर देने वाली है।
**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**



■ यह बहुत अच्छी खबर है कि हमारे सभी 41 श्रमिक भाइयों को सुरक्षित निकाल लिया गया।
**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह**



■ श्रमिक भाइयों की प्राण रक्षा में अपना अमूल्य योगदान देने वाले हर व्यक्ति का धन्यवाद।
**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

## PUBLIC NOTICE

This is to inform our readers as well as the general public that our newspaper 'The Pioneer' (English and Hindi editions) is presently published only from Delhi, Lucknow, Bhopal, Bhubaneswar, Ranchi, Raipur, Chandigarh, Dehradun, Hyderabad, and Vijayawada. The official website is www.dailypioneer.com, and the social media accounts are: @TheDailyPioneer on X (formerly Twitter), facebook.com/dailypioneer, instagram.com/dailypioneer.

Our company does not publish any newspaper either 'online' or in the 'physical form' from any other States, except as mentioned above. If any person comes to know about 'The Pioneer' publication from the any other State including Rajasthan, please intimate at the following given details with the complete copy / details of such publication with or without the details of entity or person(s) engaged in such publication. Further, any person found in the illegal publication of newspaper in any mode the name of 'The Pioneer' shall be prosecuted in law.

Further it is being clarified that CMYK Printech Limited is not carrying on operations through any other entity.

**Name:** Ms Shobori Ganguli
**Designation:** Printer, Publisher and Editor-in-Chief
**Company:** CMYK Printech Limited
**Email:** shobori@gmail.com
**Telephone:** 011-40110455, 0120-4879900, 9871379898

# तेलंगाना में चुनाव प्रचार समाप्त, कल मतदान



गजवेल में एक चुनावी सभा में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/हैदराबाद

● राज्य में 3.26 करोड़ पात्र मतदाता, 2.5 लाख से अधिक कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में तैनात होंगा

**तेलंगाना** विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम पांच बजे थम गया और अब 30 नवंबर को राज्य में मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, शाम पांच बजे चुनाव प्रचार अभियान थम गया है। भारत के निर्वाचन आयोग ने विभिन्न पाबंदियां लगा दी हैं।

निर्वाचन आयोग ने नौ अक्टूबर को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की थी, जिसके बाद राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। राज्य में 3.26 करोड़ पात्र मतदाता हैं। राज ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के लिए 2.5 लाख से अधिक कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में तैनात होंगे। सीईओ के अनुसार, पूरे राज्य में दंड प्रकिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखने की कोशिश में है जबकि कांग्रेस सत्ता में वापसी के लिए जी जान लगा रही है और भाजपा ने भी सत्ता में आने की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आगामी चुनाव में बीआरएस प्रमुख और राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, उनके पुत्र केटी रामा राव, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी और भाजपा के लोकसभा सदस्य बंदी संजय कुमार, डी. अरविंद और सोयम बापूराव समेत 2,290 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। केसीआर कामारेड्डी और गजवेल से अपनी किस्मत आजमाएंगे, वहीं रेवंत रेड्डी कोडंगल और कामारेड्डी से चुनाव लड़ेंगे।

# उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग नियमावली 2023 पर सहमति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कैबिनेट**

● नायब तहसीलदार सेवा नियमावली को मिली मंजूरी



**विधानसभा** का अनुपूरक बजट पेश करने से पहले मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लग गई। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग नियमावली 2023 को प्रख्यापित किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद ने इसमें यथावश्यकता किसी भी परिवर्तन/परिवर्धन हेतु मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है।

प्रदेश में उच्च से लेकर बेसिक शिक्षा, अनुदेशकों व सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक कॉलेजों में शिक्षकों के चयन के लिए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का गठन किया गया है। कैबिनेट ने मंगलवार को आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों, सचिव, परीक्षा नियंत्रक आदि के चयन आदि के लिए तैयार नियमावली पर सहमति दे दी है। इससे आयोग के संचालन की कार्यवाही आगे बढ़ सकेगी। इससे आयोग के संचालन की कार्यवाही आगे बढ़ सकेगी। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का चयन एक सर्च कमेटी द्वारा किया जाएगा, जिसके अध्यक्ष मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन होंगे। सर्च कमेटी की संस्तुति के अनुसार अध्यक्ष/सदस्य पद पर चयन नियुक्ति हेतु चयन नियुक्ति हेतु सूचीबद्ध किये गये अभ्यर्थियों की सूची मुख्यमंत्री के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की जायेगी। इसके साथ ही कैबिनेट में राजस्व कार्यपालक नायब तहसीलदार सेवा नियमावली को मंजूरी दे दी है। यूपी सरकार ने राजस्व निरीक्षक से नायब तहसीलदार के पदों पर पदोन्नति में आने वाली बाधा को दूर कर दिया है। नायब तहसीलदार के पदों पर अब वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति होगी। इससे सालों से पदोन्नति के इंतजार में बैठे राजस्व निरीक्षक संवर्ग में आए अधिकारियों को बड़ी राहत मिली है। इसके साथ ही मंत्रिपरिषद ने शहरों में कम जमीन पर स्कूल व अस्पताल खोलने का रास्ता साफ कर दिया है। प्रभावी भवन निर्माण एवं विकास उपविधि में संशोधन से बदलते परिवेश की मांग के अनुरूप भवन निर्माण तथा भूखण्डीय विकास अपेक्षित मानकों का भवन निर्माण एवं विकास उपविधि में समावेश करते हुए उपविधि में संशोधन किये जाने से भवनोंध्भूखण्डों के मानचित्रों की स्वीकृति की प्रक्रिया सरल एवं सुगम होगी तथा जनसामान्य की सुविधाओं तथा सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। शहरी क्षेत्रों में गुणवत्ता पूर्ण आवासीय इकाइयों की उपलब्धता बढ़ेगी। मंत्रिपरिषद ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के विन्ध्य/बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनपद बांदा की 01, जनपद सोनभद्र की 01 तथा जनपद मीरजापुर की 03 कुल 05 निर्माणाधीन पाइप लाइन पेयजल योजनाओं की पुनरीक्षित लागत को अनुमोदित कर दिया है। मंत्रिपरिषद ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद ललितपुर की 'मऊ ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना' के क्रियान्वयन के लिए जल शोधन संयंत्र हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा नमामिगंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को उपलब्ध करायी गयी निःशुल्क भूमि के गाटा संख्या में परिवर्तन के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

इसके साथ ही कैबिनेट ने वेदर इन्फॉर्मेशन नेटवर्क डाटा सिस्टम के अन्तर्गत प्रदेश के विकास खण्डों एवं ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन तथा ऑटोमेटिक रेन गेज स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव स्वीकृत कर दिया है। जिला चिकित्सालय सीतापुर के नए भवन के निर्माण हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पक्ष में निःशुल्क आवंटित/हस्तान्तरित करने का प्रस्ताव पास किया गया। इसके अलावा ऐशबाग ईदगाह के सामने मौजा भदेवां लखनऊ स्थित नजूल भूमि जिसे डॉ. अम्बेडकर सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना के लिए संस्कृति विभाग को आवंटित करने का प्रस्ताव पास किया गया।

# सपा विधायकों ने काले कपड़े पहनकर जताया विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** के शीतकालीन सत्र में पहले दिन मंगलवार को राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के ज्यादातर सदस्य काले कपड़े पहनकर आये। हाल ही में उप चुनाव में मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान को पराजित कर चुनाव जीतने वाले सपा के सुधाकर सिंह गुलाबी गमछा पहनकर आये थे। उन्होंने कहा कि काले कपड़े पहनने के बारे में जानकारी नहीं थी, लेकिन यह गमछा विजय और राजपूती आन का प्रतीक है। मंगलवार को सत्र के पहले दिन सदन में सदस्य मोबाइल फोन लेकर नहीं गए और न ही किसी के हाथ में झंडे बैनर दिखे। भदोही से समाजवादी पार्टी के सदस्य जाहिद अपने कुर्ते पर सरकार विरोधी नारे लिखे पन्ने चिपकाकर आये थे। उन्होंने पत्रकारों से कहा विरोध का हमारा यह एक तरीका है। जाहिद साइकिल से विधानसभा आये थे। इसके पहले जब सदन में दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जा रही थीए तभी तेजी से घंटी बजी। सीतापुर जिले के महोली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा सदस्य शशांक त्रिवेदी ने खड़े होकर बताया कि उनके टैबलेट से आवाज आ रही है। सदन में सभी सदस्यों के टेबल पर टैबलट लगा है। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव कार्यवाही स्थगित होने के बाद करीब 10 मिनट तक अपने चाचा शिवपाल यादव के साथ पार्टी के सदस्यों से चर्चा करते नजर आए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सदन से बाहर पत्रकारों से कहा कि सदस्यों ने सरकार के विरोध में काले कपड़े पहने और इसके जरिये नई नियमावली का भी विरोध किया जा रहा है। सदन में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव सफेद कुर्ता पायजामा व काली सदरी पहने हुए थे, लेकिन अधिकतर सपा सदस्य ऊपर से नीचे तक काले कपड़ों में नजर आये। सदन से बाहर अखिलेश यादव ने पत्रकारों से कहा कि यह सरकार का और नई नियमावली का विरोध है क्योंकि ये सरकार लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं।

## क्विक न्यूज

### सरकारी अनुदान घोटाले में पूर्व आईएएस गिरफ्तार

**दाहोद।** गुजरात कैडर के एक पूर्व आईएएस अधिकारी को दाहोद जिले में एक घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है, जिसमें ठगों ने सिंचाई-संबंधित परियोजनाएं लागू करने के लिए फर्जी कार्यालयों के माध्यम से कथित रूप से 18.59 करोड़ रुपए का सरकारी अनुदान हासिल कर लिया था। यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब छोटा उदयपुर जिले में करीब एक महीने पहले इसी तरह का एक घोटाला सामने आया था। उसमें सिंचाई परियोजनाओं के लिए अधिशाषी अभियंता का एक फर्जी कार्यालय स्थापित करके सरकारी अनुदान में 4.16 करोड़ रुपए का हेरफेर किया गया था। पुलिस अधीक्षक राजदीपसिंह जाला ने कहा, फरवरी में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले पूर्व आईएएस अधिकारी बी डी निनामा को सोमवार को दाहोद जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया। उनपर आरोप है कि जब वह 2019 और 2022 के बीच दाहोद जिले लिए राज्य सरकार की जनजातीय क्षेत्र उप योजना केपरियोजना प्रशासक थे तब उन्होंने घोटाले को अंजाम देने में अन्य आरोपियों की मदद की थी।

# भारत में बढ़ा अंडे और मांस का उत्पादन

● पिछले वर्ष की तुलना में अंडे का उत्पादन 6.77 प्रतिशत अधिक है, साथ ही मांस उत्पादन में भी 5.62 फीसदी बढ़त

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



**मत्स्य** पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की सर्वेक्षण रिपोर्ट में देश में दूध, अंडे और मांस उत्पादन में वृद्धि देखी गई है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश में कुल दूध उत्पादन 230.58 मिलियन टन होने का अनुमान है, जो 2021-22 के अनुमान से 3.83 प्रतिशत अधिक है।

अंडे का उत्पादन 138.38 बिलियन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.77 प्रतिशत अधिक है और मांस उत्पादन 9.77 मिलियन टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.62 प्रतिशत अधिक है। सर्वेक्षण रिपोर्ट एकीकृत नमूना सर्वेक्षण (आईएसएस) के परिणामों पर आधारित है जो देश भर में तीन मौसमों- गर्मी (मार्च-जून), बरसात (जुलाई-अक्टूबर) और सर्दी (नवंबर-फरवरी) में आयोजित किया जाता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, 2022-23 के दौरान देश में कुल दूध उत्पादन 230.58 मिलियन टन होने का अनुमान है, जिसमें पिछले 5 वर्षों में 22.81 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो 2018-19 में 187.75 मिलियन टन था। इसके अलावा, 2021-22 के अनुमान से 2022-23 के दौरान उत्पादन 3.83 फीसदी बढ़ गया है। पूर्व में 2018-19 में वार्षिक वृद्धि दर 6.47 प्रतिशत थी। 2019-20 में 5.69 प्रतिशत; 2020-21 में 5.81 प्रतिशत और 2021-22 में 5.77 प्रतिशत।

पिछले वर्ष की तुलना में विदेशी/संकर नस्ल के मवेशियों से दूध उत्पादन 6.16 फीसदी और देशी या गैर-वर्णित मवेशियों से 6.13 प्रतिशत बढ़ गया है। भैंसों से दूध उत्पादन में भी 2021 की तुलना में 4.44 प्रतिशत की वृद्धि हुई और कुल उत्पादन में देशी भैंसों का योगदान 31.58 प्रतिशत रहा, इसके बाद संकर मवेशियों का योगदान 29.91 प्रतिशत रहा। 2022-23 के दौरान सबसे अधिक दूध उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश था, जिसकी कुल दूध उत्पादन में हिस्सेदारी 15.7२ प्रतिशत थी, इसके बाद राजस्थान (14.44 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (8.73 प्रतिशत), गुजरात (7.49 प्रतिशत), और आंध्र प्रदेश (6.70 प्रतिशत) थे।

वार्षिक वृद्धि दर (एजीआर) के संदर्भ में, पिछले वर्ष की तुलना में सबसे अधिक एजीआर कर्नाटक (8.76 प्रतिशत) में दर्ज किया गया, इसके बाद पश्चिम बंगाल (8.65 प्रतिशत) और उत्तर प्रदेश (6.99 प्रतिशत) का स्थान रहा। देश में कुल अंडा उत्पादन 138.38 अरब अनुमानित है। 2018-19 के दौरान 103.80 बिलियन संख्याओं के अनुमान की तुलना में 2022-23 के दौरान पिछले 5 वर्षों में 33.31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# गाजा में युद्ध विराम की अवधि बढ़ी

**एजेंसी।** तेल अवीव

● इजराइल पर नागरिकों को नुकसान नहीं पहुंचाने का दबाव, पांचवें दिन में प्रवेश किया संघर्ष विराम

**इजराइल** और हमास के बीच संघर्ष विराम मंगलवार को पांचवें दिन में प्रवेश कर गया। एक ओर जहां चरमपंथी समूह हमास ने युद्ध की अपेक्षित बहाली टालने के लिए कुछ और बंधकों को रिहा करने का वादा किया है, वहीं फिर से हमला शुरू करने की स्थिति में इजराइल पर फलस्तीनी नागरिकों को नुकसान न पहुंचाने का दबाव बढ़ रहा है।

हमास द्वारा बंधक बनाकर रखे गए लोगों और इजराइल की जेलों में बंद फलस्तीनी कैदियों की अदला-बदली के दो और दौर के वादे के साथ दोनों पक्ष युद्ध विराम समझौते की अवधि को बुधवार तक बढ़ाने पर सहमत हुए। लेकिन इजराइल ने कहा कि सभी बंधकों की रिहाई के बाद वह हमास को नष्ट करने के लिए पूरी ताकत के साथ युद्ध बहाल करेगा। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, बाइडन प्रशासन ने इजराइल से कहा है कि यदि वह फिर से हमले शुरू करता है तो उसे फलस्तीनी नागरिकों के 'महत्वपूर्ण विस्थापन' और इन्हें बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए तथा और उसे (इजराइल को) उत्तरी गाजा की तुलना में दक्षिणी क्षेत्र में अधिक सटीकता के साथ काम करना चाहिए। अधिकारियों ने व्हाइट हाउस द्वारा निर्धारित अंदरूनी नियमों के तहत नाम न छापने की शर्त पर यह बात की। एक राजनयिक ने बातचीत की संवेदनशीलता के कारण नाम न छापने की शर्त पर कहा कि सीआईए निदेशक विलियम बर्न्स और इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया युद्ध विराम को बढ़ाने तथा अधिक बंधकों की रिहाई पर चर्चा के लिए कतर में थे। कतर हमास के साथ इजराइल की बातचीत में एक प्रमुख मध्यस्थ है। एक अमेरिकी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बर्न्स के कतर में होने की पुष्टि की, क्योंकि सुरक्षा कारणों से सीआईए निदेशक की यात्रा योजनाओं को प्रचारित/प्रसारित नहीं किया गया है।

गाजा में युद्ध विराम समझौते की अवधि दो दिन बढ़ाए जाने के बाद इसमें और विस्तार की उम्मीदें पैदा होने के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इस सप्ताह पश्चिम एशिया का पुनः दौरा करेंगे। इजराइल और हमास के बीच पिछले महीने युद्धशुरू होने के बाद से यह ब्लिंकन का क्षेत्र का तीसरा दौरा होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने सोमवार को एक बयान जारी कर दीर्घकालिक युद्ध विराम और सभी बंधकों की रिहाई की अपील दोहराई। हमास और अन्य चरमपंथियों के कब्जे में अब भी करीब 160 बंधक होने का अनुमान है।

# मुख्यमंत्री ने टंडन के निधन को प्रदेश की राजनीति के लिए अपूर्णीय क्षति बताया

● शीतकालीन सत्र के प्रथम दिन आशुतोष टंडन समेत दिवंगत नौ पूर्व सदस्यों को दी गई श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**शीतकालीन** सत्र के पहले दिन विधानसभा के वर्तमान सदस्य रहे आशुतोष टंडन गोपाल सहित दिवंगत नौ पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की कार्यवाही कल 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन को वर्तमान विधानसभा के सदस्य आशुतोष टंडन के निधन की सूचना दी। उन्होंने कहा कि सदन के वरिष्ठ सदस्य आशुतोष टंडन का 9 नवंबर को निधन हो गया है। उन्होंने अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा से शुरू की थी। उन्होने अपने पिता लाल जी टंडन की राजनीतिक विरासत को अक्षुण्य रखा। आशुतोष टंडन पहली बार विधानसभा के 2014 में लखनऊ पूर्व से उपचुनाव में निर्वाचित हुए थे उसके बाद वे 2017 और 2022 में इसी निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। वर्तमान में विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के सदस्य थे। 2017 में निर्वाचित होने के बाद वे पिछली सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। नगर विकास, प्राविधिक शिक्षा और चिकित्सा शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री रहे श्री टंडन ने अपने दायित्वों का कुशलता से निर्वहन किया। वे राजनीति के साथ सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों में खासे सक्रिय रहते थे। नगर विकास मंत्री रहते हुए उन्होंने अपने कार्यकाल में कुंभ का सफल आयोजन किया। नेता सदन योगी ने टंडन के निधन को प्रदेश की राजनीति के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि वे अपने व्यवहार से क्षेत्र में खासे लोकप्रिय थे। इस मौके पर उन्होंने सदन के पूर्व नौ दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी।नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने भी भाजपा के वरिष्ठ नेता आशुतोष टंडन के निधन पर अपने शोकोद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि उनमें अपने पिता लालजी टंडन की छवि दिखती थी। वे अपने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहते थे। इस मौके पर उन्होंने पूर्व नौ सदस्यों के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की प्रदेश में कैंसर जैसी बीमारी के उपचार के लिए बेहतर से बेहतर सुविधाएं बढाए जाने की मांग की।

अपनादल एस के विधानमंडल दल के नेता रामनिवास वर्मा ने सदन के वरिष्ठ सदस्य आशुतोष टंडन के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया कहा कि उनके निधन से इस सदन को ही नहीं प्रदेश की राजनीति को अपूर्णीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई मुश्किल है। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल विधानमंडल दल के नेता अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आशुतोष टंडन में अपने पिता लाल जी टंडन की समृद्व विरासत को आगे बढाया। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि मंत्री रहते हुए वे विपक्ष के सदस्यों के सवालों का जवाब बडी शालीनता से देते थे वे कभी भी उत्तेजित नहीं होते थे। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के विनोद सरोज तथा बसपा विधानमंडल दल के नेता उमाशंकर सिंह ने दलीय नेताओं द्वारा आशुतोष टंडन सहित पूर्व नौ दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी।



शीतकालीन सत्र में भाग लेने जाते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना

# सदन में स्वस्थ चर्चा के लिए हम पूरी तरह से तैयार, हर सवाल का देंगे जवाबः योगी

● शीतकालीन सत्र से पहले सीएम योगी ने विपक्षी दलों से की अपील, सदन की गरिमा बनाए रखने में दें अपना योगदान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के समग्र विकास, लोककल्याण, जनहित से जुड़े मुद्दे एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए हम विधानमंडल की कार्यवाही में चर्चा-परिचर्चा के लिए तैयार हैं। इसके लिए सभी दलों के सदस्यों से सार्थक चर्चा के लिए आह्वान किया गया है। साथ ही सरकार सभी दलों के सदस्यों के उनके सवालों के जवाब देने के लिए पूरी तरह से तत्पर है। सरकार डेवलपमेंट एवं उत्तर प्रदेश से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह से तैयार है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानभवन के गेट नं. 8 के पोर्टिको पर विधानसभा के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले मीडिया से बातचीत के दौरान कहीं। इस दौरान संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह समेत कई मंत्री मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि सदन आम जनमानस से जुड़ी समस्याओं को रखने एवं इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का महत्वपूर्ण मंच है। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी सदस्य आम जनमानस की भावनाओं को ध्यान में रख करके सदन को स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा का केंद्र बनाएंगे। साथ ही सार्थक चर्चा के माध्यम से विधायिका को और पुष्ट करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि इस सत्र में अनुपूरक बजट के साथ विधायिका के लंबित कार्य पूरे होंगे। पिछले साढ़े छह वर्षों में विधान मंडल ने गरिमापूर्ण तरीके से संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली को पुष्ट करते हुए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा-परिचर्चा को आगे बढ़ाने में नई सफलता प्राप्त की है, जो लोकतंत्र की सच्ची भावनाओं के प्रतिनिधित्व को दर्शाता है। यह लोगों के बीच कौतुहल और आश्चर्य का विषय बना हुआ है। मेरी विशेष रूप से विपक्षी दलों के सदस्यों से अपील है कि पूरे देश के अंदर सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चल रही परिचर्चा को बनाए रखने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भी है। ऐसे में हम सदन की गरिमा को बनाए रखने में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार जनहित, डेवलपमेंट, लोककल्याण एवं प्रदेश से जुड़े अन्य सभी मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा को तैयार है। विपक्ष के हर प्रश्न का जवाब देने के लिए सरकार तैयार है। हम पूरी तैयारी के साथ सदन में मौजूद रहेंगे।

# विपक्ष की आवाज दबाने के लिए बनाए जा रहे नए-नए कायदे कानूनः अखिलेश

## जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करेगीः सपा प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार न तो विपक्ष का सामना करना चाहती है और नहीं चाहती है कि विपक्ष जनता के सवालों को उठाए। विपक्ष की आवाज दबाने के लिए नए-नए कायदे कानून बनाए जा रहे हैं। यह तानाशाही रवैये का परिचायक है।

अखिलेश यादव ने यह बात मंगलवार को विधान भवन परिसर में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। अखिलेश ने कहा कि सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में परेशान जनता भाजपा को सत्ता से बाहर अवश्य करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का



इरादा लोकतंत्र को कमजोर करने का है। विधानसभा का सत्र बहुत कम दिनों का आहूत होता है। सदन में चर्चा होगी तभी तो विकास होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में सब तरफ बर्बादी है। अस्पताल जर्जर है। चिकित्सा सेवा पूरी तरह से बर्बाद है। पढ़ाई-चौपट है। प्राइमरी स्कूलों में कोई एडमीशन लेने नहीं आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को जो काम मिलना चाहिएए नहीं मिल रहा है। गन्ना के रेट नहीं बढ़ रहे हैं, धान नहीं खरीदा जा रहा है।

अखिलेश अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने पूंजीनिवेश के बड़े-बड़े दावे किए लेकिन जमीन पर कहीं कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा है। न उद्योग लगे न रोजगार मिला। सड़कों को गड्ढ़ामुक्त करने के नाम पर बजट तो लुट गया पर गड्ढे नहीं भरे गए। सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि देश के बहुत सारे दल जातीय जनगणना के पक्ष में खुलकर सामने आ रहे हैं। सबको बराबर का हक और सम्मान मिले इसके लिए आरक्षण आवश्यक है। लेकिन भाजपा निजीकरण को बढ़ाकर आरक्षण समाप्त करने की साजिश कर रही है। आरक्षण के नियमों के तहत जिन बच्चों को नौकरी मिलनी चाहिए उनको नहीं मिली। 69 हजार शिक्षक भर्ती में अनियमितता के चलते शिक्षक अभ्यर्थी आंदोलित है।

# गड्ढामुक्ति अभियान चलाकर प्रदेश में 77 हजार सड़कों को किया गया दुरुस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ


**उत्तर** प्रदेश की रोड्स को गड्ढामुक्त करने के लिए योगी सरकार ने सतत अभियान चलाकर 2023-24 में अब तक 77 हजार से ज्यादा रोड्स को गड्ढामुक्त कर दिया है। अभियान के तहत गड्ढामुक्ति अभियान के साथ ही रोड्स का नवीनीकरण//रेस्टोरेशन भी किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश एवं अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त रोड्स को गड्ढामुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये थे। साथ ही उनकी ओर से आला अधिकारियों को जरूरत के अनुसार सड़कों का नवीनीकरण/रेस्टोरेशन का भी आदेश दिया गया था। इसके लिए 10 विभागों को आपसी समन्वय से गड्ढामुक्ति अभियान चलाने को कहा गया था। इसी क्रम में विभिन्न विभागों ने मिलकर इस कार्य को अंजाम दिया है। प्रदेश सरकार ने 2023-24 के लिए 83283 हजार रोड्स को गड्ढामुक्त एवं नवीनीकरण/ रेस्टोरेशन किए जाने का लक्ष्य रखा है। इसमें 49557 रोड्स को गड्ढामुक्त और 33727 रोड्स का नवीनीकरण/ रेस्टोरेशन शामिल है। ऐसे में 83283 रोड्स के लक्ष्य के सापेक्ष सरकार ने 17 नवंबर तक कुल 77489 रोड्स को दुरुस्त कर लिया है। इसमें 48979 हजार रोड्स को गड्ढामुक्त करने में सफलता पाई गई जबकि 28510 रोड्स का नवीनीकरण/रेस्टोरेशन किया गया। इस तरह से गड्ढामुक्ति के कार्यों की प्रगति 98.8 प्रतिशत तो नवीनीकरण/रेस्टोरेशन से संबंधित कार्यों की प्रगति 84.5 प्रतिशत रही है। विभागीय स्तर पर की गई कार्यवाही को देखें तो लोक निर्माण विभाग ने सर्वाधिक करीब 69983 हजार रोड्स को दुरुस्त किया है। इनमें केवल गड्ढामुक्ति द्वारा करीब 44045 हजार (लक्ष्य का करीब 99.2 प्रतिशत) तो नवीनीकरण/ रेस्टोरेशन द्वारा करीब 25983 हजार (लक्ष्य का 90.9 प्रतिशत) रोड्स का कायाकल्प किया गया।

## विद्युत विभाग का ओटीएस अभियान

# 12.28 लाख पंजीकरण के साथ एक हजार करोड़ का हुआ राजस्व संग्रह

● प्रथम चरण के दौरान अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट पाने में अंतिम 2 दिन शेष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बिजली** उपभोक्ताओं को बिलम्बित भुगतान अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने के लिए शुरू की गयी एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को पहले चरण में ही अपार सफ्लता हासिल हुई है। ऊर्जा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर बताया कि 27 नवम्बर 2023 की शाम 7.30 बजे तक योजना के प्रथम चरण में ही अब तक 12.28 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है। वहीं एक हज़ार करोड़ रुपये से ज्यादा का राजस्व प्राप्त हो चुका हैं। बिलम्बित भुगतान अधिभार (सरचार्ज) में 100 प्रतिशत की छूट पाने के लिए अन्तिम 02 दिन शेष बचे हैं। मंत्री शर्मा ने योजना के तहत अत्यधिक लाभ लेने के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे ष्जल्दी आयेंए ज्यादा लाभ पाएँष् की श्रेणी में योजना के प्रथम चरण में ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण कराएं। उन्होंने कहा कि हमारे विद्युत कर्मी अपने कार्यालय के उपरांत भी जगह.जगह कैम्प लगाकर लोगों की सहायता कर रहे हैं। फिर भी किसी उपभोक्ता को कोई समस्या हो, तो स्थानीय विद्युत कार्यालय या टोल फ्री नंबर 1912 पर सूचित करें।

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को दिवाली पर एक बड़ा तोहफा ओटीएस के रूप में दियाए जो कि ऐतिहासिक रूप से सफलता की उड़ान भरता नज़र आ रहा है। योजना का प्रथम चरणए जोकि 08 नवम्बर से 30 नवम्बरए 2023 तक निर्धारित हैए उसके शुरुआती 20 दिनों में ही 12.28 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है, वहीं इस दौरान एक हज़ार करोड़ से ज्यादा का राजस्व संग्रह भी हुआ है। प्रतिदिन 01 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने योजनान्तर्गत लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराया है और इससे 97.14 करोड़ रुपए का राजस्व भी प्राप्त हुआ है। मंत्री ने इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के साथ ही ईमानदारी से कार्य कर रहे विद्युत कर्मियों को भी दिया है। उन्होंने कहा है कि योजना का प्रथम चरण जो कि 30 नवम्बर 2023 तक रहेगाए इसके लिए अब अंतिम 02 दिन शेष है। इस अवधि में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ता पंजीकरण कराकर 100 प्रतिशत अधिभार में छूट पायें और बकाया भुगतान कर वर्षों से चढ़ें बोझ से मुक्ति पायें। यदि कोई परेशानी आती है तो 1912 पर भी संपर्क कर सकते हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं के हितों को सर्वोपरि रखते हुए छूट की एक बेहतर योजना लाई है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि इस योजना का शीघ्र लाभ लेकर अपना बकाया जमा कर दें।

# बैकों के माध्यम से भी जमा होंगे बिजली बिल

● करोड़ो विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कारपोरेशन कर रहा प्रयास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के करोड़ो विद्युत उपभोक्ता बैंकों के माध्यम से बहुत शीघ्र अपना विद्युत बिल आसानी से जमा कर सकेंगें। इसके अतिरिक्त प्रदेश की अनेक बड़ी कम्पनियां जिसमें राना पे, बीएलएस इन्टरनेशनल, सहज, वयमटेक तथा सरल के द्वारा भी बिल कलेक्शन एवं जमा करने की सुविधा मिलेगी। उपभोक्ताओं को विद्युत बिल जमा करने में कोई परेशानी न हो वे आसानी से बैंकों के द्वारा अपना विद्युत बिल जमा कर सकें इसके लिये उप्र पावर कारपोरेशन प्रयासरत है। बहुत शीघ्र यह व्यवस्था प्रारम्भ हो जायेगी। प्रमुख बैंको एवं कम्पनियों के अधिकारियों के साथ आज शक्ति भवन में उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल के साथ बैठक हुई। जिसमें अध्यक्ष ने कहाकि मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री की मंशा के अनुरूप कारपोरेशन प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक सुविघा देना चाहता है। इसी क्रम में उपभोक्ता आसानी से अपना विद्युत बिल बिना लाइन लगाए जमा कर सके बैंकों और अन्य कम्पनियों के माध्यम से यह सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। आज बैठक में स्टेट बैंक ऑफइण्डिया, पीएनबी यूनियन बैंक, इण्डिन बैंक तथा एक्सिस बैंक तथा कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। पावर कारपोरेशन ने उपभोक्ताओं को अभी तक बिल जमा करने की अनेक माध्यमों से सुविधा दे रखी है। जिसमें उपभोक्ता, विभागीय कैश काउन्टर, जन सुविधा केन्द्र, मीटर रीडर, सस्ते गल्ले की सरकारी दुकान, पैक्स, विद्युत सखी-यूपीएसआरएलएम वेब साइट पर इन्टरनेट बैंकिंग क्रेडिट डेबिट कार्ड तथा मोबाइल एप यूपीपीसीएल कन्ज्यूमर्स के माध्यम आदि शामिल है। अध्यक्ष का कहना है कि हमारा प्रयास है कि उपभोक्ता को सही रीडिंग का बिल मिले और वह आसानी से घर बैठे अपनी सुविधानुसार ऑन लाइन, बैंकों या विभिन्न काउन्टरों पर जाकर अपना बिजली बिल जमाकर सके।

# खेलों के नए डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा यूपी

● बड़ी प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए प्रदेश को मिल रही प्राथमिकता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने सूबे में खेल गतिविधियों के साथ ही खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार करने में जो तेजी दिखाई है, उसका नतीजा ये हुआ है कि उत्तर प्रदेश खेलों के नए डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा है। बड़े-बड़े आयोजनों की मेजबानी का अवसर उत्तर प्रदेश को मिल रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सैयद मोदी नेशनल इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 का शुभारंभ किया है। यदि इस वर्ष की बात करें तो खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, एशियन यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप, कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग, डेविस कप, मोटो जीपी और क्रिकेट वर्ल्ड कप जैसे मुकाबलों का यहां आयोजन हो चुका है। बड़ी संख्या में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार की सेवाओं में अवसर मिल रहा है। खेल गतिविधियों और खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में हो रही वृद्धि के चलते प्रदेश के खिलाड़ियों का भी हौसला आसमान छू रहा है। योगी सरकार ने विगत साढ़े 6 वर्ष में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में जो बदलाव किया है, उसका असर दिखने लगा है। इसका लाभ न सिर्फ प्रदेश के खिलाड़ियों को मिल रहा है बल्कि विभिन्न खेलों के अयोजन के लिए उत्तर प्रदेश को प्राथमिकता मिल रही है। इस वर्ष ही उत्तर प्रदेश ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन किया, जिसमें देश भर की यूनिवर्सिटीज के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी व नोएडा समेत दिल्ली में भी इसके मुकाबले खेले गए। इसी तरह लखनऊ में डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप 2 का आयोजन किया गया, जिसमें भारत और मोरक्को के बीच मुकाबला खेला गया। हाल ही में मोटो जीपी का सफल आयोजन करके उत्तर प्रदेश ने पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया। इस आयोजन से खुश आयोजकों ने 2024 में भी मोटो जीपी कराने की मंशा जताई है। खेलो इंडिया और मोटो जीपी भारत के बाद यूपी ने अक्टूबर में नोएडा के इंडोर स्टेडियम में नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप को होस्ट किया, जिसमें देश भर के 5 हजार से अधिक एथलीट्स ने हिस्सा लिया। इसके अलावा अयोध्या में अभी सीनियर नेशनल आर्चरी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के शीर्ष तीरंदाज अयोध्या में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। अगले वर्ष वाराणसी में फॉर्मूला वन एच20 (एफ1 एच 20) वर्ल्ड चैंपियनशिप पावरबोट रेसिंग का भी आयोजन प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश के अंदर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बेहतरीन प्रयास प्रारंभ हुए हैं, जिसने प्रदेश को इस मामले में अग्रणी राज्य बना दिया है। खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान बनाने, हर ग्राम पंचायत में युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करवाने, सभी जनपदों में खेल के स्टेडियम, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम पर कार्य किया गया है।

# 2014 के बाद देश में खेल गतिविधियों ने पकड़ी रफ्तारः मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप-2023 का किया शुभारंभ

● कहा, देश की 16 प्रतिशत आबादी वाले उत्तर प्रदेश ने एशियन गेम्स में जीते 25 प्रतिशत मेडल्स

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों की गतिविधियों ने एक नई तेजी पकड़ी है। स्वाभाविक रूप से देश के अंदर खेलों की गतिविधियां आगे बढ़ेंगी तो प्रदेश उससे खुद को कैसे अलग कर सकता है। एशियन गेम्स में ये चमत्कार हम सबने देखा है। देश की 16 प्रतिशत आबादी उत्तर प्रदेश में निवास करती है लेकिन जब मेडल्स की बात आती है तो एशियन गेम्स में 25 प्रतिशत मेडल्स उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते हैं। वर्ल्ड चैंपियनशिप की यह बैडमिंटन प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए भी एक मंच प्रदान कर रही है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 का शुभारंभ करते हुए कहीं। शीतकालीन सत्र के बीच में प्रतियोगिता के उद्घाटन के लिए पहुंचे सीएम योगी ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करने के साथ ही बैडमिंटन खेलकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके समक्ष विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत समेत उत्तर प्रदेश में खेल गतिविधियों में आई तेजी का जिक्र करते हुए कहा कि हम सब जानते हैं कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर नए भारत में खेलकूद की गतिविधियों ने एक नई गति पकड़ी है। खेलो इंडिया खेलो के अभियान को गति देने के बाद फिट इंडिया मूवमेंट होए ग्रामीण स्तर पर सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम हो, पूरे देश के अंदर इसके परिणाम हम सबके सामने आए हैं। आज इसी का परिणाम है कि ओलंपिक में हमारे खिलाड़ी पहले की तुलना में कई गुना अधिक पदक प्राप्त करते हैं। अभी हाल ही में एशियन गेम्स में हमने भारत के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखा है। पहली बार एशियन गेम्स में हमारे खिलाड़ियों ने 100 का आंकड़ा पार किया है और पैरा एशियन गेम्स में भी हमारे खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 100 से अधिक पदक देश के लिए जीते हैं। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने भी इसमें उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। वर्ल्ड चैंपियनशिप की यह बैडमिंटन प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए बल्कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए भी एक मंच प्रदान कर रही है। जो भी प्रतिभागी इस पूरे आयोजन के साथ जुड़े हुए हैं उनके प्रति और इस आयोजन के प्रति अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में खिलाड़ियों को हर तरह के सहयोग के प्रति आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद की गतिविधियों के प्रति केंद्र और राज्य का जो सकारात्मक रुख है वो हमारे खिलाड़ियों के लिए एक नया प्लेटफॉर्म भी है और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए सरकार के द्वारा उन्हें हर संभव सहयोग देने के लिए भी उन्हें आश्वस्त करता हूं।

# रजिस्ट्री में विलंब पर बिफरी मंडलायुक्त

## दोषी कर्मी को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नागरिक** सुविधा दिवस में शारदा नगर विस्तार योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटन के बाद रजिस्ट्री में विलंब पर मंडलायुक्त बिफर गईं। मंडलायुक्त द्वारा फाइलें मंगवाकर स्वयं जांच कर दोषी अवर वर्ग सहायक अशोक कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया गया। वहीं, अलीगंज निवासी नरेश चन्द्र द्वारा फ्री-होल्ड के सम्बंध में किये गये आवेदन में कार्यवाही में देरी पर मण्डलायुक्त द्वारा रिपोर्ट तलब की गयी।



मंगलवार को गोमती नगर स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण कार्यालय में मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन हुआ जिसमें मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी व सचिव पवन कुमार गंगवार समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम मौजूद रही। जनसुनवाई में पहुंच गोमती नगर विस्तार निवासी ब्रज भूषण पाल ने बताया कि उन्हें शारदा नगर विस्तार योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित हुआ है, जिसकी समस्त धनराशि व दस्तावेज जमा कराने के बाद भी अभी तक रजिस्ट्री नहीं हुयी है। इस पर मण्डलायुक्त ने मौके पर फ इल मंगाकर स्वयं जांच की और रजिस्ट्री में अनावश्यक विलम्ब करने पर सम्बंधित अवर वर्ग सहायक अशोक कुमार को प्रतिकूल प्रवृष्टि दी। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि रजिस्ट्री के समस्त लंबित प्रकरणों की योजनावार सूची बना ली जाए। 1 दिसम्बर, 2023 से विशेष निबंधन शिविर लगाकर इन सभी प्रकरणों को निस्तारित कर लिया जाए। अलीगंज निवासी नरेश चन्द्र द्वारा फ्री-होल्ड के सम्बंध में किये गये आवेदन में कार्यवाही में देरी पर मण्डलायुक्त ने रिपोर्ट तलब की। कैसरबाग के हेरिटेज जोन में स्थित राजभवन टेलीफोन एक्सचेंज रोड निवासी ऊषा मालवीय समेत अन्य महिलाओं ने प्रार्थना पत्र दिया कि कुछ लोगों द्वारा सड़क किनारे सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके चैम्बर व ऑफिस आदि बना लिये गये हैं। जहां आये दिन अराजक तत्वों का जमावड़ा लगता है, जिससे क्षेत्र की महिलाओं का वहां से गुजरना दूभर हो गया है। इस पर मण्डलायुक्त ने नगर निगम व जिला प्रशासन के अधिकारियों को अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण ध्वस्त करने के निर्देश दिये। इसके अलावा गोमती नगर के विपुलखण्ड-1 स्थित पार्क में गंदगी की शिकायत पर मण्डलायुक्त ने नगर आयुक्त को पार्क की सफ ाई तथा सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिये। सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि आज के नागरिक सुविधा दिवस में कुल 66 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुएए जिनमें से 16 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

# जेंडर रेशियो बढ़ाने के लिए विशेष ध्यान दिया जाएः शुभ्रा सक्सेना

● **चुनाव आयोग की निदेशक ने की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कलेक्ट्रेट** सभागार में मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग के निदेशक शुभ्रा सक्सेना की अध्यक्षता में निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक की। बैठक में अवर सचिव भारत निर्वाचन आयोग रितेश सिंह, जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने भी प्रतिभाग किया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निदेशक और अवर सचिव को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। निदेशक द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों से उनका परिचय लेते हुए बैठक की शुरुआत की। बैठक में निदेशक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद लखनऊ की विधानसभा 171 लखनऊ पश्चिम, 172 लखनऊ उत्तर और 174 लखनऊ मध्य की समीक्षा और अभिलेखों का निरीक्षण किया जाना है। उन्होंने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत जो पुनरीक्षण अभियान चल रहा है, आज उसकी समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निदेशक को बताया कि जिले लखनऊ में कुल 9 विधानसभाएं है। जिसमे कुल 3766 पोलिंग स्टेशन बनाए गए है। जिसमें से नगरीय क्षेत्रों में 2702 और ग्रामीण क्षेत्रों में 1064 पोलिंग स्टेशन है। साथ ही 25 नवंबर तक कुल 3886813 मतदाता है। जिनमें 2065341 पुरुष मतदाता, 1821287 महिला मतदाता और 185 थर्ड जेंडर मतदाता है। साथ ही जनपद का जेंडर रेशियो 879 और ई पी रेशियो 69.06 है। निदेशक ने जेंडर रेशियों और ई पी रेशियो की गहन समीक्षा की। समीक्षा में पाया गया कि स्टेट औसत 906 के सापेक्ष जनपद का जेंडर रेशियो 879 है। जिसके लिए निर्देश दिए गए की सभी ईआरओ को जेंडर रेशियो बढ़ाने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए। समीक्षा में ज्ञात हुआ कि विधानसभा 171 लखनऊ पश्चिम और विधानसभा 172 लखनऊ उत्तर का जेंडर रेशियों सबसे कम है। जिसके लिए दोनों विधानसभा के ईआरओ को विशेष फोकस करते हुए जेंडर रेशियों को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। वहीं, विधानसभा 174 लखनऊ मध्य का ई पी रेशियों सबसे कम पाया गया, जिसके लिए निर्देश दिए गए की और अधिक फोकस करते हुए ई पी रेशियों को बढ़ाया जाए।

### डेडीकेटेड एईआरओ स्कूलों, कालेजों का करें भ्रमण

**निदेशक** ने एज कोहार्ट मतदाताओं से संबंधित बिंदु की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने बताया कि हम एज कोहार्ट वोटरों में जो गैप है उसको खत्म करने के लिए स्कूल, कालेजों और विश्वविद्यालयो में विशेष कैंपों के माध्यम से अभियान चलाया जाए। जिसके संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया की सभी ईआरओ के द्वारा डेडीकेटेड एईआरओ नियुक्त करते हुए स्कूल, कालेजों और विश्वविद्यालयो में विशेष अभियान चलाए जा रहे है। साथ ही वर्तमान में चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय में दो बार बड़े कार्यक्रमों का आयोजन की गया। जिसमें 18-19 साल के नए मतदाताओं के आवेदन कराए गए। जिसके लिए निदेशक द्वारा निर्देश दिए गए की 18-19 और 20-29 वर्ष की आयु वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए स्पेशल कैंपेन चलाया जाए। सभी नियुक्त किए गए डेडीकेटेड एईआरओ स्कूलों, कालेजों का भ्रमण करे और छात्र एवं छात्राओं को जागरूक करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनके नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन कराया जाए।

### अंतिम 10 दिनों में विशेष प्रयास के निर्देश

**निदेशक** ने बताया कि वर्तमान में जो पुनरीक्षण अभियान चल रहा है इसमें अब सिर्फ 10 दिन और शेष रह गए है। इन अंतिम 10 दिनों में विशेष प्रयास करते हुए जो भी गैप है उनको पूरा किया जाए। प्रतिदिन समीक्षा की जाए। प्रतिदिन कितने फार्म भरे जा रहे है उनकी समीक्षा और अधिक गैप वाले बूथों को अलग से चिन्हित करते हुए उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी ईआरओ को निर्देश दिए गए की ऐसे बच्चो पर भी फोकस किया जाए जो है तो लखनऊ के परंतु पढ़ाई के लिए दूसरे प्रदेशों और जनपदों में रह रहे है। ऐसे बच्चो के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए भी विशेष अभियान चलाया जाए। उन से संपर्क करके ऑनलाइन माध्यम से उनको मतदाता बनने के लिए आवेदन कराए जाए।

# बच्चे छह दिन स्कूल नहीं गए तो शिक्षक जाएंगे घर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**परिषदीय** स्कूलों में बच्चों के की उपस्थिति बढ़ाने पर योगी सरकार विशेष जोर दे रही है। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से एक अनोखा कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बेसिक शिक्षा परिषद ने सभी बीएसए को उपस्थिति बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश में कहा गया है कि कि अगर बच्चा चार से छह दिन तक अनुपस्थित रहता है तो घर जाकर शिक्षक अभिभावकों से बातचीत कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें। साथ ही अभिभावकों से मुलाकात में शिक्षक बच्चे की अनुपस्थिति का कारण जानकर उसे दूर करने की दिशा में प्रयास करें।

परिषदीय स्कूलों में अधिक से अधिक पंजीकरण के साथ उनकी उपस्थिति बढ़ाने का प्रयास चल रहा है। इसके बावजूद स्कूलों में प्रतिदिन की औसतन उपस्थिति 60 प्रतिशत ही है। जिसको देखते हुए स्कूल शिक्षा के महानिदेशक और राज्य परियोजना निदेशक विजय किरन आनंद ने यह निर्देश दिये हैं। उनका कहना है कि परिषदीय विद्यालयों में बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के साथ-साथ पाठ्य पुस्तकें, यूनीफार्म, जूता-मोजा, बैग, मिड.डे मील आदि भी निशुल्क दिया जा रहा है। इसके बावजूद प्रतिदिन की उपस्थिति औसतन 60 प्रतिशत ही है। उनका कहना है कि हाल ही में जिलों का सर्वे कराया गया तो शिक्षकों का समय से विद्यालय न पहुंचना, छोटे भाई.बहनों का ध्यान रखने के लिए बच्चों का घर पर रहना, खेती के काम में माता.पिता की मदद करना व घर के अन्य कार्यों में व्यस्त रहना आदि कारण कम उपस्थिति के लिए पाए गए हैं। जिसको देखते हुए शिक्षकों को बच्चों को स्कूल लाने को कहा गया है।

# यूपी पुलिस व राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के बीच हुआ एमओयू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस एवं राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के मध्य पुलिस कार्मिकों के प्रशिक्षण में सहयोग के लिए मंगलवार को एक एमओयू हुआ।

पुलिस मुख्यालय, उत्तर प्रदेश गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ में पुलिस कार्मिकों को प्रशिक्षण में सहयोग के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से पुलिस महानिदेशक विजय कुमार एवं राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के प्रो. वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. कल्पेश एच वांड्रा ने आपसी अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किए।

एमओयू के कार्यान्वयन हेतु राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी की ओर से प्रोफेसर डॉ. कल्पेश एच वांड्रा एवं उप्र पुलिस की ओर से रेणुका मिश्र पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय के मध्य एक सम्बद्धता समझौता भी हस्ताक्षरित किया गया। कार्यक्रम में विशेष पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, अपर पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिदेशक के जीएसओ सहित मेजर जनरल दीपक मेहरा/ कीर्ति चक्र एवीएसएम, वीएसएम (सेवानिवृत्त), कमांडर मनोज भट्ट (सेवानिवृत्त), आरआरयू के संबद्धता और प्रमाणीकरण निदेशक और नीरज कुमार, आआरयू के लखनऊ परिसर के निदेशक आई/ सी उपस्थित रहे।



### इन बिन्दुओं पर सहयोग के लिए हुई सहमति

- ■ ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स के लिए सहयोग।
- ■ वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं द्वारा उन्हें पढ़ाए जाने वाले विषय पर प्रशिक्षण के साथ राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी से उसी विषय पर कोर्स किया जाना।
- ■ केस स्टडी डेवलप करने के लिए सहयोग।
- ■ साइबर क्राइम पर ट्रेनिंग।
- ■ साइबर क्राइम लैब स्थापित करने में सहयोग।
- ■ मिशन कर्मयोगी के तहत प्रशिक्षण का कार्यान्वयन।
- ■ ट्रेनिंग की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सहयोग।
- ■ पुलिस रिसर्च पर आदान प्रदान। प्रशिक्षण और शिक्षा में समन्वय।

# विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एलयू को दिया श्रेणी-1 का दर्जा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मंगलवार** का दिन लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक भरा दिन रहा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने लखनऊ विश्वविद्यालय को श्रेणी-1 के विश्वविद्यालय के रूप में मूल्यांकित किया है। विवि को श्रेणी-1 का दर्जा हासिल होने पर आज विवि के शिक्षकों ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मुलाकात कर बधाई दी। लगभग एक वर्ष पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय को नैक की तरफ से ए डबल प्लस की ग्रेड मिली थी। उस दौरान एलयू ए डबल प्लस ग्रेड हासिल करने वाला राज्य का पहला विश्वविद्यालय बन गया था। इसके साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 101-150 संस्थान में भी जगह बनाई है और टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड और एशिया और क्यूएस एशिया रैंकिंग में प्रवेश प्राप्त किया है। इतना ही विश्वविद्यालय ने लगभग सभी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में अपनी छाप छोड़ी है। विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय उस रोडमैप पर आगे बढ़ रहा है जिसे हमने पहचाना है। यह विश्वविद्यालय की सराहनीय उपलब्धि है। बता दें कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्वविद्यालयों को उनके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के अनुसार और टाइम्स हायर एजुकेशन और क्यूएस रैंकिंग्स में उनके प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में श्रेणीबद्ध करता है।



### श्रेणी-1 का दर्जा मिलने से यह होगा लाभ

**विश्वविद्यालय** यूजीसी की मंजूरी के बिना संबंधित विषयों में एक नए कोर्स,कार्यक्रम, विभाग, स्कूल, केंद्र को अपने मौजूदा शैक्षिक ढांचे का हिस्सा बना सकते हैं। विश्वविद्यालय अपने भौगोलिक अधिकार क्षेत्र के भीतर विभिन्न घटक इकाइयां, ऑफ कैंपस केंद्र खोल सकते हैं।राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे के अनुरूप कौशल पाठ्यक्रम शुरू कर सकते हैं। अनुबंध के आधार पर विदेशी संकाय को नियुक्त करने की स्वतंत्रता होगी। योग्यता के आधार पर विदेशी छात्रों को प्रवेश देने के लिए स्वतंत्र होंगे, जो उनके अनुमोदित घरेलू छात्रों की संख्या से अधिकतम बीस प्रतिशत अधिक होगा।

# पहले चरण में एकेटीयू से सम्बद्ध 100 संस्थानों में खुलेगा इन्क्युबेशन सेंटर

## एकेटीयू में वन डिस्ट्रिक्ट- वन इन्क्युबेटर कार्यशाला का ऑनलाइन हुआ आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति विकसित करने के लिए प्रयासरत डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने अपने सभी संबद्ध संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। पहले चरण में प्रदेश के 100 संस्थानों में यह सेंटर स्थापित कराया जाएगा।

इस पहल को गति देने के लिए मंगलवार को कुलपति प्रो जेपी पांडेय की अध्यक्षता में इनोवेशन हब की ओर से संबद्ध संस्थानों के निदेशकों और प्रदेश के पॉलिटेक्निक कॉलेजों के प्रिंसिपल संग ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कुलपति प्रो जेपी पांडेय ने कहा कि यूपी स्टार्टअप पॉलिसी 2020 के लक्ष्य को पाने में विश्वविद्यालय को भी अपने स्तर पर योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हो या फिर आत्मनिर्भर भारत का हमें हर मोर्चे पर सरकार की मंशा के अनुरूप अपनी सहभागिता करनी होगी। इसके लिए जरूरी है कि छात्रों में नवाचार और उद्यमिता की भावना को विकसित किया जाए। वन डिस्ट्रिक्ट वन इन्क्युबेटर के जरिये हम काफी हद तक इस लक्ष्य को पा सकते हैं। उन्होंने इन्क्युबेशन सेंटर स्थापना के लिए जरूरी कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसमें छात्रों को भी शामिल किया जाए। साथ सेक्शन 8 कंपनी बनाने की बात कही। चार्टर्ड एकाउंटेंट अमित कुमार ने सेक्शन 8 कंपनी को शुरू करने और उसे चलाने सहित अन्य जानकारी साझा की। वहीं यूपीएलसी के अभिषेक तिवारी ने यूपी स्टार्टअप पॉलिसी 2020 की जानकारी दी। साथ ही सरकार की ओर से इनोवेशन और स्टार्टअप के लिए चलायी जा रही योजनाओं और नीतियों के साथ फंड के बारे में भी विस्तार से बताया। एसो डीन इनोवेशन डॉ अनुज कुमार शर्मा ने इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने की रूपरेखा प्रस्तुत किया। वहीं इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने बताया कि किस प्रकार इनोवेशन हब सेंटर और छात्रों का सहयोग करेगा। साथ ही स्टार्टअप को मिलने वाली सुविधाओं, वित्तीय मदद, योजनाओं की भी जानकारी दी। जिससे कि सेंटर सफलतापूर्वक स्टार्टअप को बढ़ावा दे सकें। कार्यशाला में इनोवेशन हब मैनेजर वंदना शर्मा, रितेश सक्सेना सहित दो सौ से ज्यादा लोग जुड़े थे।



# बनवारी लाल कंछल को मिली बड़ी राहत, हाईकोर्ट ने दोषसिद्धि पर लगाई रोक

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

● **बिक्री कर अधिकारी से मारपीट के मामले में हुई थी दोषसिद्धि**



**सरकारी** कामकाज के दौरान बिक्री कर अधिकारी से मारपीट करने व जानमाल की धमकी देने के आरोप में निचली अदालत द्वारा दोषसिद्ध करार पूर्व राज्य सभा सांसद व्यापारी नेता बनवारी लाल कंछल को बड़ी राहत मिल गई है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगा दी है। पीठ ने कहा है कि निचली अदालत के निर्णय के विरुद्ध कंछल द्वारा सत्र अदालत में दायर अपील के निस्तारण तक दोषसिद्धि पर रोक रहेगी। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह आदेश बनवारी लाल कंछल की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। 23 फरवरी 2023 को निचली अदालत ने कंछल को दोषी करार देते हुए दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई थी। एक मार्च 2023 को सत्र अदालत ने सजा पर रोक लगाते हुए कंछल को जमानत पर रिहा कर दिया था। लेकिन दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था। छह अक्टूबर 1991 को इस मामले की रिपोर्ट बिक्री कर अधिकारी अरुण कुमार त्रिपाठी ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी।

### 'न्यायिक व्यवस्था में बदलाव की अनदेखी नहीं कर सकते'

**कंछल** की इस याचिका का श्री राम स्वरूप मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड कंप्यूटर अप्लीकेशन सोसायटी के सदस्यों डॉ. स्वाती अग्रवाल, डॉ. भारतेन्दु अग्रवाल व लक्ष्मी नारायन अग्रवाल की ओर से प्रार्थना पत्र दाखिल कर विरोध किया गया था। क्योंकि दोषसिद्धि के कारण सोसाइटी में कंछल की सदस्यता समाप्त करने का प्रस्ताव पारित हो चुका है। सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ताओं के वकील उपलब्ध नहीं थे। बाद में आने पर उन्होंने आपत्ति जताई। पीठ ने इस पर कहा कि हम न्यायिक व्यवस्था के बदले हुए स्वरूप की अनदेखी नहीं कर सकते। वकील के उपलब्ध नहीं होने पर किसी मामले को 'पास ओवर' करने में भी एक से दो मिनट जाया हो जाता है। जबकि अदालत का एक-एक मिनट कीमती है। पीठ ने अपने निर्णय में कहा कि आज का दिन शुरू होने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में कुल लम्बित केसों की संख्या 1060451 थी। इसमें 496876 सिर्फ आपराधिक मुकदमे हैं।

# एलयू में दीक्षांत पूर्व समारोह सप्ताह शुरू, आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय में मंगलवार से दीक्षान्त पूर्व समारोह सप्ताह का शुभारंभ हो गया। पहले दिन विवि के कई विभागों द्वारा व्याख्यान आयोजित किये गये। वहीं जानकीपुरम स्थिति विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का महाकुंभ संस्कृति सुरभि के 13 वें संस्करण का शुभारंभ बड़े धूमधाम से हुआ।

विवि परिसर स्थित मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग की तरफ से एपी सेन सभागार में दीक्षांत पूर्व समारोह सप्ताह के उपलक्ष्य में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। व्याख्यान दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एसजेडएच जाफरी द्वारा् द रीजन ऑफ अवधरू फ्रॉम शरकीस टू द कॉलोनियल टाइम्स विषय पर दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रति कुलपति एवं अधिष्ठाता, कला संकाय प्रो अरविंद अवस्थी, प्रो पीके घोष सहित संबद्ध कॉलेजों के शिक्षकगणए विद्यार्थी सहित लगभग 300 लोगों ने सहभागिता की।





### संस्कृति सुरभि के 13 वें संस्करण का शुभारंभ

**द्वितीय** परिसर में खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह नौ बजे अभियांत्रिकी संकाय में स्थित विश्वकर्मा आडिटोरियम में द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो बीडी सिंह ने द्वीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इतने व्यापक स्तर पर इस प्रतियोगिता को आयोजित कराने का एकमात्र उद्देश्य विश्वविद्यालय में खेल के वातावरण को विकसित करना एवं बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को एक मंच प्रदान करना है। आज प्रथम दिन फुटबॉल वालीबाल एव बैटमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें आज की विजेता टीमें अगले दिन अपने नॉकआउट मुकाबले खेलेंगी। वहीं विधि संकाय में पोयट्री टेलिंग प्रतियोगिता में हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में कुल मिलाकर 100 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली के सदस्य रहे प्रो कुलवंत सिंह बच्चों के प्रयास से काफी प्रसन्न दिखे। वही ज्यूरिष हाल में आयोजित एकल नृत्य का क्वालिफिकेशन राउंड का आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक छात्रों ने अपने नृत्य कला का प्रदर्शन किया।

### पांच दिवसीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**विश्वविद्यालय** में दीक्षान्त समारोह के अवसर पर पूर्व दीक्षान्त आयोजन हेतु एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम के अन्तर्गत शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा पांच दिवसीय खेल प्रतियोगिता इनट्रामयूरल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इस कायक्रम के उद्घाटन समारोह को लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफेसर अरविंद अवस्थी के करकमलो द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में शारीरिक शिक्षा विभाग बीपीएड एवं एमपीएड के सभी छात्र छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर रूपेश कुमार डॉक्टर किरण डंगवाल एनसीसी ऑफिसर सहित विभाग के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ऑनबोर्डिंग सेरेमनी का आयोजन

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में प्री कन्वोकेशन इवेन्ट-2023 के अंतर्गत आज अमेज़ॅन वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) क्लाउड क्लब तथा गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब की ऑनबोर्डिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो ए के सिंह एवं संकाय के शिक्षकों तथा छात्रों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके उपरान्त संकायाध्यक्ष प्रो ए के सिंह ने एडब्लूएस क्लाउड कैप्टन स्वप्निल राय एवं जीडीएससी क्लब की लीडर प्रियांशी राय को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही छात्रों को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा की एडब्लूएस क्लाउड क्लब तथा जीडीएससी क्लब अभियांत्रिकी संकाय को एक नए, ज्ञान और कौशल से भरे हुए अध्याय की ओर अग्रसर करेंगे, जो विश्वविद्यालय के वर्तमान तथा भविष्य के छात्रों को लाभान्वित करेगा। तत्पश्चात उन्होंने दोनो क्लबों की कम्युनिटी इंट्रोडक्शन वीडियो का उद्घाटन किया एवं कम्युनिटी गिटहब सैंडबॉक्स को लॉन्च किया, जिसके माध्यम से छात्र डेवलपर कम्युनिटी से जुड़कर ओपन सोर्स कम्युनिटी में अपना योगदान दे पाएंगे।

# सभी मंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा के 2-2 कार्यक्रमों में हिस्सा लें: मुख्यमंत्री

● सीएम योगी ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ यात्रा के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण का किया अवलोकन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां लोक भवन में मंत्रिमण्डल के सदस्यों के साथ 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में प्रदेश सरकार के मंत्रिगण, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। समस्त मंत्रिगण माह दिसम्बर 2023 एवं जनवरी 2024 में विकसित भारत संकल्प यात्रा के 2-2 कार्यक्रमों में सहभागिता करें। प्रत्येक जनपद में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए। ग्राम पंचायत से लेकर शासन स्तर तक बेहतर कार्ययोजना बना ली जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की है। इसी को ध्यान में रखते हुए 15 नवम्बर 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ किया गया है। प्रदेश में जनपद लखीमपुर खीरी में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री द्वारा तथा जनपद सोनभद्र में प्रदेश के समाज कल्याणए अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री द्वारा इसका शुभारम्भ किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से 26 जनवरी, 2024 तक प्रदेश के सभी 57709 ग्राम पंचायतों एवं 762 नगरीय क्षेत्रों को कवर किया जाना है। 27 नवम्बर 2023 तक 68 जनपदों में इस यात्रा को प्रारम्भ किया जा चुका है। शीघ्र ही सभी जनपदों में यह यात्रा प्रारम्भ हो जाएगी। समावेशी विकास के दृष्टिकोण पर आधारित इस यात्रा के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र जन तक पहुँचाने के प्रयास किये जाने की योजना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बन्ध में राज्य स्तर पर मुख्य सचिव, जनपद स्तर व स्थानीय निकायों में जिलाधिकारी तथा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान के नेतृत्व में कमेटियां गठित की जा चुकी हैं। जहां कार्यक्रम आयोजित होने हैं, उसकी विधिवत जानकारी पहले से ही क्षेत्रीय जनता को उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। यात्रा के कार्यक्रमों में उपस्थित नागरिकों को पंच प्रण की शपथ भी दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि यह यात्रा व्यापक स्तर पर पहुंच बनाने के साथ-साथ नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

## योगी ने श्रमिकों की जान बचाने वाले हर एक व्यक्ति को कहा धन्यवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● टनल रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता पर मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी और उत्तराखंड के सीएम धामी को दी बधाई

**उत्तराखंड** टनल रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता पर सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए श्रमिकों की जान बचाने वाले हर एक व्यक्ति का धन्यवाद दिया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के सफल होते ही सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखाए श्उत्तराखण्ड स्थित सिलक्यारा टनल में फंसे सभी श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में संचालित रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता पर सभी को बधाई एवं उत्तराखण्ड सरकार का अभिनंदन। श्रमिक भाइयों की प्राण रक्षा में अपना अमूल्य योगदान देने वाले हर व्यक्ति का धन्यवाद। उल्लेखनीय है की इस टनल में 8 श्रमिक उत्तर प्रदेश के भी थे। सीएम योगी ने उत्तराखंड में एक नोडल अफसर को तैनात किया था, जो उन्हें रेस्क्यू ऑपरेशन से जुड़ी पल पल की जानकारी से अपडेट कर रहा था। इस ऑपरेशन में यूपी के सभी 8 श्रमिक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। इन श्रमिकों में 6 श्रावस्ती से, एक लखीमपुर खीरी और एक मिर्जापुर से है। योगी सरकार की ओर से सभी श्रमिकों के परिजनों को घटनाक्रम की हर जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

# यूपी में भव्य स्तर पर आयोजित होगा 'संस्कृति उत्सव 2023'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● प्रदेश के लोक कलाकारों को मिलेगा उचित मंच, 25 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक होंगी आयोजन से संबंधित प्रतियोगिताएं

**उत्तर** प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाने और लोककला को देश समेत दुनियाभर में प्रसिद्धि दिलाने की दिशा में प्रयासरत उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने संस्कृति उत्सव 2023 के भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली है। उत्तर प्रदेश पर्व: हमारी संस्कृति-हमारी पहचान, थीमलाइन से आयोजित किए जा रहे इस उत्सव से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन 25 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक होगा। इस दौरान, गांव, ब्लॉक, तहसील, जिला, मंडल समेत राज्य स्तर पर लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित मंच मिलेगा। सीएम योगी की मंशा अनुरूप, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा इस उत्सव का आयोजन प्रदेश भर में कराया जाएगा जिसमें कई प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। मुख्य रूप से शास्त्रीय, उप शास्त्रीय, लोक नाट्य व लोक संगीत जैसी सांस्कृतिक विधाओं को प्रश्रय प्रदान करने की भावना से इन कार्यक्रमों का आयोजन प्रदेश भर में किया जाएगा। इस आयोजन से ग्रामीण अंचलों में प्रचलित लोक संगीत को भी काफी प्रमुखता दी जाएगी तथा सभी स्तरों पर होने वाली प्रतियोगिताओं में विजेता कलाकारों को सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा।

संस्कृति उत्सव 2023 कितना भव्य होगा इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के हर कोने में उत्सव से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस कड़ी में, 25 से 30 दिसंबर के बीच तहसील मुख्यालय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें गांवों, पंचायत, ब्लॉक व तहसील स्तर के कलाकार भाग लेंगे। इसके बाद 1 से लेकर 5 जनवरी 2024 के बीच जिला मुख्यालयों पर होने वाली प्रतियोगिता में तहसील स्तर के चयनित कलाकार भाग लेंगे। मंडलीय मुख्यालय स्तर पर 10 से 15 जनवरी के बीच प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें जिला स्तर पर चयनित कलाकार प्रतिभाग करेंगे।

इसके आगे तीन अन्य चरणों से गुजर कर प्रतियोगिता निर्णायक स्थिति में पहुंचेगी और इन तीनों ही चरण की प्रतियोगिताओं का आयोजन लखनऊ में होगा। मंडल स्तर के चयनित कलाकारों को अभ्यास व मुख्य आयोजन में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा और सम्मानित भी किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सार्वभौमिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी जिसके लिए विभिन्न स्तर पर शासकीय-अर्ध शासकीय विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वैच्छिक संस्थाओं, नेहरू युवा केंद्र तथा नेशनल कैडेट कोर समेत सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जाएगा। सूचना जनसंपर्क विभाग द्वारा भी संस्कृति उत्सव 2023 के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक कदम उठाए जाएंगे।

आयोजन के अंतर्गत शास्त्रीय गायन में ख्याल, ध्रुपद, उपशास्त्रीय गायन में ठुमरी, दादरा, चैती, चैता, झूला, होरी, टप्पा, वादन में बांसुरी, शहनाई, हारमोनियम, सितार, वॉयलिन, गिटार, सारंगी, वीणा, तबला, पखावज, मृदंगम व घटम तथा जनजाति व लोक वाद्यंत्र से जुड़ी प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं, नृत्य में कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, मोहिनीअट्टम व अन्य शास्त्रीय नृत्यों से जुड़ी प्रतियोगिताएं होंगी। इसी प्रकार लोक नृत्य में धोबिया, अहिरवा, करमा, शैला, डोमकच, आखेट तथा लोक नाट्य में नौटंकी, रामलीला, रासलीला, स्वांग, भगत, बहुरूपिया, नुक्कड़ नाटक आदि की प्रतियोगिताएं होंगी। लोक गायन में कजरी, चैती, झूला, बिरहा, आल्हा, निर्गुण, लोकगीत, कव्वाली व सुगम संगीत के अंतर्गत गीत, गजल, भजन तथा देशभक्ति गीत जैसी केटेगरीज में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। एकल नृत्य व सामूहिक नृत्य के लिए रिकॉर्डेड संगीत मान्य होगा। प्रतियोगिताओं में विजयी कलाकारों को मेडल, प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

# सपा तिब्बतियों के मानवाधिकारों व उनकी आजादी के लिए प्रतिबद्ध: अखिलेश यादव



● सपा प्रमुख से निर्वासित तिब्बती संसद के स्पीकर ने की मुलाकात

● तिब्बत अपने सांस्कृतिक विनाश के खतरे का सामना कर रहा है: खेंपो

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मंगलवार को विधान भवन परिसर में निर्वासित तिब्बती संसद के स्पीकर खेंपो सोनम तेनफल ने भेंटकर तिब्बत में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चिंता जताने तथा स्वतंत्र तिब्बत के लिए आवाज उठाने का आग्रह किया। अखिलेश यादव एवं राज्य विधानसभा के स्पीकर सतीश महाना, पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी एवं मनोज पाण्डेय की उपस्थिति में खेंपो ने अपना ज्ञापन देते हुए कहा कि तिब्बत अब अपने सांस्कृतिक संहार और पहचान के पूर्ण विनाश के खतरे का सामना कर रहा है। खेंपो ने अखिलेश यादव को दिए गए ज्ञापन में कहा कि 1949 में तिब्बत पर चीन द्वारा आक्रमण के बाद से तिब्बती लोगों के मूलभूत मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। तिब्बत के भीतर 60 लाख से अधिक तिब्बतियों के प्रति चीन के दमनात्मक रवैये के खिलाफपिछले 74 वर्षों से शांतिपूर्ण प्रतिरोध जारी है और लोग बेबसी में चीनी औपनिवेशिक कब्जे को सहन कर रहे हैं। तिब्बत में मानवाधिकारों का उल्लंघन और अनुचित उत्पीड़न हो रहा है। चीन अपनी विस्तारवादी नीतियां चला रहा है।

ज्ञापन में ऐतिहासिक तौर पर स्वतंत्र और प्रभुसत्ता सम्पन्न अतीत वाले तिब्बत को वर्तमान में अतिक्रमित राष्ट्र के रूप में मान्यता देने, चीन में मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाओं की निगरानी करने और रिपोर्ट देने को स्वतंत्र मानवाधिकार संगठनों को जाने देने की अनुमति देने, सभी तिब्बती राजनैतिक कैदियों की रिहाई के अलावा चीन के दुष्प्रचार से निपटने के लिए राष्ट्रीय विधायी ढांचा स्थापित करने की भी मांग की गई है।

# पीएमओ तक पहुंची मोबाइल नेटवर्क की शिकायत

**मोहनलालगंज।** खुझौली और गनियार इलाके में लोगों को मोबाइल नेटवर्क की समस्या झेलनी पड़ रही है। प्राइवेट टेलीकॉम कम्पनियां भी मोबाइल उपयोगकर्ताओं को बेहतर नेटवर्क नही मुहैया करा पा रही हैं। जिसे लेकर पीएमओ से शिकायत दर्ज कराई गई है। मोहनलालगंज के धरमावत खेड़ा गनेशखेड़ा धरमंगत खेड़ा उदवत खेड़ा शिवढरा दहियर व खुझौली और गनियार धनवारा समेत आसपास के कुछ गांव में मोबाइल नेटवर्क की जटिल समस्या है। लिहाजा मोबाइल यूजर्स को काल ड्राप और इण्टरनेट स्पीड की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिओ और एयरटेल जैसी कम्पनियों की सेवाएं भी प्रभावित हैं। जिसकी वजह घर पहुंचते ही लोगों के मोबाइल कवरेज क्षेत्र से बाहर बताने लगते हैं। नेटवर्क की समस्या की वजह से ही इण्टरनेट की स्पीड भी बेहद धीमी हो जाती है। जिसे लेकर कुछ जागरुक लोगों ने प्रधानमंत्री कार्यालय में आनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर टेलीकॉम कम्पनियों को समस्या दूर कराने के निर्देश दिए गए हैं। उधर पीएमओ के हस्तक्षेप पर हड़कंप मच गया है। टेलीकॉम कम्पनियों के कस्टमर केयर विंग ने जल्द समस्या दूर कराने का भरोसा दिया है।

# शिक्षाविद अनूप कुमार समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर जनपद लखनऊ से शिक्षाविद अनूप कुमार सबही ने अपने समर्थकों के साथ उपाध्यक्ष व प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर दिनेश सिंह ने अनूप कुमार सबही के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने आए हुए सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि जिस तरह से दिन प्रतिदिन दूसरे दलों को छोड़कर कांग्रेस में आस्था दिखा रहे हैं निश्चित ही आने वाला समय हमारा है। आज देश की जनता भारतीय पार्टी की नीतियों एवं कुशासन से त्रस्त हो चुकी है और वह बदलाव चाह रही है और हमें पूरी ताकत के साथ उनके हक एवं हकूक की लड़ाई प्रमुखता से लड़नी होगी। और मैं आप सभी से अपेक्षा रखता हूं कि इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े रहेंगे।

# सिंगल फेस एबीसी की किल्लत से बिजली कनेक्शन के लिए भटक रहे लोग

● लेसा सिस गोमती के स्टोर में तकरीबन दो माह से सिंगल फेस एबीसी की है किल्लत

संवाददाता। मोहनलालगंज

**विद्युत** विभाग के स्टोर में सिंगल फेस एबीसी की कमी से लोगों को बिजली कनेक्शन के लिए विद्युत विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। अकेले मोहनलालगंज सब डिवीजन में ही ऐसे आधा दर्जन से अधिक जमा योजना के कार्य अटके हुए हैं। हालांकि अधिकारी लोगों को शीघ्र सामग्री मिलने का भरोसा दे रहे हैं।

लेसा सिस गोमती के स्टोर में तकरीबन दो माह से सिंगल फेस एरियल बंच कंडक्टर की किल्लत बनी हुई है। लिहाजा सेस तृतीय खण्ड के मोहनलालगंज उपखण्ड में जमा योजना के आधा दर्जन से अधिक कार्य अटके हुए हैं। विभाग से जारी एस्टीमेट की धनराशि जमा कर चुके होने के बावजूद भी लोगों को बिजली कनेक्शन के लिए जेई और एसडीओ कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। गोसाईगंज और अमेठी उपखण्ड से भी कमोवेश इस तरह की शिकायतें सामने आ रही हैं। लेकिन सिंगल फेस एबीसी नही मिल पाने से विद्युत विभाग के अधिकारी चाहकर भी आवेदकों की समस्या का निराकरण नही कर पा रहे हैं। थकहार कर कुछ लोगों ने डिवीजन कार्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई है।

### प्लाटिंग में मकान बना रहे लोगों की समस्या बढ़ी

**सेस** तृतीय खण्ड में प्लाटिंग का कारोबार काफी तेजी से चल रहा है। लिहाजा प्लाट खरीदकर मकान बनाने के बाद लोग बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर रहे हैं। लेकिन एस्टीमेट की धनराशि जमा करने के बाद भी सिंगल फेस एबीसी की कमी से लोगों को वक्त पर कनेक्शन नही मिल पा रहे हैं। जिसे लेकर लोग विद्युत विभाग के कार्यालयों की परिक्रमा करने के लिए विवश हैं।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**मोहनलालगंज** के जेई आशुतोष कुमार ने बताया बिजली कनेक्शन के लिए लोगों के आवेदन करने पर लाइन दूर होने की स्थिति में विभागीय नियमानुसार एस्टीमेट बनाकर अपलोड किया जाता है। आवेदक के निर्धारित धनराशि जमा करते ही स्टोर से सामग्री की डिमांड की जाती है। सामग्री मिलते ही लोगों को यथाशीघ्र कनेक्शन दिए जा रहे हैं। फिलहाल तकरीबन एक किलोमीटर सिंगल फेस एबीसी की डिमांड की गई है।

## नवीन कुमार ने संभाला यूपीएमआरसी के निदेशक पद का कार्यभार



**लखनऊ।** मेट्रो में रोलिंग स्टॉक एंड सिस्टम के निदेशक पद का कार्य भार नवीन कुमार द्वारा ग्रहण किया गया। नवीन कुमार पेशे से एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं, उनके पास 30 वर्षों का बड़ा अनुभव रेलवे का है। डीआरएस नवीन कुमार लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं के रोलिंग स्टॉक और सिस्टम की जिम्मेदारी संभालेंगे। मंगलवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में निदेशक (रोलिंग स्टॉक एंड सिस्टम्स) के पद पर नियुक्त हुए नवीन कुमार ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। नवीन कुमार यूपीएमआरसी में शामिल होने से पहले रेल मंत्रालय में स्थापना अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। पेशे से एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, उनके पास रेलवे में 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है और उन्होंने रेलवे बोर्ड, जोनल रेलवे में संयुक्त सचिव, कार्यकारी निदेशक स्थापना (राजपत्रित संवर्ग)आदि सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

## हाईटेक नर्सरी के निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए: दिनेश सिंह

**लखनऊ।** उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने अपने सरकारी आवास पर उद्यान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, कार्यदायी संस्थाओं के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान विभाग के समस्त मण्डलों के उपनिदेशकों एवं जिला उद्यान अधिकारियों ने वर्चुअली प्रतिभाग किया। उद्यान मंत्री ने बैठक में उद्यान विभाग की संचालित विभिन्न योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि किसानों को उच्च गुणवत्ता के पौधों की उपलब्धता सुनिश्चि कराने के लिए स्थापित की जा रही हाईटेक नर्सरियों के निर्माण कार्यों में तेजी लायी जायए जिससे समय से स्वस्थ एवं गुणवत्तायुक्त पौध तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराया जा सके। किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुँचाने हेतु एग्रो क्लाइमेटिक जोन तथा क्षेत्रीय मांग के अनुसार पौध तैयार की जाय। उन्होंने कुशीनगर व हापुड़ में स्थापित किये जा रहे सेन्टर ऑफएक्सीलेंस के निर्माण कार्य में और अधिक तेजी लाने के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## काकोरी सीएचसी पर फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट का वितरण

**लखनऊ।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत काकोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को फाइलेरिया रोगियों के लिए रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता उपचार किट का वितरण किया गया। जिसमें तौलिया, टब, मग और बाल्टी था। इसके साथ ही फाइलेरिया रोगियों को फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल एवं व्यायाम के बारे में बताया गया। इस मौके पर कुल 82 एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। सीएचसी अधीक्षक डा अवधेश कुमार ने कहा कि फाइलेरिया प्रभावित अंगों की नियमित देखभाल और व्यायाम करने से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। इससे फाइलेरिया प्रभावित अंगों की सूजन में कमी आती है। यह जो एमएमडीपी किट मिली है उसका उपयोग स्वयं करें। मलेरिया निरीक्षक सीमा शुक्ला ने कहा कि फाइलेरिया बीमारी का कोई इलाज नहीं है। इसका केवल प्रबंधन किया जा सकता है। यह मच्छर के काटने से होती है जो कि गंदे पानी में पनपते हैं। स्वयंसेवी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च संस्था के सर्वेश पांडे ने फाइलेरिया रोगियों को बताया कि फाइलेरिया प्रभावित अंगों की नियमित सफाई बहुत जरूरी होती है अन्यथा संक्रमण होने की संभावना होती है। उन्होंने बताया कि अंगों को धोते समय कभी भी साबुन सीधे फाइलेरिया प्रभावित अंग पर न लगाएं। साबुन का फेना बनाकर हल्के हाथों से अंग पर लगाए फिर पानी से धोएं। हल्के हाथ से तौलिए से ऊपर से नीचे की ओर पोंछें। इसके अलावा प्रभावित अंगों के व्यायाम के बारे में भी बताया।

## भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण के नियमों की अनदेखी का आरोप लगाकर किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** किग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में चल रही शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण के नियमों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मंगलवार को अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग महासंघ व अन्य संगठनों ने विवि के गेट नंबर.2 पर स्थापित छत्रपति शाहूजी महाराज की प्रतिमा स्थल पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन स्थल से शांति मार्च निकालने का प्रयास कर रहे कर्मचारियों को पुलिस ने गेट पर ही रोक दिया। महासंघ के अध्यक्ष रामचन्द्र पटेल ने कहा कि केजीएमयू में शिक्षकों की भर्ती में आरक्षण नियमों की अनदेखी हो रही है। लगातार साक्षात्कार भी हो रहे हैं। सहायक आचार्य के सामान्य विज्ञापन में अनारक्षित वर्ग को 69 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 12 प्रतिशत, अनुसूचित जाति को पांच फीसदी, अनुसूचित जनजाति को शून्य तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। जिसमें भी रोस्टर के अनुसार प्रत्येक दसवां पद न देकर मनमानी की गई है।

## नवयुग में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय में 8वीं द्वि दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार से आयोजित की गई। इस अवसर पर सुमन देवी (अंतरराष्ट्रीय जेवलिन थ्रोअर) एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता गुलाब चंद्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों व प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय सहित डॉ. सीमा पांडे ने दीप प्रज्वलन से किया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का बैज लगाकर स्वागत डॉ. सीमा पांडे ने किया और प्राचार्या के आयशा वहीद ने बैज लगाकर स्वागत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय ने अतिथियों का स्वागत पुष्प पौध और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ खुले आकाश में अतिथियों ने कबूतर और रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़कर किया। अतिथि देवो भव की परंपरा का निर्वाह करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज नवयुग कन्या महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता के अवसर पर मातृशक्ति के रूप में सुमन देवी अंतरराष्ट्रीय जेवलिन थ्रोअर उपस्थित हैं और छात्राओं को प्रोत्साहित करने वाले अर्जुन पुरस्कार विजेता गुलाब चंद उपस्थित हैं मैं आप सभी का स्वागत अभिनन्दन करती हूं।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने लिया एससीएसटी के उत्थान का संकल्प

● जनजाति गौरव यात्रा कार्यक्रम में सरोजनीनगर विधायक ने की शिरकत

● अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों के उत्थान के लिए की अनेकों घोषणाएं

● 140 परिवारों को आवास दिलाने का दिया आश्वासन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सरोजनीनगर** विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के पथ पर चलते हुए हर व्यक्ति की आकांक्षाओं की पूर्ति, सभी वर्गों की उन्नति एवं सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। उनके विजन और नेतृत्व में सरोजनीनगर उन्नति की नई गाथा लिख रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में उनके द्वारा अनेक कार्य कराए जा रहे हैं।

इसी संकल्प के अनुरूप मंगलवार को डॉ. राजेश्वर सिंह ने अनुसूचित जनजातीय समाज के कल्याण के लिए अभूतपूर्व घोषणाएं की। भाजपा विधायक ने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा महानगर लखनऊ द्वारा देवलोक कॉलोनी, गौरी बाजार में आयोजित 'डीएनटी बारा समाज अनुसूचित जनजाति गौरव यात्रा' कार्यक्रम में सहभागिता की। इस कार्यक्रम में अनुसूचित जनजातीय समाज के उत्थान व हितों को ध्यान में रखते हुए सरोजनीनगर विधायक ने अनेकों सौगातें दी। उन्होंने सरोजनीनगर के अनुसूचित जनजातीय समाज के विकास, उनकी समस्याओं के निवारण के उद्देश्य से जनजातीय समाज कार्यालय के निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए देने का ऐलान किया।

कार्यक्रम में विधायक ने महान स्वतंत्रता सग्राम सेनानी एवं क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी और उनके नाम पर एक द्वारा की स्थापना करने की घोषणा की। ग्रामीणों के निवेदन पर उन्होंने क्षेत्र में जनसुविधाओं के लिए 2 शौचालय के निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। साथ ही प्राइमरी स्कूलों के कायाकल्प 2-2 लाख, क्षेत्र में 15 सोलर लाईट, हाईमास्ट, 5 हैंडपंप की सौगात दी। गांव में 'आपका विधायक' आपके द्वार जनसुनवाई शिविर, का आयोजन करने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अनुसूचित जनजातीय समाज के 140 परिवारों को आवास दिलाने का प्रयास करने की भी बात कही।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने महिला सशक्तिकरण के अपने संकल्प के अनुरूप अनुसूचित जाति-जनजाति की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नए सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया। इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो मेधावियों को टैबलेट तथा पांच मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। खेल को बढ़ावा देने के लिए यूथ क्लब को स्पोर्ट्स किट दी। इसके साथ ही उन्होंने वहां बच्चों के साथ बातचीत भी की और उन्हें टॉफियां भी बांटी। साथ ही जरूरतमंदों को कंबल और वृद्ध महिलाओं को साड़ी भी वितरित की।

## परीक्षा के उपरांत बुकलेट लेकर भागने पर परीक्षा केन्द्र ब्लैकलिस्ट, जांच शुरू

**लखनऊ।** बीते 26 नवंबर को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की तरफ से सम्पन्न कराई गयी नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा की बुकलेट सोशल प्लेटफार्म पर वायरल होने का केजीएमयू प्रशासन ने खंडन किया है। साथ ही आगरा के एक परीक्षा केन्द्र से परीक्षा के उपरांत बुकलेट लेकर भागने के चलते संस्थान ने उक्त परीक्षा केन्द्र को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। साथ ही प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। विवि के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि आगरा केन्द्र पर (आगरा कालेज, लॉ फैकल्टी ब्लाक-ए, केन्द्र संख्या 5) 14 छात्र परीक्षा के उपरान्त गुपचुप तरीके से बुकलेट अपने साथ लेकर चले गये। जिसकी सूचना एसटीएफ को भी दी गई। केजीएमयू प्रशासन की त्वरित कार्यवाही के परिणामस्वरूप कुछ छात्रों से बुकलेट वापस प्राप्त भी कर ली गई है। इस पूरी घटना के सन्दर्भ में केन्द्र के अधीक्षक का वक्तव्य भी रिकार्ड किया गया है और इस घटना के परिणामस्वरूप आगरा कालेज को परीक्षा केन्द्र हेतु ब्लैकलिस्ट करने की भी कार्यवाही की गई है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान इस प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।

# प्राइमरी शिक्षकों की नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों का धरना-प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**उप्र** में बेसिक शिक्षा विभाग में सन् 2018 में 69000 प्राइमरी शिक्षकों के भर्ती में ओबीसी आरक्षण में हुई अनियमितता के सापेक्ष में ओबीसी वर्ग 6,800 शिक्षकों के नियुक्ति हेतु आन्दोलनरत अभ्यर्थियों का एक दल राष्ट्रीय पिछड़ावर्ग आयोग के पूर्व सदस्य कौशलेन्द्र सिंह पटेल के ओमनगर कालोनी (चितईपुर) वाराणसी स्थित आवास पर धरना-प्रदर्शन व घेराव करने आया और घर के बाहर नारेबाजी करने लगा,घर से बाहर शोरगुल सुनकर श्री पटेल घर से बाहर निकले और अभ्यर्थियों बातचीत कर घर के अन्दर बुलाया और उनसे बातचीत और आने के कारण जाना। अभ्यर्थी पिछड़ेवर्ग के आरक्षण पर विसंगति का लक्षित भेदभाव कि बात कह अपने समस्याओं से अवगत कराया।

श्री पटेल ने उन्हे समझाबुझार केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा पिछड़ेवर्ग के कल्याण के कामों से अवगत कराकर उनके रोष को शांत किया卐 तथा उनसे ज्ञापन लेकर अभ्यर्थियों को उनकी मांग को उ0प्र0 शासन के सक्षम प्राधिकारी तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देव दीपावली के पावन पर्व पर काशी के नमो घाट पर विदेशी सैलानियों का किया स्वागत और जताया आभार

# बच्चों को एआई और कोडिंग कौशल सीखने के लिए प्लेटफॉर्म देगा

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भारत** की अग्रणी एडटेक यूनिकॉर्न, फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू), अपनी स्कूल पार्टनरशिप शाखा, पीडब्ल्यू एकेडमी के माध्यम से नर्सरी से 8वीं कक्षा तक एक व्यापक कोर्स शुरू करने के लिए तैयार है। इसका उद्देश्य कम उम्र से ही छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। इस पहल को ध्यान में रखते हुए, पीडब्ल्यू का लक्ष्य अगले शैक्षणिक वर्ष में 2,000 स्कूलों में इस कैरिकुलम को लागू करने का है। इसके अलावा, पाठ्यक्रम को दो नि:शुल्क अपस्किलिंग प्लेटफार्मों के साथ संयोजित किया जाएगा- पीडब्ल्यू रीज़निंग, गणित और मौखिक कौशल में प्रशिक्षण प्रदान करता है, और पीडब्ल्यू क्यूरियस जूनियर, बच्चों में कोडिंग कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। फिजिक्स वाला के मुख्य बिजनेस अधिकारी इमरान राशिद ने कहा, हम उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा सभी तक पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। यह पहल संख्यात्मकता और साक्षरता में महत्वपूर्ण प्रगति की सूचक है। साथ ही नर्सरी से कक्षा 8 तक के छात्रों को कवर करने वाला एक व्यापक कोर्स शुरू करके राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के साथ तालमेल बैठाया जाएगा।

# कार्यशाला का आयोजन आज, फेफड़ों के कैंसर से मुक्ति पाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**उत्तर** प्रदेश के पूर्वांचल के क्षेत्र में फेफड़े के कैंसर के रोगियों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ी है। यह एक ऐसी गम्भीर बीमारी है कि जिसके समय से पता चलने पर ही ईलाज सम्भव है। इसी क्रम में 29 नवम्बर 2023 को महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर सेंटर, सुन्दरपुर परिसर में फेफड़ों के कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जहां इस गम्भीर बीमारी के विशेषज्ञ अपने अनुभवों साझा करेंगे।

बेहतर स्वास्थ्य की राह पर रोगियों द्वारा जीवित रहने के दिल को छूने वाले अनुभवों को सुनें, साथ ही बीमारी के बारे में अपनी समझ बढ़ाने के लिए एक प्रश्नोत्तर सत्र में शामिल हों, फेफड़ों के स्वास्थ्य को उन्नत करने वाले व्यायाम और योग प्रदर्शनों में भाग लें, और एक मनोरम संगीत प्रदर्शन के माध्यम से प्रेरणा पाएं।

## एमएसएमई निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते पर किया हस्ताक्षर

**वाराणसी।** अमेज़न इंडिया ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सक्षम बनाने और देश से ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के संबंध में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, विदेश व्यापार महानिदेशालय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस एमओयू के हिस्से के रूप में, अमेज़न और डीजीएफटी, डीजीएफटी द्वारा चिह्नित 75 जिलों में चरणबद्ध तरीके से, एमएसएमई के लिए क्षमता निर्माण सत्र, प्रशिक्षण और कार्यशालाओं का सह-संचालन करेंगे।

# उद्यान विभाग अनुदान पर उपलब्ध करायेगा संकर प्रजाति के सब्जी बीज

**संवाददाता।** अमेठी

**सब्जी** क्षेत्र में विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद को प्राप्त लक्ष्य शिमला मिर्च 10 हेक्टेयर, संकर टमाटर - 40 हेक्टेयर, संकर पत्ता गोभी - 30 हेक्टेयर, संकर फूल गोभी - 40 हेक्टेयर, संकर कद्दूवर्गीय - 55 हेक्टेयर के सापेक्ष कुल 426 कृषकों का पंजीकरण कराया जा चुका है। नवीन शासनादेश के अनुसार उद्यान निदेशालय से कुल 6 कम्पनियों में कलश सीड्स प्रा लि, मे बापना सीड्स प्रा लि, मे नामधारी सीड्स प्रा लि, मे इण्डो-अमेरिकन हाइब्रिड सीड्स (इण्डिया) प्रा लि, एडवाण्टा इण्टरप्राइजेज लि एवं मे नामदेव उमाजी एग्रीटेक (इण्डिया) प्रा लि को इम्पैनल्ड किया गया। कृषको द्वारा इम्पैनल्ड कम्पनियों को जिनसे वे बीज क्रय कर रहे है, उन्हें बैंक के माध्यम से ही भुगतान किया जायेगा। तदोपरान्त बीज क्रय की रसीद कार्यालय में जमा कर डी बी टी के माध्यम से अनुदान का भुगतान कृषक के खाते में किया जायेगा। इस प्रकार कृषकों को उन्नत प्रजाति के संकर शाकभाजी का बीज उद्यान विभाग से साब्सडी पर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी और कृषकों की आय में वृद्धि होगी।संजय यादव, जिला उद्यान अधिकारी%, अमेठी - 66 कृषक कार्यालय में जिस कम्पनी का बीज क्रय करना हो उसके नाम से चेक अंकित कर जमा करने के उपरान्त एक सप्ताह में बीज प्राप्त कर सकते है। प्रमोद कुमार यादव, प्रभारी राष्ट्रीय कृषि विकास योजना ने कहा कि कृषक अपना पंजीकरण कराने के उपरान्त कार्यालय में इम्पैनल्ड कम्पनियों से बीज क्रम की रसीद / बिल जमा करने के उपरान्त डी बी टी के माध्यम से अनुदान की धनराशि अपने खाते में प्राप्त कर सकते है।

## महिला ने घर घुसकर मारपीट का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**तिलोई, अमेठी।** थानाक्षेत्र शिवरतनगंज के सेमरौता निवासिनी एक महिला ने जमीनी विवाद में गांव के ही दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाया है।और मामले की तहरीर शिवरतनगंज थाने पर दी है। थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक गांव निवासिनी मीनू शर्मा पत्नी अजय कुमार शर्मा ने गांव के ही जय प्रकाश पांडेय और उनके तीन अन्य साथियों ने उसे घर में घुसकर मारा पीटा और उसकी पुस्तैनी भूमि को छोड़ने की चेतावनी दी और जमीन न छोड़ने पर लाइसेंसी रिवाल्वर दिखाते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी।मामले पर थानाध्यक्ष शिवरतनगंज तनुजपाल से मामले पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि महिला द्वारा दी गई तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पीड़ित महिला का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**संवाददाता।** अमेठी

**भारत** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विगत 27 अक्टूबर से चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खंड विकास अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में उन्होंने अभियान के दौरान अब तक बूथवार प्राप्त फॉर्मों की जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को बीएलओ के माध्यम से अधिक से अधिक फार्म भरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे सभी युवाओं का फार्म भरवाया जाए इसके लिए ग्राम पंचायत के साथ-साथ विद्यालयों में



भी अभियान चलाकर फॉर्म भरवाने की कार्यवाही की जाए साथ ही जो मृतक या शिफ्टेड हैं उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, तहसीलदार व बीडीओ स्वयं गांवों का भ्रमण करें एवं बूथों पर जाकर पुनरीक्षण कार्य की स्थिति को देंखे। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर युवाओं में दिखा जोश

**अमेठी।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने, संशोधन करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसमें उपजिलाधिकारी अभिनव कन्नौजिया के निर्देश पर राजस्व टीम कुलदीप यादव और रंजीत यादव के निर्देश पर विकास खंड के इकसारा ग्राम सभा के केदारनाथ एजुकेशनल महाविद्यालय में कैम्प का आयोजन किया। जिसमें 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके महाविद्यालय के 22 छात्र छात्राओं ने मतदाता सूची में नाम बढ़ाने को फॉर्म 6 जमा किया। मतदाता सूची में शामिल होने के बाद वह लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हो सकेंगे। इस मौके पर बी एल ओ मिथिलेश मिश्र, ललिता कुमारी, प्रबंधक डॉ जितेन्द्र कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### घर में बच्चों को खाना खिला रही दलित महिला को पीटा

**अमेठी।** घर में बच्चों को खाना खिला रही महिला को दबंगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की, ग्रामीणों के आ जाने से दबंग जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। गौरतल हो कि कोतवाली मुंशीगंज रंजना पत्नी राम पाल निवासी दूबेपुर मजरे कनक सिंह पुर 23 तारीख को अपने घर पर बैठी बच्चों को खाना खिला रही थीं, तभी गांव के मनबढ़ दबंग राम चन्द्र गुप्ता का दामाद देशराज गुप्ता उनके घर आकर गाली गलौज करते हुए जातिसूचक गालियां देते हुए उनके साथ मारपीट करने लगा, हो हल्ला गुहार करने पर ग्रामीण आने लगे जिससे वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। कोतवाली मुंशीगंज में मुकदमा पंजीकृत हो गया हैं।

### प्रभारी निरीक्षक ने बैंकों की सुरक्षा के लिए स्वयं सम्भाली कमान

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित विभिन्न बैंकों की शाखाओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण को देखते हुए एक तरफजहां पुलिस कर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया था वहीं दूसरी तरफमंगलवार को प्रभारी निरीक्षक बीजपुर पंकज कुमार पांडेय ने हमराहियों के साथ बैंको का औचक निरीक्षण कर उनकी सुरक्षा की कमान स्वयं सम्भालते हुए देखे गए। श्री पांडेय ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आगाह करते हुए उनसे बातें करके कहा कि कोई भी पुलिस कर्मी बैंको में आने जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर पैनी निगाह रखें। इसके साथ ही साथ बैंक परिसर एवं उसके आस पास खड़े दो पहिया व चार पहिया वाहनों की भी जांच करें। तत्पश्चात शाखा प्रबंधक से वार्ता कर सुरक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य उपकरणों का जानकारी लेकर तैनात कर्मियों को आगाह किया कि कोई भी बैंक के सामने या अंदर बिना काम के आते जाते दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना दे। जांच की कड़ी में उन्होंने एनटीपीसी रिहन्द स्टेशन के आवासीय परिसर में स्थित भारतीय स्टेट बैंक ऑफइंडिया बीजपुर, यूनियन बैंक ऑफइंडिया रिहन्द नगर,चेतवा व सेवकामोड़ में स्थित बैंकों आदि की भी जांच किया।

### जिला कारागार में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर



**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली श्री तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलो के सम्बन्ध में उमाशंकर कहार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव ने जेल अधीक्षिका हर्षिता मिश्रा से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिती व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण उपरांत निरुद्ध महिला बंदियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गयी। विधिक जागरुकता शिविर में कारापाल सत्यप्रकाश, उपकारापाल हिमाशु रौतेला, व पराविधिक स्वयं सेवक पम्मी देवी उपस्थित रही।

### एंबुलेंस का गैर सरकारी/निजी व्यवसायिक उपयोग करने पर जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सरकारी एंबुलेंस का गैर सरकारी/ निजी व्यावसायिक उपयोग करने पर संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। घटना को संज्ञान में लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट की एंबुलेंस का गैर सरकारी उपयोग करने पर चालक विनय (निवासी पूरे क्षेत्र कोटिया ऊंचाहार रायबरेली) को निलंबित कर दिया है । यह आदेश केएचजी हेल्थ सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से से जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि 30 नवंबर 2023 शाम 6:00 बजे तक संतोषजनक स्पष्टीकरण ना मिलने पर वैधानिक कार्यवाही एवं सेवा समाप्ति भी की जा सकती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने सेवा प्रदाता कंपनी को चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति नहीं होनी चाहिए अन्यथा कंपनी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### वार्षिक क्रीड़ा- प्रतियोगिताओं का उद्घाटन

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में वार्शिक क्रीड़ा- प्रतियोगिताओं का विधिवत भव्य तरीके से उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह जी ने क्रीड़ा-ध्वज चढ़ाकर और मशाल प्रज्ज्वलित कर बच्चों के खेलों का शुभारम्भ किया। आज कबड्डी प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में राधाकृश्णन हाउस विनर तथा विवेकानन्द हाउस रनर रहा। कबड्डी में ही सीनियर वर्ग में राधाकृश्णन हाउस विनर और आजाद हाउस रनर रहा।

# निर्माण कार्य को निर्धारित समय में किया जाय पूराः डीएम

**संवाददाता।** सोनभद्र



**जिलाधिकारी** चन्द्र विजय सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिन्दुवार सी0एम0 डैशबोर्ड पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, उन्होंने शासन के निर्देश के क्रम में महत्वपूर्ण योजनाओं, परियोजनाओं, सेवाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से सी0एम0 डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर समीक्षा की। सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से सड़कों के निर्माण, अनुरक्षण आदि के कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा किये तो यह तथ्य सामने आया कि सड़कों के निर्माण की प्रगति काफी धीमी है, जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित आर0ई0डी0 के अधिशासी अभियन्ता व जे0ई0 को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें हैं, बैठक में अनुपस्थित प्रान्तीय खण्ड पी0डब्ल्यू0डी0 के अधिशासी अभियन्ता को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराये जा रहे सड़कों के निर्माण कार्य में शिथिलता बरतने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द ही पूर्ण करने के निर्देश दियें, विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए पाया कि शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की खराब प्रगति पाये जाने पर दायित्वबोध कराते हुए अपने कार्य में सुधार के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति अधिक से अधिक बढ़ाया जाये और उन्हें बेहतर शिक्षा दी जाये, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, लैब व अन्य निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाये।

श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान श्रम निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि मातृत्व शिशु एवं बालिका श्रम योजना कन्या विवाह योजना सहायता के अन्तर्गत लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने की प्रगति की समीक्षा की गयी तो प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने उप श्रमायुक्त पिपरी को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह के अन्दर लाभार्थियों से सम्बन्धित पत्रावलियों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाये, निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाये, समीक्षा के दौरान सड़कों के निर्माण की प्रगति की फोटोग्राफ्स भी उपलब्ध कराये जाये इस दौरान उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 50 लाख की लागत से अधिक सड़कों व भवनों के निर्माण कार्यों की निगरानी हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनसे निर्माण कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट प्राप्त की जाये, निर्माण कार्यों में जिस स्तर पर शिथिलता पायी जाये, उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न विभागों की सी0एम0 डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से बारी-बारी से बिन्दुवार समीक्षा की।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, डी0सी0 मनरेगा रमेश कुमार यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 762 कर्मचारियों व 2258 शिक्षकों ने स्ट्राइक बैलेट किया जमा

**संवाददाता।** सोनभद्र



**पुरानी** पेंशन बहाली संयुक्त मंच केन्द्रीय कर्मचारी, राज्य कमचारी, शिक्षक अधिकारी, पेंशनर्स का संयुक्त मंच तथा उ0प्र0 राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के निर्देश पर 21 व 22 नवम्बर, 2023 को पुरानी पेंशन बहाली हेतु हड़ताल के लिये कर्मचारियों व शिक्षकों ने सहमति पत्र प्रस्तुत किया है। कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकारों के कर्मचारी, लंबे समय से ओपीएस की मांग कर रहे हैं, जिसके क्रम में जनपद स्तर पर धरना, प्रदर्शन, मशाल जलूस, रथयात्र तथा राज्य स्तर पर हूंकार रैली तथा 10 अगस्त को देश की राजधानी में महारैली किया गया परन्तु केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के मॉग पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गयी, जिसके कारण कर्मचारीगण अनिश्चतकालीन हड़ताल करने हेतु सहमति पत्र स्ट्राइक बैलेट प्रस्तुत किया है। जनपद सोनभद्र में 762 कर्मचारियों व 2258 शिक्षकों ने स्ट्राइक बैलेट जमा किया है।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के निर्देश पर सहमति पत्र तीस नवंबर तक परिषद के केंद्रीय कार्यालय पहुँचाया जायेगा। 1 दिसंबर को प्रात: 11.00 बजे प्रांतीय स्तर पर राज्य स्तरीय प्रेस वार्ता संपन्न होगी जिसमें आगामी हड़ताल पर निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि केन्द्र एवं राज्य नेतृत्व के निर्देश पर शत-प्रतिशत हड़ताल पर रहेंगे।

# शिक्षा वह शेरनी का दूध है, इसे जो पीता है वह सिंह की तरह दहाड़ने लगता है : दीपक

**संवाददाता।** शिवगढ़,रायबरेली

क्षेत्र के मवइया मजरे पिण्डौली गांव के रहने वाले समाजसेवी एवं बौद्ध उपासक महासभा के पदाधिकारी दीपक कुमार ने एक सच्ची मिशाल पेश करते हुए अपनी शादी की पहली वर्षगांठ पर पत्नी नीतू के साथ गांव के गरीब छात्र-छात्राओं को बहुजन महापुरुषों के जीवन पर आधारित वर्णमाला व कापी,किताबें,पेन,पेंसिल आदि स्टेशनरी सामग्री एवं चॉकलेट वितरित करके बच्चों का पढ़ाई के प्रति उत्साह वर्धन किया। हमेशा समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने वाले दीपक कुमार ने बताया कि उनकी सोंच है कि कोई भी गरीब बच्चा पढ़ाई से वंचित ना रहे। जिसको लेकर वे पिछले कई वर्षों से अभियान चलाकर बच्चों एवं अभिभावकों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करते हुए शिक्षा की अलख जगा रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहाकि भले ही खुद को एक वक्त की रोटी खाकर जीवन काटना पड़े किन्तु बच्चों को अवश्य पढ़ाएं, क्योंकि शिक्षा विकास



के सारे रास्ते खोल देती है,सोंचने समझने की शक्ति जागृत करती है। बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो इसे पीता है वह सिंह की तरह दहाड़ने लगता है। शादी की पहली वर्षगांठ पर दीपक कुमार व उनकी धर्मपत्नी नीतू ने केक काटकर शादी की सालगिरह मनाने की बजाय गांव के 45 गरीब छात्रा - छात्राओं को स्टेशनरी सामग्री देकर पढ़ाई के प्रति उनका उत्साह वर्धन करना मुनासिब समझा। दम्पति दीपक और नीतू ने अपने पास से छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी सामग्री वितरित करने के साथ ही गरीब बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक अनिल कुमार व मौके पर मौजूद शिक्षक रामसजीवन, जागेश्वर प्रसाद,समाजसेवी आलोक बौद्ध, विशेश्वर, संजय भारती, अवधराम, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश कुमार को आदि लोगों को सम्मानित किया, दीपक और नीतू के इस नेक कार्य की सभी सराहना कर रहे हैं।

# सेवानिवृत कर्मचारियों ने नपाध्यक्ष श्यामसुंदर को किया सम्मानित

**संवाददाता।** मीरजापुर

**नगर** पालिका के सेवानिवृत कर्मचारियों का दीपावली से पहले बकाया डीए का एरियर का भुगतान होने पर सेवानिवृत कर्मचारियों ने बुधवार की दोपहर पालिका के प्रधान कार्यालय पहुंचकर नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी को सम्मानित किया।बता दे स्थायी सफाई कर्मचारी एवं अन्य सफाई कर्मचारियों का तीन वर्षो का फूल बोनस,स्थायी कर्मचारियों का वेतन एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का दो माह का वेतन दीपावली पर मिलने पर खुशी जाहिर की।सभी सेवा निवृत्त कर्मचारियों ने नपाध्यक्ष को माला पहनाकर सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी।इस मौके पर स्वायत शासन कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष पप्पू लाल ने कहा की सेवानिवृत्त एवं कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य का भुगतान होने पर पालिकाध्यक्ष को सम्मानित किया गया है।कर्मचारियों का कई सालो का बकाया उनको मिला है।जिससे वे पहली बार इस



दीपावली को अच्छे से मना सके है।पालिकाध्यक्ष ने कर्मचारियों से कहा की आप सभी पालिका परिवार के सदस्य है। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना सहयोग करे और दूसरो को भी प्रेरित करने का कार्य करे। इस मौके पर श्यामलाल,बाबूलाल,मैनेजर सिंह, शीतला प्रसाद, सुरेश विश्वकर्मा,नरेंद्र कुमार, वंशनारायण सिंह,प्रेम शंकर पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्री गुरु नानक देव जी का 554वां प्रकाश पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा से मनाया गया

**संवाददाता।** रायबरेली

**श्री** गुरु नानक देव जी का 554 वा प्रकाश पर्व गुरु नानक नगर गुरुद्वारा व फिरोज गांधी गुरुद्वारा में बहुत ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

सुबह अमृतवेला से ही ज्ञानी जगरूप सिंह जी, ज्ञानी गुरविंदर सिंह जी ,हजूरी रागी भाई अमृतपाल सिंह जी व भाई जसकरन सिंह जी, गुरुगोबिंद सिंह स्टडी सर्किल के वीर, सुखमनी सेवा सोसायटी ने सुखमनी साहब का पाठ, नितनेम का पाठ कथा,कीर्तन किया,उसके उपरांत प्रसिद्ध रागी इंद्रजीत सिंह जी दिल्ली वालो ने अपने कीर्तन,कथा द्वारा संगत को निहाल किया।



गुरुद्वारा साहेब के वरिष्ठ सदस्य सुरेंद्र सिंह मोगा जी ने गुरु जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का जन्म 1469 में तलवंडी (शेखपुरा) जो इस समय पाकिस्तान में है और ननकाना साहिब के नाम से प्रसिद्ध है,में जन्म हुआ था गुरु जी का अवतार तब हुआ,जब सारा संसार पाप,द्वेष में चल रहा था धर्म की दुनिया में मानव प्रलय आ गई थी।

ज्ञानी जगरूप सिंह जी ने कथा द्वारा प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने संसार में एकता, प्रेम, समता का संदेश दिया, सारी सृष्टि की भलाई की अरदास की,गुरुजी ने जहा गरीब भाई लालो जी को सम्मान दिया वही धनी सेठों के यहां जाने से इसलिए मना कर दिया जिन्होंने गरीबों की कमाई को हड़प करके धन इकट्ठा किया था,

ज्ञानी गुरविंदर सिंह जी ने बताया कि गुरुनानक देव जी ने अपनी मेहनत की कमाई करके ही जीवन चलाने की प्रेरणा दी थी,ऊंच-नीच के भ्रम को दूर करने के लिए बड़े छोटे को चरण वंदना अर्थात नम्रता के साथ मिलना एवं रहना सिखाया।

दोनों गुरुद्वारों में परसों से रखाये गए अखंड पाठ साहब का समापन देर शाम को होगा।गुरुद्वारा साहब को बिजली व फूलों द्वारा सजाया गया है।

गुरुद्वारा साहेब मे शहर के गणमान्य नागरिकों,संगत ने माथा टेका व आशीर्वाद लिया।उपरांत अरदास व लंगर का आयोजन हुआ जिसमें हर वर्ग के लोगो ने बहुत श्रद्धा,उत्साह के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

# वायु प्रदूषण
## कार्ययोजना जरूरी

**दिल्ली-एनसीआर** में लगातार बने रहने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के लिए समुचित कार्ययोजना जरूरी है। दिल्ली-एनसीआर के वातावरण में स्मोग, धुंध तथा खतरनाक हवा आपकी नाक, फेफडों व समग्र स्वास्थ्य को चौपट कर सकती है। सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के बाद दिल्ली तथा अन्य सटे हुए राज्यों में पराली जलाना बंद होने पर थोड़ी राहत मिली और अधिकारी सुविधाजनक रूप से इस विभीषिका को भूल गए। लेकिन तापमान गिरते ही भारी हवा ने प्रदूषित हवा का ऊपर जाना बंद कर दिया जिससे दिल्ली-एनसीआर एक बार फिर जहरीली हवा का सामना कर रहा है। पराली जलाने के अलावा निर्माण गतिविधियां, वाहनों और उद्योगों से पैदा होने वाला प्रदूषण तथा अनेक अन्य आयाम हवा की विषाक्तता बढ़ाने का काम करते हैं, लेकिन इसके बावजूद इससे निपटने की कोई कार्ययोजना अभी तक नहीं बनी है। कुछ सप्ताह पहले जब दिल्ली का एक्यूआई खतरनाक स्तर तक पहुंच गया था तब दिल्ली सरकार ने बड़े जोश से घोषणा की थी कि वह करोड़ों रुपये खर्च कर 'क्लाउड सीडिंग' के माध्यम से कृत्रिम वर्षा कराएगी जिससे हवा में मौजूद प्रदूषक कण धुल जाएंगे। लेकिन अनेक अन्य कल्पनाशील योजनाओं की तरह यह भी ठंडे बस्ते में चली गई। अब इस खर्चीले प्रयोग की कोई बात भी नहीं करता है। हालांकि, दिल्ली सरकार द्वारा क्लाउड सीडिंग के माध्यम से कृत्रिम वर्षा की महत्वाकांक्षी योजना अनेक नुकसानों व भारी-भरकम खर्च के बावजूद लाभकारी सिद्ध हो सकती थी। कृत्रिम वर्षा के लिए क्लाउड सीडिंग में सिल्वर आयोडाइड क्रिस्टलों, पोटेशियम आयोडाइड और सूखी बर्फ के कण बादलों में बिखेरे जाते हैं। इन कणों से पानी की भाप जमने में सुविधा होती है। इससे बर्फ के क्रिस्टल या वर्षा की बूंदें बनती हैं जो बाद में बरसात का करा सकती हैं।



कृत्रिम वर्षा के अनेक लाभ होते हैं। इनमें हवा के प्रदूषकों का बिखराव तथा धूल, धुंए, स्मोग, धुंध व वातावरण में रसायनों की कमी शामिल हैं। इससे फसलों के लिए नमी का स्तर भी बढ़ जाता है जिससे कृषि क्षेत्र को लाभ हो सकता है। लेकिन कृत्रिम वर्षा कराने में सफलता उपयुक्त मौसमी स्थितियों पर निर्भर करती है, जिससे इसकी व्यावहारिकता सीमित हो जाती है। यह प्रक्रिया पूरी तरह सटीक नहीं है और समस्या समाधान की गारंटी नहीं है। क्लाउड सीडिंग की प्रभावशीलता एक परियोजना से दूसरी परियोजना में अलग-अलग हो सकती है। इसके साथ ही सिल्वर आयोडाइड जैसे हानिकारक रसायनों के प्रयोग से पेड़-पौधे प्रभावित हो सकते हैं। इससे आयोडीन विषाक्तता पैदा हो सकती है जिसे 'आयोडिज्म' कहा जाता है। कृत्रिम वर्षा कराने से जलवायु का पैटर्न प्रभावित हो सकता है। इससे अनिच्छित या विनाशकारी मौसम स्थितियां जैसे बाढ़ या तूफान पैदा हो सकती हैं। क्लाउड सीडिंग का खर्च बहुत अधिक है। अनुमान है कि इस पर प्रति वर्ग किलोमीटर 10 लाख से अधिक खर्च हो सकता है। हालांकि, क्लाउड सीडिंग अपने आप में वायु गुणवत्ता संकट का संभावित समाधान हो सकता है, पर इसके नुकसान व इसके बारे में व्याप्त अनिश्चिततायें इसकी दीर्घकालीन प्रभावशीलता पर सवाल खड़े करती हैं। यदि सरकार इस महत्वाकांक्षी पहल पर गौर करती है तो उसे तात्कालिक सरोकारों तथा व्यापक परिस्थितिकीय प्रभावों के बीच संतुलन बनाए रखने पर ध्यान देना होगा। दिल्ली को वायु प्रदूषण की समस्याओं से निपटने के लिए समय की कसौटी पर खरे उतरे उन अनेकानेक समाधानों पर विचार करना चाहिए जो दुनिया भर में उपलब्ध हैं। हमें अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप सर्वोत्तम समाधान खोजना चाहिए, ऐसा समाधान नहीं जिससे ज्यादा समस्यायें पैदा हो सकती हों।

# तेलंगाना में त्रिकोणीय मुकाबला

**भारत के सबसे युवा राज्य के विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला है। यहां भारत राष्ट्र समिति, कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी में मुख्य मुकाबला है।**



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत के सबसे युवा राज्य तेलंगाना का गठन 2014 में हुआ था। उस समय से लेकर आज तक भारत राष्ट्र समिति-बीआरएस के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव सत्तारूढ़ हैं। पहले इस पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति-टीआरएस था जिसे राष्ट्रीय पार्टी बनाने के उद्देश्य से इसका नाम बदल कर भारत राष्ट्र समिति-बीआरएस कर दिया गया है। के. चंद्रशेखर राव तीसरी बार सत्ता में आने का प्रयास कर रहे हैं, पर उनको 'सत्ता-विरोधी लहर' की चुनौती का बड़े स्तर पर सामना करना पड़ रहा है। के. चंद्रशेखर राव को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने अलग तेलगांना राज्य गठन के लिए लंबे समय तक व्यापक आंदोलन चलाया। अनेक समस्याओं के बावजूद वे तेलंगाना राज्य का गठन कराने में सफल हुए और इस कारण उनकी लोकप्रियता शिखर पर थी। लेकिन हालिया वर्षों में अनेक कारणों से उनकी लोकप्रियता में गिरावट आई है।

2018 में चंद्रशेखर राव ने समय से पहले विधानसभा चुनाव कराने का आश्चर्यजनक निर्णय लिया था। उस समय उनकी पार्टी टीआरएस को 119 सदस्यों वाली विधानसभा में 88 सीटों पर विजय मिली थी। उस समय कांग्रेस को 19 सीटें तथा असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी आल इंडिया मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन-एआईएमआईएम को 7 सीटें मिली थीं। वर्तमान समय में अन्य दलों में विभाजन के परिणामस्वरूप बीआरएस के पास कुल 99 सीटें हैं, जबकि कांग्रेस के पास 8 विधायक हैं। वर्तमान समय में एआईएमआईएम के पास 7 विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के पास 6 विधायक हैं।

के. चंद्रशेखर राव को अपनी पार्टी में तानाशाह माना जाता है। उन्होंने अपने बेटे और बेटी समेत अनेक परिवारी सदस्यों को प्रमुख पदों पर स्थापित किया है। उनके बेटे के.टी. रामाराव-केटीआर उप-मुख्यमंत्री हैं, उनकी बेटी कविता सांसद हैं तथा भतीजे मंत्री हैं। चंद्रशेखर राव की अपने तथा अपने परिवार के लिए व्यापक महत्वाकांक्षायें हैं। कहा जाता है कि वर्तमान विधानसभा चुनाव में विजय के बाद उनका इरादा अपने बेटे केटीआर को राज्य का मुख्यमंत्री बनाना है। के. चंद्रशेखर राव केवल एक राज्य के मुख्यमंत्री तक सीमित रह कर संतुष्ट नहीं हैं और वे राष्ट्रीय स्तर की राजनीति करना चाहते हैं। इसी कारण पहले कदम के रूप में केसीआर ने अपनी पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति-टीआरएस से बदल कर भारत राष्ट्र समिति-बीआरएस कर दिया है। इससे संकेत मिलता है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति करना चाहते हैं। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि के. चंद्रशेखर राव ने पिछले काफी समय से राष्ट्रीय राजनीति में हस्तक्षेप के बार-बार प्रयास किए हैं। वे विपक्षी दलों को एकजुट कर राष्ट्रीय स्तर पर मोर्चा बनाने के लिए प्रयासरत रहे हैं।

केसीआर ने अतीत में तीसरा मोर्चा, संघीय मोर्चा तथा पिछले दशक में विपक्षी दलों का एक सक्रिय समूह गठित करने का प्रयास किया है। लेकिन विडंबना है कि विपक्षी एकता के उनके प्रयासों को देश के अन्य नेताओं की ओर से ज्यादा समर्थन नहीं प्राप्त हो सका। केसीआर ने इन प्रयासों के अंतर्गत अनेक विपक्षी नेताओं से समय-समय पर मुलाकात कर उनसे राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। इन नेताओं में नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल आदि शामिल हैं। लेकिन विडंबना है कि विपक्षी दलों के कुछ समय पहले गठित आई-एन-डी-आई-ए या 'इंडिया' समूह ने उनको अपने साथ आने और गठबंधन में शामिल होने का निमंत्रण तक नहीं दिया, जबकि केसीआर का घोषित उद्देश्य भाजपा को चुनौती देना है। कई विपक्षी नेताओं का परोक्ष रूप से मानना है कि केसीआर भाजपा की 'बी टीम' हैं।

तेलंगाना का वर्तमान विधानसभा चुनाव तीन प्रमुख पार्टियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसका कारण यह है कि भाजपा तेलंगाना को दक्षिण भारत की अपनी राजनीति में एक अवसर की तरह देख रही है। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के परिणाम निश्चित रूप से अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव का मैदान तय करेंगे। तेलगूदेशम पार्टी-टीडीपी एक समय महत्वपूर्ण राजनीतिक शक्ति थी, पर पिछले दशक में वह बहुत कमजोर हो गई है। उसके नेता चंद्रबाबू नायडू वर्तमान समय में भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे हैं और उन्होंने घोषणा की है कि उनकी पार्टी आगामी चुनावों में भाग नहीं लेगी। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने अपनी स्थिति मजबूत की है और वह टीआरएस को कड़ी चुनौती दे रही है। भाजप का लक्ष्य राज्य में प्रमुख विपक्षी पार्टी बनना है, पर यह आसान नहीं लगता है। नगरपालिका चुनावों में अपनी स्थिति मजबूत करने के बावजूद यह तीसरे स्थान पर खिसक गई है। कर्नाटक में दो बार विजय प्राप्त करने के बावजूद भाजपा का दक्षिण भारत में कोई खास स्थान नहीं है, हालांकि उसने पुडुचेरी में एनआर कांग्रेस से गठबंधन किया है। भाजपा का इरादा दक्षिण भारत में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतना है ताकि वह उत्तर भारत में किसी संभावित नुकसान की भरपाई कर सके। वैसे भी उत्तर भारत में भाजपा का विस्तार लगभग अपने शिखर पर पहुंच गया है। कांग्रेस को दु:ख है कि उसने दबाव में आकर 2014 में आंध्र प्रदेश का विभाजन कर दिया। कांग्रेस को इस बात से गहरा झटका लगा कि इस कदम का उस पर भयानक विपरीत प्रभाव पड़ा और जनता ने टीआरएस को समर्थन देते हुए कांग्रेस को खारिज कर दिया।

इसके साथ ही पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में भी जनता ने कांग्रेस को खारिज कर वाईएसआरसीपी को सत्ता के शिखर पर पहुंचा दिया। वर्तमान विधानसभा चुनाव में केसीआर ने दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। वे गजवेल व कामारेड्डी से चुनाव लड़ रहे हैं। गजवेल में उनका मुकाबला बीआरएस के विद्रोही से है, जबकि कामारेड्डी में उनके मुकाबले कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी हैं। हालांकि, यह कदम भी जोखिम भरा है, पर पार्टी में किसी विद्रोह से बचने के लिए केसीआर ने अपने सभी मंत्रियों व वरिष्ठ विधायकों को चुनाव मैदान में उतारा है। हालिया जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार प्रतियोगिता में कांग्रेस सबसे आगे है और इसके बाद बीआरएस व भाजपा का स्थान है। उम्मीद है कि बीआरएस को पिछली बार की तुलना में कम सीटें मिलेंगी, जबकि कांग्रेस को तुलनात्मक रूप से ज्यादा सीटें मिल सकती हैं। सीमित उपस्थिति वाली एआईएमआईएम को भी कुछ सीटों पर सफलता मिल सकती है। कुछ निर्दलीय उम्मीदवार भी एक-दो सीटें जीत सकते हैं। इस प्रकार जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार भाजपा चौथे स्थान पर है, लेकिन कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव प्रचार के अंतिम समय में उसने अपनी स्थिति मजबूत की है।

मुख्यमंत्री केसीआर को विश्वास है कि इस बार उनके काम पर वोट मिलेंगे। उन्होंने सिंचाई व कृषि तथा सूचना प्रौद्योगिकी पर ध्यान केन्द्रित किया है। हालांकि, गूगल जैसे बहुराष्ट्रीय निगमों ने हैदराबाद में वर्ष 2014 से पहले भी निवेश किया था। वर्तमान समाय में तेलंगाना की जीडीपी दूने से अधिक हो गई है। लेकिन अतीत में समृद्ध रहा राज्य आज कर्ज के भारी बोझ से दबा है। कांग्रेस को छोड़ कर भाजपा तेलंगाना में किसी अन्य पार्टी से संबंध बना सकती है। अफवाहें हैं कि एक गुप्त समझौते के अंतर्गत भाजपा केसीआर की सहायता कर रही है। इसके साथ ही भाजपा केसीआर की बेटी के प्रति मुलायम दृष्टिकोण अपनाएगी जो भ्रष्टाचार के आरोपों में कई केन्द्रीय एजेंसियों के निशाने पर हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, रेवंत रेड्डी के नेतृत्व से कांग्रेस को लाभ हो रहा है। सोनिया गांधी ने मतदाताओं को लुभाने के लिए छः गारंटियों की घोषणा की है जिसमें महिलाओं को 2,500 तथा किसानों को 15,000 रुपये देना शामिल है। केसीआर की सफलता उनकी राजनीतिक रणनीति पर निर्भर है, जबकि विपक्षी उनके परिवार और उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। केसीआर ने तेलंगाना मुद्दे पर 2014 में और किसानों के मुद्दे पर 2018 में विजय प्राप्त की है, पर वर्तमान समय में उनको सत्ता-विरोधी लहर तथा उभरती हुई कांग्रेस के साथ अपनी बेटी की खराब छवि का सामना करना पड़ रहा है। कहा जाता है कि तेलंगाना की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है।

# प्राचीन भारत में हुआ करता था लोकतंत्र

> कुदावोलाई एक प्राचीन चुनाव प्रणाली है जिसका उपयोग ग्राम प्रशासन के सदस्यों का चुनाव करने के लिए किया जाता है।


**के एस राधाकृष्णन**
(लेखक, राजनीतिक कार्यकर्ता हैं)



भारत की लोकतांत्रिक विरासत लोकतंत्र के मूल से कहीं आगे तक फैली हुई है। तथ्य यह है कि भारत में लोकतंत्र न केवल पहले स्थापित हुआ था, बल्कि पश्चिम में अपने समकक्षों की तुलना में अधिक संगठित और समावेशी भी था। कुदावोलाई एक प्राचीन चुनाव प्रणाली है जिसका उपयोग ग्राम प्रशासन के सदस्यों का चुनाव करने के लिए किया जाता है। इस पद्धति में, लोग वार्ड में इकट्ठा होते हैं और ताड़ के पत्ते की एक पर्ची पर योग्य उम्मीदवारों के नाम लिखते हैं।

फिर वे इसे एक साथ इकट्ठा करते हैं, इसे एक बर्तन में रखते हैं और मिश्रण के बाद इसे चुनते हैं। इस वैकल्पिक प्रणाली ने सावधानीपूर्वक योजना और समावेशिता का प्रदर्शन किया। कुदावोलाई प्रणाली 9वीं शताब्दी से 16वीं शताब्दी तक प्रचलित थी। इसका प्रमाण परांतक चोल के 12वें शासन वर्ष के तीन शिलालेखों में मिलता है। इनमें से दो उत्तरामेरूर में और दूसरा तंजावुर के पल्लीपक्कम गांव में पाए गए। कई लोग इस कुदावोलाई प्रणाली को तमिलनाडु की लोकतांत्रिक परंपरा का उदाहरण मानते हैं। कुदावोलाई चुनाव प्रणाली से पता चलता है कि चोल काल के दौरान मनु स्मृति का निर्माण और रखरखाव कैसे किया गया था।

चुनाव में खड़े होने के लिए क्या योग्यताएं हैं? कौन खड़ा हो सकता है? इनका उत्तर संविधान में दिया गया जो चोल काल में स्पष्ट रूप से लिखा गया था। उत्तरमेरूर, जिसका इतिहास 1250 वर्ष पुराना है, चेन्नई से लगभग 90 किलोमीटर दूर कांचीपुरम जिले में स्थित है। 1000 साल पुराने इस शिलालेख को देखकर हम हैरान रह जाएंगे, ऐसा लगता है जैसे इसे कल ही लिखा गया हो। उत्तरमेरुर 30 परिवारों में विभाजित था। संबंधित परिवार के सदस्यों को उस परिवार से एक व्यक्ति का चयन करना चाहिए। उम्मीदवारों के पास कुछ बुनियादी योग्यताएं होनी चाहिए। पत्थर के शिलालेख में स्पष्ट रूप से वर्णन किया गया है कि कैसे प्रत्येक गांव को कुडुम्बु के रूप में वर्गीकृत किया गया था, जिसे हम आधुनिक भाषा में एक वार्ड कहते हैं। चोल-युग की प्रथा के साथ उम्मीदवारों को अपनी संपत्ति और संपत्ति घोषित करने की वर्तमान चुनावी आवश्यकता के बीच काफी समानता है। यदि कोई उम्मीदवार अपनी संपत्ति और जीते गए धन की घोषणा करने में विफल रहता है तो जन प्रतिनिधियों को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने का भी प्रावधान था।



इसके अलावा, अयोग्य घोषित होने पर वह और उनके करीबी रिश्तेदार चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। उत्तरमेरुर के शिलालेख में आम सभा के प्रस्ताव और कुदावोलाई प्रणाली का दिलचस्प विवरण है, जिसका पालन ग्राम सभा या सभा के प्रतिनिधियों को चुनने के लिए किया जाता था। मंदिर की दीवारों पर लगे शिलालेख भी राज्य के अन्य हिस्सों में ग्राम सभाओं के प्रचलन के बारे में बताते हैं। रिश्वत लेने, दूसरों की संपत्ति का दुरुपयोग करने और इस तरह के दुर्व्यवहार सहित कदाचार के कृत्यों को सख्ती से प्रतिबंधित किया गया था, अगर गांव के साथियों को अवैध गतिविधियों के बारे में पता था, तो सदस्य को एक वर्ष के भीतर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। कदाचार का दोषी साबित होने पर उन्हें भविष्य में चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। जो लोग भ्रष्टाचार मिटाने और लाखों रुपये इकट्ठा करने की बात करते हैं उन्हें सगासम कहा जाता है। यदि उन्हें किसी अन्य द्वारा संरक्षित किया जाता है, तो संरक्षक भी चुनाव में खड़े नहीं हो सकते।

नैतिकता का उल्लंघन एक आदर्श बन गया है- वर्तमान समय में चुनावी कदाचार, दुर्भावना और बूथ हिंसा की खबरें आती हैं। ऐसी गड़बड़ियों से बचने के लिए पूरी प्रक्रिया पारदर्शी थी और लोगों की उपस्थिति में की जानी थी। शिलालेख में निर्वाचित व्यक्ति को पेरुमक्कल कहा गया है। पेरुमक्कल के लिए कोई भुगतान नहीं किया गया। चुनाव समितियों के गठन के बाद, सभा के कार्य अनेक और विविध थे। 30 निर्वाचित सदस्यों में से 12 सदस्यों को वार्षिक समिति में, 12 सदस्यों को उद्यान समिति के सदस्यों के रूप में और 6 सदस्यों को टैंक समिति में नियुक्त किया गया। ये समितियां उन्हें सौंपे गए विषयों के प्रशासन की देखभाल करती थीं। सामान्य भूमि के प्रबंधन के अलावा, करों का संग्रह भी विशेष रूप से उनके द्वारा किया जाता था। उनके द्वारा करों की वसूली अत्यधिक की जाती थी। इसने केंद्रीय अधिकारियों को भूमि का सर्वेक्षण करने और कर का निर्धारण करने में सहायता की। इसमें संपत्ति के हस्तांतरण को दर्ज किया गया और भूमि विवादों का निपटारा किया गया। सिंचाई की सर्वोत्तम योजना बनाई गई थी, और प्रत्येक तालाब और अन्य जल निकायों का नियमित रूप से रखरखाव किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप समृद्ध कृषि पद्धतियाँ विकसित हुईं।

हजारों साल बीत गए और मानव जाति ने कई बदलाव देखे। क्या शिलालेख में वर्णित चुनाव प्रणाली इस युग के लिए उपयुक्त है? किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले इसे गांवों में आज़माएं, अन्यथा कम से कम कॉलेजों में छात्र नेता बिना किसी प्रचार और दलगत प्रतिद्वंद्विता के नैतिक तरीके से चुने जा सकते हैं। लेकिन अगर हम उस समय के लोगों के अनुशासन, त्याग और समर्पण की तुलना आज के नेताओं से करें तो जितना कम कहा जाए उतना बेहतर होगा।

## आप की बात

### विवादित एक्स

**ट्विटर** से बदलकर एलन मस्क का इंटरनेट मीडिया पर बहस के लिए बना एक्स अब विवादित होता जा रहा है। पेरिस की मेयर एनी हिडाल्गो ने एक्स पर बहस छोड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि यह गलत सूचना देने व नफरत फैलाने वाला मंच बन गया है। उन्होंने इसे वैश्विक सीवर बता दिया है जो लोकतंत्र की रचनात्मक बहस के लिए जहर बनता जा रहा है। सोशल मीडिया के अनेक एप्स भले ही वैचारिक मामलों में काफी हद तक ठीक हों किन्तु कुछ तिकड़मबाजों ने दुरुपयोग कर ऐसे मंचों को बदनाम करना शुरू कर दिया है। इसी कारण सरकारों को सख्त नियम बनाने पर विचार ही नहीं करना पड़ रहा बल्कि इस मंच पर पैनी नजर रखने को भी मजबूर होना पड़ रहा है। अनर्गल व अशोभनीय भाषा, बहस, वार्ता, विचार व कमेंट्स का उपयोग आजकल सोशल मीडिया का शगल बन गया है। इसी कारण अनेक सज्जन लोग इससे दूर होते जा रहे हैं। ऐसा ही रहा तो सरकारों को सोशल मीडिया पर सख्त कार्रवाई कर इन पर प्रतिबंध तक लगाना पड़ सकता है। सोशल मीडिया से डीपफेक समेत अपराधों के अनेक रास्ते खुलते हैं, इसलिए इस पर कठोर नियंत्रण लगाना लगातार भारत समेत सारी दुनिया की जरूरत बनता जा रहा है।

-**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### न्यायपालिका की स्थिति

**कॉलेजियम** सिस्टम द्वारा जजों की नियुक्ति को लेकर सरकार व सुप्रीम कोर्ट के मध्य लंबे समय से बहस चल रही है। संविधान दिवस पर सर्वोच्च न्यायालय में अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण करते हुए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने भी न्यायपालिका में विसंगतियों को देखते हुए चयन प्रक्रिया को ज्यादा व्यापक बनाने तथा राष्ट्रीय नियुक्ति आयोग के गठन का सुझाव दिया है। हालांकि, राष्ट्रपति ने केवल न्यायपालिका से इस पर विचार का अनुरोध किया है। न्यायपालिका में देश के सभी समूहों, खासकर दलितों, आदिवासियों व महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग नगण्य है। जब दुनिया में किसी भी राष्ट्र में जजों की नियुक्ति का अधिकार सिर्फ जजों को नहीं है तो भारत जैसे विशाल प्रजातंत्र में भी जजों की नियुक्ति, ट्रांसफर प्रमोशन आदि की ज्यादा लोकतांत्रिक व्यवस्था बननी चाहिए। इसके साथ ही न्यायपालिका को व्यापक सुधार की दिशा में कदम उठाने चाहिए तथा आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर भारी संख्या में लंबित मामलों को निपटाने का काम प्राथमिकता पर करना चाहिए। बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप न्यायपालिका का विस्तार भी जरूरी हो गया है।

- **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### प्रधानमंत्री का संदेश

**शादी** का आयोजन एक बड़े व्यवसाय में बदल चुका है और डेस्टिनेशन वेडिंग एक आम बात होती जा रही है। ऐसे में अमीर वर्ग के लोगों से प्रधानमंत्री का यह सन्देश निसंदेह ध्यान देने योग्य है कि वे विदेशों में शादी का आयोजन करने के बजाय देश में इसका आयोजन करें ताकि देश का पैसा देश में ही रहे। देश में बहुत अमीर वर्ग के कुछ लोग डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए बैंकाक, मालदीव, दुबई, बाली आदि का चयन करते हैं। हमारे देश में भी एक से बढ़ कर एक शानदार जगहे हैं जहाँ बहुत से लोग शादी का आयोजन करते और अपने परिवार के जीवन में यादगार लम्हे जोड़ते रहे हैं। उदयपुर, जयपुर, केरल, गोवा, ऋषिकेश, मसूरी, अंडमान, आगरा, जैसलमेर इत्यादि जगहों की कमी नहीं है। भारत भौगौलिक व सांस्कृतिक विविधताओं से भरा देश है। ऐसे में प्रधानमंत्री के आह्वान पर चल कर देश में ही शादियों के आयोजन के साथ वोकल फॉर लोकल को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यदि किसी अमीर के आनन्द से गरीब कलाकारों, श्रमिकों व कारीगरों को लाभ होता है तो इससे उनको पुण्य ही मिलेगा।

- **बाल गोविंद,** नोएडा

### निरर्थक शब्दजाल

**सोशल मीडिया** के माध्यम से निरर्थक शब्दजाल फैलाते हुए पनौती शब्द को ज्यादा खोज और अविष्कार का विषय बना दिया गया है। जब से प अक्षर आया तब से परदादा और परदादी भी चर्चा का विषय बन गए। प से पाकिस्तान का भी जन्म हुआ। पर जिन लोगों ने पनौती शब्द का नया रूपान्तरण किया उन्हें पापा के प्यारे पप्पू और पनौती को जोड़कर देखना चाहिए। जब से प का मतलब पप्पू हुआ तब से पनौती साथ-साथ है। अब अनेक चुनाव हारने के बाद भी यदि पप्पू पनौती नहीं हैं तो एक मैच हारने के बाद स्टेडियम में मौजूद शाहरुख़ खान, दीपिका पादुकोण, रणवीर इत्यादि कैसे पनौती हो सकते हैं? देशका गौरव बढ़ाने वाले जेवलीन थ्रो के सुपर स्टार कैसे पनौती हो सकते हैं? ऐसा कथन प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से देश के उन अनेकानेक लोगों के खिलाफ जाता है जो उस समय स्टेडियम में मौजूद थे। परन्तु प से पप्पू को किसी विशेष व्यक्ति पर निशाना लगाने के निर्देश मिलते ही उन्होंने बिना विचारे आक्रामक तेवर दिखाए। लेकिन यह शब्दजाल अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने की तरह हो सकता है।

- **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# जीएम एनसीआर और डीआरएम कार्यालय में राजभाषा के प्रगति प्रसार की हुई समीक्षा

- संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति की हुई बैठक
- सांसदों ने रेल अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

**संवाददाता।** प्रयागराज

**संसदीय** राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति की संयोजक प्रो रीता बहुगुणा जोशी की अध्यक्षता में संसदीय राजभाषा समिति द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय उत्तर मध्य रेलवे तथा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रयागराज सहित प्रयागराज और आस पास स्थित रेलवे एवं केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों में राजभाषा के प्रगति प्रसार की निरीक्षण बैठक आयोजित की गई। संसदीय राजभाषा समिति द्वारा संबंधित मंत्रालय एवं विभागके वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यालयों द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया तथा उसकी गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण बैठक में उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सतीश कुमार ने समिति के समक्ष महाप्रबंधक कार्यालय द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों का विस्तृत विवरण रखा तथा सरकारी कार्यों में हिंदी का और अधिक प्रयोग सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने समिति को अवगत कराया कि पूरे क्षेत्रीय रेलवे के साथ साथ महाप्रबंधक कार्यालय के समस्त कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार में निरंतर वृद्धि एवं प्रगति सुनिश्चित की गई है। यात्रियों की संरक्षा से जुड़े स्टेशन संचालन नियम तथा गेट संचालन नियम आदि को शत प्रतिशत




हिंदी अंग्रेजी द्विभाषी रूप में सुनिश्चित किया गया है।

स्टेशन मास्टरों और संरक्षा से जुड़े कर्मचारियों को सभी कार्य निर्देश आदेश परिपत्र आदि हिंदी अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है। यात्रियों से संबंधित सभी सूचना बोर्ड इलेक्ट्रानिक डिस्प्ले बोर्ड इत्यादि का हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होना सुनिश्चित किया गया है। संसदीय राजभाषा समिति द्वारा रेल कार्यालयों में किए जा रहे हिंदी केप्रयोग प्रसार की सराहना की गई और विभिन्न मदों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग औरअधिक बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

महाप्रबंधक ने समिति को आश्वासन दिया कि माननीय समिति द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं। उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।इसी प्रकार समिति ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रयागराज द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया तथा समिति के निर्देशानुसार राजभाषा हिंदी का और अधिक प्रयोग बढ़ाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर समिति की संयोजक एवं सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी सांसद सुशील कुमार गुप्ता सांसद केशरी देवी पटेल एवं समिति सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता मुख्य वाणिज्य प्रबंधक यात्री सेवा अनुमणि त्रिपाठी महाप्रबंधक के सचिव अजय सिंह अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा नवीन प्रकाश उप मुख्य राजभाषा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह रेलवे बोर्ड के कार्यपालक निदेशक स्थापना सुधीर कुमार निदेशक राजभाषा रेलवे बोर्ड डॉ बरुण कुमार आदि उपस्थित थे।

# बीमारी से ज्यादा सड़क दुर्घटना में हो रही मौत

- महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि ने किन्नरों के साथ यातायात के लिए किया जागरूक
- लोगों को सीट बेल्ट लगाने के लिए किया जागरूक

**संवाददाता।** प्रयागराज

**उप्र** किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि ने कहा कि आज देश में बीमारियों से ज्यादा मौत सड़क दुर्घटनाओं से हो रही हैं। इसमें सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि युवा वर्ग के लोगों की सड़क दुर्घटना में ज्यादा मौत हो रही है ऐसे में हम सभी लोगों को चाहिए कि यातायात के सभी नियमों का पालन करें जिससे कि वह



स्वयं सुरक्षित रहे और परिवार के लोगों को कोई परेशानी न होने पाये। यह बातें उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि महराज ने किन्नर अखाड़ा और यातायात पुलिस की ओर से यातायात जागरूकता के लिए जानसेनगंज चौराहे से चौक फांसी इमली तक निकाली गयी रैली में आज कहीं।

इस दौरान किन्नर अखाड़ा के सभी संत पीले कलर की साड़ी और सलवार सूट में थे। वह लोगों को गुलाब का फूल देकर सुरक्षित यातायात के लिए जागरूक कर रहे थे। महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि ने कहा कि अगर लोग यातायात नियमों से चले तो दुर्घटना नहीं हो सकती है। कहा कि दुपहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर लगाये और वाहन पर दो से ज्यादा लोग बैठकर न चलें। उन्होंने कहा कि कार चालक सीट बेल्ट जरूर लगाएं।

वाहन चलाते समय ओवरटेक से बचें क्योंकि अधिकांश दुर्घटनाएं ओवरटेक से और वाहन चालकों के नींद आने से हो रही है।

# पूर्व सांसद चौधरी चुन्नी लाल की 24वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा 3 को

- हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि
- पूर्व सांसद चौधरी चुन्नी लाल की स्मृति में जीवन गाथा पुस्तक का अतिथि करेंगे विमोचन

**संवाददाता।** प्रयागराज

**वरिष्ठ** समाजसेवी और पूर्व सांसद चौधरी चुन्नी लाल की 24वीं पुण्यतिथि तीन दिसंबर को बॉयज हाईस्कूल बीएचएस में मनाई जाएगी। इस मौके पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जीवन गाथा नामक पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हिमांचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल उपस्थित रहेंगे ।जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन चन्द्र दीक्षित करेंगे। जबकि अतिथियों का स्वागत उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और पूर्व सांसद चौधरी चुन्नी लाल के पुत्र न्यायमूर्ति डा गौतम चौधरी करेंगे। श्रद्धांजलि सभा न्यायमूर्ति डा गौतम चौधरी की पत्नी मधु चौधरी होंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा सांसद प्रोफेसर डा रीता बहुगुण जोशी पूर्व न्यायमूर्ति रवींद्र सिंह यादव महापौर गणेश केशरवानी पूर्व सांसद छत्तीसगढ़ गोविन्द राम गिरि अपर महाधिवक्ता अशोक मेहता

अपर महाधिवक्ता महेश चन्द्र चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति डा गौतम चौधरी के पिता पूर्व सांसद चौधरी चुन्नी



लाल का जन्म 25 दिसम्बर 1930 में इलाहाबाद में हुआ था।

कालेज और विश्वविद्यालय की शिक्षा के बाद उनका चयन आईपीएस अधिकारी के रूप में हुआ लेकिन स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने आईएएस ज्वाइन नहीं किया। अपने खराब स्वास्थ्य के कारण लगभग तीन वर्षों तक जीवन संघर्ष करते रहे। जिसके बाद उन्होंने अपनी दृढ इच्छाशक्ति की बदौलत एलएलबी की उपाधि लेकर वकालत शुरू की।

इसी दौरान बीपी मौर्या और संघप्रिय गौतम जैसे नेताओं के संपर्क में आने के बाद हेमवती नंदन बहुगुणा के करीब आ गए। जिन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए चौधरी चुन्नी लाल को उप्र लोक सेवा आयोग का सदस्य बनाया।

सन 1989 में वह भारतीय जनता पार्टी से जुड़े और उप्र अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद 1996 में भाजपा में रहकर राज्यसभा सांसद तक का सफर तय किया। जहां तीन दिसंबर सन 2000 की रात उनका निधन हो गया। पिता के स्वर्गवास के बाद न्यायमूर्ति डा गौतम चौधरी के परिवार ने पिता के स्मरण स्वरूप एक पुस्तक वंचितों के मार्गदर्शक चौधरी चुन्नी लाल की जीवनगाथा लिपिबद्ध किया जिसका विमोचन उनकी पुण्यतिथि पर होगा।

## सामाजिक और शिक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण : दीक्षित

**प्रयागराज।** पद्मश्री माधुरी दीक्षित सुप्रसिद्ध इंडो ग्लोबल बिज़नेस अवार्ड में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। यह अवार्ड शो जयपुर स्थित इंदाना पैलेस जयपुर मे आरएसजी इवेंटस और शक्ति फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा आयोजित किया गया। समारोह के माध्यम से पदमश्री पुरुस्कृत माधुरी दीक्षित ने देहरादून की परमाणु डिफेन्स एकेडमी को प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा। माधुरी दीक्षित द्वारा डॉ राजेश मल्होत्रा के नेतृत्व में परमाणु डिफेन्स देहरादून को पुरस्कार से पुरुस्कृत करके उनके समर्पण और कार्य को सम्मानित किया। सुप्रसिद्ध इंडो ग्लोबल बिसनेस पुरस्कार का यह सम्मान परमाणु डिफेन्स अकेडमी के सफलता को एक नई ऊँचाई देने के रूप में महत्वपूर्ण है। उनके द्वारा दिया गया अवार्ड परमाणु डिफेन्स देहरादून की कठिन मेहनत और निष्ठा को दर्शाती है और संस्थान के योगदान को सामाजिक और शिक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण बनाया है।

# शिक्षा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण

**संवाददाता।** प्रयागराज

**एजुकेट** गर्ल्स की संस्थापिका सफीना हुसैन को डब्लूआईएसई ग्यारह समिट में शिक्षा के लिए प्रतिष्ठित डब्लूआईएसई पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाने वाला डब्लू आई एस ई पुरस्कार पहला अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है जो किसी व्यक्ति को सम्मानित करता है। डब्लू आई एस ई अंतरराष्ट्रीय मंच है जो शिक्षा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। एजुकेट गर्ल्स की संस्थापिका सफीना ने पुरस्कार से सम्मानित होने पर कहा वह पुरस्कार पाकर प्रेरित महसूस कर रही हैं। यह हमारी सामूहिक जीत है। बालिकाओं की शिक्षा के लिए सरकार से लेकर स्थानीय समुदाय समर्पित जेंडर चैंपियन और हमारे मूल्यवान समर्थक एक साथ काम कर रहे हैं। बालिका शिक्षा दुनिया की सबसे प्रभावी और परिवर्तनकारी शक्ति है। जिसके माध्यम से जटिल समस्याओं को हल किया जा सकता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह उनका अंतर्निहित अधिकार है। एजुकेट गर्ल्स दृढ़ता से इस परिवर्तन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

एआई हमें वंचित समुदायों की लड़कियों को ढूंढने के लिए और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में तो मदद कर सकता है लेकिन जमिनि स्तर पर मानवीय हस्तक्षेप के बिना काम करना असंभव है।

भारत अपने बढ़ते प्रौद्योगिकी का उपयोग सामाजिक प्रभाव निर्माण के लिए कर के एक प्रर्वतक के रूप में उभर रहा है।

## नैक मूल्यांकन में हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय महाविद्यालय को बी ग्रेड

**प्रयागराज।** नैक मूल्यांकन में हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय महाविद्यालय नैनो को बी ग्रेड प्राप्त हुई है। विगत 17 एवं 18 नवंबर को महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन के संदर्भ में आयी तीन सदस्यीय पियर टीम द्वारा किए गए मूल्यांकन के सापेक्ष महाविद्यालय को नैक द्वारा बी ग्रेड प्राप्त हुई है। सूचना के संदर्भ में एक ईमेल महाविद्यालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संदर्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश ने महाविद्यालय के नैक प्रभारी प्रो सुवर्णा सरकार सहित समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। साथ ही अगले नैक मूल्यांकन के लिए इसी प्रकार एकजुट होकर कार्य करते रहने के अपील भी की। उक्त सूचना महाविद्यालय के मीडिया प्रकोष्ठ से डॉ भास्कर शुक्ल एवं डॉ अमित कुमार मिश्र ने दी है।

# टावर से तांबे की तार चोरी करने वाले 2 गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद श्रीमती दीपांशी राठौर के नेतृत्व में जनपद मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान जनपद में चोरी जैसी घटनाओं के सफल अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद ब्रजेन्द्र प्रसाद पटेल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मु0अ0सं0 1143/23 धारा 379 भा0द0वि0 व धारा 25 भारतीय अधिनियम में वांछित अभियुक्त गण मनोज पुत्र स्व0 श्रीराम निवासी बघौली थाना कोतवाली खलीलाबाद, बृजेश कुमार पुत्र स्व0 रामदुलारे निवासी बखिरा शनिचरा बाजार थाना बखिरा को चोरी के 3.342 किलोग्राम ताँबे के तार के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411/413 भादवि की बढ़ोत्तरी करते हुए न्यायालय रवाना किया गया। पूछताछ में अभियुक्त मनोज द्वारा बताया गया कि गत 26, नवम्बर, 2023 को दोपहर में बघौली स्थित मोबाईल टावर से तांबे के तार वाला केबल चोरी से काटकर ले जा रहा था कि उसी समय टावर के कर्मचारी आ गए तथा मुझे दौड़ाये लेकिन मैं केबिल लेकर भागने में सफल रहा। पकड़े जाने तथा बरामदगी के डर से मैंने उसी दिन उक्त केबिल को जला दिया जिससे प्लास्टिक जो केबल के उपर चढ़ा था जल गया तथा तांबे का तार नंगा हो गया जिसके उपरान्त कस्बा बखिरा में बर्तन के दुकानदार को ले जाकर बेच दिया जिससे 1550 रु0 मिले। अभियुक्त की निशानदेही पर कस्बा बखिरा स्थित बर्तन की दुकान से बृजेश कुमार पुत्र स्व0 रामदुलारे पता उपरोक्त को 3.342 किलोग्राम ताबें के तार के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

## श्रावस्ती को रेल से जोड़ो संघर्ष समिति ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पीके राय को सौंपा ज्ञापन

**श्रावस्ती।** खलीलाबाद श्रावस्ती बहराइच की स्वीकृति हुई नई रेल लाइन के शिलान्यास के साढ़े चार वर्ष बाद भी अभी तक कार्य शुरू नहीं किया गया है जिसको लेकर मंगलवार को श्रावस्ती को रेल से जोड़ो संघर्ष समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पीके राय को सौंपा।संघर्ष समिति के संस्थापक/संयोजक पंकज मिश्रा ने कहा की नेपाल के सीमावर्ती अति संवेदनशील पूर्वी उत्तर प्रदेश के रेल विहीन क्षेत्रों को रेल सुविधा से जोड़ने के लिए आठ वर्ष पूर्व नई रेल लाइन स्वीकृति हुई थी।लेकिन शिलान्यास के साढ़े चार वर्ष बाद भी अभी तक कार्य प्रारंभ नही किया गया है।उन्होंने कहा की शिलान्यास के बाद यह उम्मीद जगी थी की रेल विहीन इस जिले के क्षेत्रों को रेल लाइन आ जाने से विकास को गति मिलेगी।अभी तक कार्य शुरू न होने से बहराइच बलरामपुर व श्रावस्ती जिले के लोग आहत है।यदि शीघ् ही कार्य शुरू नहीं हुआ तो आगामी लोकसभा चुनाव में भारी क्षति उठानी पड़ सकती है।

# श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से सफल होता है जीवन : आचार्य धरणीधर

फोटो परिचय–28 एसकेएन 2 कथावाचक धरणीधर महाराज।

सन्तकबीरनगर। विकासखंड नाथनगर के अंतर्गत महुली कस्बे में आयोजित श्रीमद् भागवत में श्री अयोध्या धाम से आए कथा प्रवक्ता आचार्य धरणीधर महाराज ने व्यास पीठ से कहा भागवत महात्मा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत के श्लोकों का नित्य गान करने वाले मनुष्य के करोड़ों जन्म का पाप खत्म हो जाता है। अगर कोई व्यक्ति भागवत जी का एक श्लोक या आधा श्लोक गाता है तो स्वयं भगवान श्री कृष्ण श्री राधा रानी जी के साथ वहां उपस्थित होकर उसके श्लोक के स्वर में स्वर मिलाकर बंसी की मधुर तान करने लगते हैं। महाराज जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवन से कलयुग के पांच प्रकार के महापापों का भी समूल नाश हो जाता है। आचार्य धरणीधर जी कहा कथा के गायन अथवा श्रवण से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और वह व्यक्ति बैकुंठ धाम जाने का अधिकारी बन जाता है। भागवत महात्मा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत के श्लोकों का नित्य गान करने वाले मनुष्य के करोड़ों जन्म का पाप खत्म हो जाता है। अगर कोई व्यक्ति भागवत जी का एक



श्लोक या आधा श्लोक गाता है तो स्वयं भगवान श्री कृष्ण श्री राधा रानी जी के साथ वहां उपस्थित होकर उसके श्लोक के स्वर में स्वर मिलाकर बंसी की मधुर तान करने लगते हैं। महाराज जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवन से कलयुग के पांच प्रकार के महापापों का भी समूल नाश हो जाता है। श्रीमद् भागवत कथा के गायन अथवा श्रवण से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते है और वह व्यक्ति बैकुंठ धाम जाने का अधिकारी बन जाता है। इस अवसर पर इस अवसर पर परशुराम मिश्र, राम चंद्र मिश्रा, डॉ.रमेश चंद्र मिश्र, अविनाश मिश्रा, नीरज मिश्रा, हरिदत्त पाण्डेय, हरिप्रसाद दुबे, बालमुकुंद दुबे, शिवदास दुबे, वाचस्पति दुबे, गिरीश दुबे, शिवम दुबे, कृष्ण चन्द्र दुबे, परदेसी मौर्या समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# तीस मीटर की प्रतिस्पर्धा में मणिपुर के शिल्हेइबा व केरल की ऐश्वर्या ने स्वर्ण पर निशाना साधा

**संवाददाता।** अयोध्या

**भारतीय** तीरंदाजी संघ और उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के संयुक्त तत्वावधान में 30 वीं राष्ट्रीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता के तहत राजकीय इंटर कालेज के मैदान पर चल रही स्पर्धाओं में मंगलवार को चौथे दिन भारतीय धनुष से तीरंदाजी करने वाले धनुर्धरों के बीच कड़ा मुकाबला चला। हालांकि आज दिन साफ होने से तीरंदाजों को अधिक कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा और हवा ने भी उनका साथ दिया। इंडियन राउंड के सभी मुकाबलों में पदक विजेता प्रतिभागियों को अपराह्न में व वितरण किया गया। 43वीं सीनियर रिकर्व चैंपियनशिप तथा 19वीं सीनियर कंपाउंड राष्ट्रीय चैंपियनशिप का अंतिम मुकाबला बुधवार को अयोध्या में सरयू तट पर स्थित राम की पैड़ी में दोपहर डेढ़ बजे से होगा।

मंगलवार को विजेता तीरंदाजों को पदक वितरण भारतीय तीरंदाजी संघ के महासचिव प्रमोद कुमार चंद्रूलकर, उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के महासचिव अजय कुमार, भारतीय तीरंदाजी संघ के कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर, सिक्किम के सचिव केपी गुरुंग, पंजाब के अध्यक्ष आरके बाली, भारतीय तीरंदाजी संघ के प्रतियोगिता निदेशक रुपेशकर, चंडीगढ़ एसोसिएशन के सचिव अंगुम असूरी, भारतीय ओलंपिक संघ की सदस्य डोला बनर्जी और बिहार तीरंदाजी संघ के सचिव मनोज कुमार के साथ ही अयोध्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी मधुबन कुमार सिंह ने किया।

इंडियन राऊंड चैंपियनशिप के



पचास मीटर के पुरुषों के मुकाबले में जहां हरियाणा के सोनू स्वर्ण पदक पर निशाना साधने में कामयाब रहे, वहीं उनके निकटम प्रतिद्वंदी छत्तीसगढ़ के विकास कुमार मात्र दो अंक से चूक गए। सोनू 336 और विकास ने 334 अंक अर्जित किए। विकास कुमार को रजत पदक मिला। 334 अंक ही अर्जित करने वाले उत्तर प्रदेश के शिवम विद्वान को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

पुरुषों के ही तीस मीटर की स्पर्धा में मणिपुर के शिलहेइबा लाइतनथेम ने स्वर्ण पर निशाना साध लिया। उन्होंने केरला के विजिथ एम बी को चार अंकों से पीछे छोड़ा। विजिथ को रजत पदक मिला। केरला के ही दशरथ राजगोपाल को कांस्य पदक मिला। पुरुषों के एलीमिनेशन राउंड में हरियाणा के आशीष को स्वर्ण, उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल मुद्गल को रजत और राजस्थान के विकास यादव को कांस्य पदक हासिल हुआ।

महिलाओं की 50 मीटर की स्पर्धा में मणिपुर की रोजिना सिंह ने 332 अंक लेकर मणिपुर की ही मलेश्वरी देवी को पांच अंकों से पछाड़ा। मलेश्वरी देवी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। रोजिना को इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक मिला। इस मुकाबले में आल इंडिया पुलिस कंट्रोल बोर्ड की टूटूमोनी बोरो कांस्य पदक पाने में सफल रहीं।

महिलाओं की 30 मीटर की स्पर्धा में केरल की ऐश्वर्या एवी स्वर्ण पदक पाने में सफल रहीं। उनकी निकटम प्रतिद्वंदी मणिपुर की मनविद्या देवी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मणिपुर की ही मलेश्वरी देवी को इस प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक मिला। महिलओं के एलिमिनेशन राउंड में रोजिना सिंह को सर्वाधिक अंक अर्जित कर पहली रैंक पर रहने के लिए स्वर्ण पदक दिया गया। जबकि मणिपुर की ही मलेश्वरी देवी को रजत और पंजाब की मनजोत कौर को कांस्य पदक हासिल हुआ। मिक्स टीम मुकाबलों में पुलिस कंट्रोल बोर्ड के अरुण बोरो और टूटूमोनी बोरो को स्वर्ण, असम के मनरंजन बोरो और पल्लवी बोरो को रजत और पश्चिम बंगाल के धनंजय राय व सुजाता मंडी को कांस्य पदक मिला।

पुरुषों की टीम प्रतिस्पर्धा में उत्तर प्रदेश की टीम को स्वर्ण, हरियाणा को रजत और असम ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं में पुलिस कंट्रोल बोर्ड को स्वर्ण, पंजाब को रजत और झारखंड को कांस्य पदक मिला।

# टनल मे फंसे श्रमिको के परिजनो से मिलकर डीएम ने बंधाया ढाढस

**संवाददाता।** श्रावस्ती

**सिरसिया** – जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने विकास खण्ड सिरसिया के अर्न्तगत मोतीपुर कला पहुंचकर उत्तरकाशी मे स्थित सिलक्यारा टनल हादसे मे फसे श्रमिको के घर जाकर उनके परिजनो से मुलाकात कर उनका हाल जाना और उन्हें ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि टनल मे फंसे सभी लोग सुरक्षित है घबराये नही सरकार और जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है और उन्हे निकालने के लिए युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य चलाया जा रहा है। वहाँ से उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के बाद सरकार व जिला प्रशासन के द्वारा उन्हे आपके घर तक पहुचाने की व्यवस्था भी की गयी है।



उत्तराखण्ड के उत्तराकाशी स्थित सिलक्यारा टनल हादसे मे फंसे मोतीपुर कला निवासी श्रमिक क्रमश: अंकित कुमार सन्तोष कुमार राम सुन्दर जय प्रकाश एंव इसी ग्राम पंचायत के मजरा रानियापुर के निवासी सत्यदेव राम मिलन के सभी घर पर जाकर परिजन से मिली और उनके स्वास्थ भोजन पानी आदि सभी व्यवस्थाओ को भी देखा और वही पर उपस्थित उप जिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल को निर्देश दिया कि जब तक इनके घर के फंसे श्रमिक वापस नही आ जाते है तब तक उनके परिजनो को कोई दिक्कत न होने पावे इसका विशेष ध्यान रखा जाय।

# अवैध शराब कारोबार पर नियंत्रण के लिए एसपी ने की बैठक



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक पर मंगलवार को अवैध शराब के निर्माण/निष्कर्षण/बिक्री/परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण/संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत आबकारी विभाग के अधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारीगणों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया, क्षेत्राधिकारी धनघटा बृजेश सिंह, आबकारी निरीक्षक विपिन कुमार यादव, आबकारी निरीक्षक राजकिशोर उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के संबंध में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के द्वारा विभिन्न विभागों के पोर्टल



को क्लब कर सीएम डैशबोर्ड के नाम से एक एकीकृत पोर्टल बनाया गया है,जिसमें लगातार मुख्यमंत्री कार्यालय से निगरानी की जा रही हैं तथा इसी के आधार पर जनपदों तथा अधिकारियों की रैंकिंग निर्धारित की जा रही है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा राजस्व से संबंधित विभागों जीएसटी , आबकारी, खाद्य, स्टाम्प आदि के अधिकारियों से प्रत्येक बिंदु पर गहन समीक्षा की गई। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उपरांत समय अंतर्गत विभागीय पोर्टल पर फीड कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी द्वारा सभी राजस्व से संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित मुकदमों को निर्धारित समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, एआईजी स्टांप, डीएसओ, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी,जिला सूचना अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी टांडा में देव दीपावली का आयोजन

**टांडा।** एनटीपीसी टांडा में देव दीपावली का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर आवासीय कॉलोनी स्थित सरयू घाट पर दीपदान



करके कार्तिक पूर्णिमा दीपोत्सव मनाया गया। सभी कर्मचारियों एवं परिवारजनों द्वारा गुरु नानक जयंती पर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित कर दीपदान किये गए।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री बी सी पलेई एवं गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आरती पलेई उपस्थित रहीं।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो घायल

**संवाददाता।** गोंडा

**नगर** कोतवाली के पांडेय बाजार चौकी क्षेत्र स्थित दूधनाथ मंदिर के पास सड़क के किनारे मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे बकरी के लिए पत्ती खरीद रहे चार लोगों को अनियंत्रित अमूल गाड़ी की मारुति वैन कुचलते हुए पेड़ से टकरा गई। जिसके चलते मौके पर ही दो लोगो की मौत हो गई व एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। जिनका इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी 50 वर्षीय जन्नत पुत्र मो. रफी, 55 वर्षीय मो. इसहाक पुत्र मो. शरीफ 60 वर्षीय सफीकुन निशा पत्नी सत्तार और मुन्ननन खां चौराहा निवासी 55 वर्षीय मो. नईम पुत्र छेदी अपने बकरी के लिए पत्ती खरीदने आये हुए थे। तभी तेज रफ्तार से चौक बाजार की तरफ आ रही अनियंत्रित मारुति वैन चारों लोगो को कुचलते हुए एक खड़ी स्कूटी से टकराने के बाद पेड़ से भिड़ गई।

दुर्घटना में जन्नत और मो. नईम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घायल मो. इसहाक व सफीकुन निशा को मेडिकल कालेज में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है। घटना के बाद वहां लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई। आस पास के लोगो ने एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दिया। लोगों की माने तो जन्नत, नईम, सफीकुन निशा व मो. इशहाक आदि लोग प्रति दिन सुबह बकरी के लिए चारा खरीदने यहां आते थे। वहीं पुलिस ने मारुति वैन और चालक को अपने कब्जे में ले लिया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

### ● औद्योगिक इकाइयों के बाहर आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने के निर्देश



**शाहजहाँपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम ने मौजूद सभी उद्यमियों को समस्याओं को सुना तथा उसका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने अग्निशमन केन्द्र जमौर के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुये कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाईन सर्विसेज उप्र जल निगम को कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिये। बनतारा एवं अट्सलिया के बीच में विद्युत घर की स्वीकृति हेतु मुख्य अभियंता को पत्र प्रेषित कर अग्रेतर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। अजीजपुर जिगनेरा में बने 220 केवी विद्युत सब स्टेशन को जमौर विद्युत सब स्टेशन से जोड़े जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकार ने 1 सप्ताह में अंडरग्राउंड केबलिंग कार्य पूर्ण कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। औद्योगिक क्षेत्र सहित व्यवसायिक एवं निजी भवनों जिनका क्षेत्रफल 300 वर्ग मी. से अधिक है, उन्हे रैन वाटर हारवेस्टिंग रूफस्थापित किये जाने हेतु प्रेरित किया तथा उसके लाभ भी बताये। कृभको की रेलवे साइडिंग हेतु 8 ग्रामों की पुनर्ग्रहण हेतु प्रस्तावित ग्राम सभा की भूमि को उपलब्ध कराए जाने के लिए डीएम ने प्रस्ताव तैयार कर पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। औद्योगिक क्षेत्र जमौर में चक रोड पर दबंग द्वारा खंबा लगाए जाने की उद्यमियों द्वारा शिकायत पर डीएम ने एसडीम को जांच कर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया।

# योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक मरीजों को लाभ दिलाने के निर्देश

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं यथा टीकाकारण, लाभार्थियों को दिये जाने वाले भुगतान आदि में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए। डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक दौरान चिकित्साकर्मियों सहित समस्त स्टाफ को टीम भावना के साथ कार्य कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान करने तथा शासन की योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक मरीजों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि किसी भी योजना में खराब प्रदर्शन होने पर पर संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होने ने शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही संस्थागत प्रस्व हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो को जागरूक करने हेतु भी निर्देशित किया।

डीएम ने 10 दिसम्बर, 2023 से शुरू होने वाले प्लस पोलियो अभियान को लेकर माइक्रो प्लान बनाकर क्रियान्वित करने हेतु निर्देश दिये। विशेष पंजीकरण अभियांन 30 नवम्बर से 01 दिसम्बर तक किये जाने हेतु आशाओं के द्वारा लाभार्थियों को रजिस्टर कर लाभन्वित किये जाने हेतु निर्देशित किया। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाने की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने कोटादारों से सहयोग लेने हेतु निर्देशित किया। ददरौल, कलान एवं मिर्जापुर, रूटीन इम्यूनाइजेशन में पिछड़े होने पर सुधार के निर्देश दिये। टीकाकरण में कलान, कांट, मदनापुर, मिर्जापुर, निगोही एवं नगर क्षेत्र की खराब प्रगति पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुये डीएम ने सुधार हेतु सख्त निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। पीएम मातृत्व वंदना योजना में मण्डल स्तर पर 01 स्थान होने पर सराहना की।

# कलेक्ट्रेट में हुआ जिला आउटरीज प्रोग्राम निधि आपके द्वार 2.0 कार्यक्रम

### ● एडीएम ने लिया जायजा, दिए निर्देश



**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का जिला आउटरीज प्रोग्राम ष्निधि आपके द्वार 2.0 कार्यक्रम लेखाधिकारी आलोक चंद्र दीक्षित की अगुवाई में कलेक्ट्रेट में आयोजित हुआ, जिसमें पेंशन, ईपीएफ निकासी, केवाईसी संशोधन के करीब 35 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। कार्यक्रम का प्रभारी एडीएम संजय कुमार सिंह ने जायजा लेकर उपस्थित कार्मिकों को निर्देश दिए कि पीएफ सदस्यए पेंशनभोगी और नियोक्ता से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्धता और गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। कहा कि निधि आपके निकट एक विशेष पहल हैए जिसके तहत ईपीएफओ के हितधारक शिकायत निवारण के लिए निधि आपके निकट 2.0 के तहत, ईपीएफओ अपने प्रत्येक हितधारक तक पहुंच रहा है, इससे जिले में संगठन की पहुंच और कार्यकुशलता में बढ़ोत्तरी होगी।

इस कार्यक्रम में लेखाधिकारी आलोक चंद्र दीक्षित की अगुवाई में अनुभाग पर्यवेक्षक रंजन प्रसादए पटल सहायक ओमेंद्र सिंह ने पीएफ सदस्यए पेंशनभोगी और नियोक्ता को हितधारक जागरूकता से संबंधित जिज्ञासाओं को शांत किया। वही उनके प्रार्थना पत्र को भी प्राप्त किया। बताते चलें कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हर महीने एक किसी विशेष दिन पर ही देश के सभी जिलों तक पहुंचना है। निधि आपके निकट 2.0 के तहत हर महीने की 27 तारीख को संचालित किया जा रहा। यदि किसी माह की 27 तारीख को अवकाश होता हैए तो इसे अगले कार्य दिवस पर आयोजित होता है।

# जन-सुनवाई दिवस में पांच शिकायतें



**शाहजहाँपुर।** उपनगर आयुक्त रश्मि भारती की अध्यक्षता में सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्मय) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन-सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर क्षेत्र के जन-सामान्य ने जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दू एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा। जन-सुनवाई दिवस में 5 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 3 शिकायतों का निस्तारण कराया गया

जन-सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुन जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-मानस द्वारा सम्भव के अन्तर्गत कराई गई समस्या के शीघ्र निस्तारण हेतु नगर निगम के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन-सुनवाई दिवस में सकिय प्रतिभाग कर नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को रख सकते है, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, सहायक अभियंता जलकल प्रेम चन्द्र आर्य एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सकिय प्रतिभाग किया गया।

# लोकसभा चुनाव में शिक्षक निभायेंगे अहम भूमिकाः डॉ. कमलेश यादव

### ● समाजवादी शिक्षकसभा के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र के साथ सौंपी गईं जिम्मेदारियाँ



प्रमुख महासचिव को स्मृति चिन्ह भेंट करते जिलाध्यक्ष व अन्य।

**कन्नौज।** हम शिक्षक समाज को दिशा दे सकते हैं। राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका अदा कर सकते हैं। तो कहीं न कहीं कन्नौज लोकसभा में जो समाजवादी विचारधारा के शिक्षक हैं जो समाजवादी झंडे को आगे लेकर चल रहे हैं। उनके लिए नर नारी समानता, ऊँच-नीच का भेदभाव, समानता का अधिकार, इन सब के लिए यदि कोई नेता लड़ रहा है तो वह केवल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हैं। यह बात शिक्षकसभा के प्रमुख महासचिव डॉ कमलेश यादव ने कही।

सपा कार्यालय में आयोजित मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, प्रमुख महासचिव ने जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव के साथ संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रमुख महासचिव का जिलाध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने फूल मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होनें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में अपने बूथों को जिताकर अधिक से अधिक संख्या में पार्टी के सांसदों को संसद तक पहुंचाने का काम करें जिससे राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षकों के हितों की बात मजबूती से रख सकें और उनकी समस्याओं का निस्तारण करा सकें। उन्होंने कहा कि नवमनोनीत पदाधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को एतिहासिक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभायेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला महासचिव रामसेवक राजपूत ने कहा कि बूथ स्तर पर सभी शिक्षक अपने वार्ड की लिस्ट से मिलान करके वोट बनवाने का कार्य कर लें ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव विवेक कुमार ने किया। इससे पहले समाजवादी शिक्षकसभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव डॉ कमलेश यादव द्वारा जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किया। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष ने अतिथियों व पदाधिकारियों का आभार प्रकट कर प्रतीक चिन्ह भेंट किये। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव डॉ अंकित यादव, शौर्य यादव, संजय समर्थ, डॉ शरद, राजेश बाबूजी, जिला कोषाध्यक्ष राजू यादव, विधानसभा अध्यक्ष पीपी बघेल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिगम्बर सिंह यादव, विवेक कुमार महासचिव,राशिद खान, अवनीश श्लोक पाल, अर्पित शुक्ला, टिल्लू यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### मुंहबोला भाई निकला पत्नी का प्रेमी, नकदी-जेवर लेकर फरार

**बरेली।** विवाह के बाद पत्नी जिसे मुंह बोला भाई बताती रही वह उसका प्रेमी निकला पति ने जब मोबाइल चेक किया तब उसे यह बात पता चली लेकिन तब तक पत्नी अपने प्रेमी के साथ घर में रखा नकदी और जेवर लेकर फरार हो चुकी थी पति ने पत्नी, उसके प्रेमी समेत चार लोगों के वेदर रिपोर्ट दर्ज करा कार्रवाई की मांग की । सीबीगंज के स्लीपर रोड स्थित एक कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसका विवाह चार फरवरी 2018 को रामपुर की बेबी से हुआ थ उनकी पांच साल की एक बेटी है विवाह के कुछ समय बाद पत्नी अधिकतर मायके जाने लगी वह रात तक मोबाइल पर किसी से चौट करती थी शक होने पर पति ने मोबाइल चेक किया तब पता चला रामपुर के मनोज से उसकी पत्नी अश्लील चौट करती है व्यक्ति ने बताया कि आरोपी मनोज उनके घर आता जाता रहता था और कई दिनों तक रुकता था पूछने पर पत्नी उसे मुंह बोला भाई बताती थी चौट देखने के बाद उन्होंने मनोज का घर आना जाना बंद करा दिया इस बात से पत्नी काफी नाराज रहने लगी अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगी उसने ससुर से 50 हजार रुपये 2020 में उसने अपनी मां राजवती देवी के खाते में ट्रांसफर करा दिए एक नवंबर 2021 को मनोज, अपने बहनोई और मां के साथ आया उसने बेबी का बैग उठाया और घर में रखे तीन लाख रुपये और चार तोला जेवर निकाल लिए उनकी पत्नी को साथ लेकर चला गया पुलिस ने आईजी के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

### महिला की हत्या कर खेत में फेकी लाश

**बरेली।** शाम को घर से बाहर जानवरों के लिए चारा काटने गई एक महिला की हत्या के बाद लाश को गन्ने के खेत में फेंक कर हत्यारा फरार हो गया सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर हत्यारे को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी ।शीशगढ़ थाने के गांव चुरा निवासी जगदीश की 57 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी की लाश आज सुबह गांव के पास स्थित सुंदरलाल के गन्ने के खेत में पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के बेटे विपिन ने बताया कि कल दिन में उसकी मां घर में अकेली थी और वह खुद अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया था माँ दोपहर के बाद लगभग 2 बजे घर के पालतू जानवरों को चारा लेने के लिए गांव के बाहर खेत पर गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी शाम तक इंतजार करने के बाद घर वालों ने उन्हें तलाशने की कोशिश शुरू कर दी लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला सुबह होने पर लोगों ने उनकी लाश को सुंदर लाल के गन्ने के खेत में देखा उनकी गर्दन साड़ी लिपटी हुई थी और सिर में गंभीर चोट थी लाश को देखकर लोगों ने घटना की जानकारी उर्मिला के घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे पुलिस को सूचना दे दी मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा विपिन ने किसी भी रंजीश से इनकार करते हुए कहा कि उसकी मां के कुछ जेवर भी गाय है घटना स्थल पर एसएसपी ओसी व जाच टीम भी पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी पिछले लगभग एक माह से नौ महिलाओं की हत्या से सनसनी मच गयी

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**बरेली ।** मोटरसाइकिल सवार युवक और उसके ताऊ को तेजी से आ रही मिक्सर मशीन में टक्कर मार दी इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई और ताऊ गंभीर रूप से घायल हो गया उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।शाहजहांपुर के निगोही थाने के गांव घाटगाड़ निवासी 22 वर्षीय मोहित पुत्र देवेंद्र सिंह की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई जबकि उसके ताऊ श्री कृष्ण भगवान की हालत नाजुक नहीं हुई है मृतक के घर वालों ने बताया कि मोहित अपने ताऊ के साथ 21 नवंबर को मोटरसाइकिल से कहीं जाने के लिए घर से निकला था लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही मुंडाहरित गांव के पास सड़क पर तेजी से आ रही मिक्सर मशीन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए पहले घर वालों ने स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और फिर घायल मोहित को बरेली एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया मृतक का विवाह लगभग 6 माह पूर्व शिवानी से हुआ था ।

### पेट्रोल पंप पर दिनदहाड़े लूट मैनेजर पर हमला

**बरेली।** पेट्रोल पंप पर एक कर्मचारी से दिन दहाड़े लूटपाट हो गई आरोपियों ने बीच बचाव करा रहे मैनेजर पर हमला कर उसे घायल कर दिया पुलिस ने गंभीर धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव पुरनापुर निवासी सौरभ कुमार ने बताया कि मां भगवती किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप के वह और सिमरा के अवधेश कुमार पार्टनर है रविवार दोपहर डेढ़ बजे गांव का देशराज पेट्रोल पंप पर आकर गाली गलौज करने लगा उसने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता की और कर्मचारी से पेट्रोल-डीजल के बिक्री के 1300 रुपये लूट लिए यह देख मैनेजर राजेन्द्र पाल ने देशराज को रोकने की कोशिश की तो देशराज ने जान से मारने की नियत से उस पर लाठी से हमला कर घायल कर दिया। जिससे उसकी आंख सूज गई व हाथ-पैरो में चोट आई आरोपी ने लाठी से एक ग्राहक की बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी।

### गंगा मेले में गए ग्रामीण की ट्रेन से गिरकर मौत

**बरेली।** रामगंगा मेले में गंगा स्नान के लिए घर से निकले ग्रामीण की रामगंगा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिर कर मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव पहाड़गंज निवासी 48 वर्षीय सेवाराम पुत्र झांझन लाल की आज सुबह रामगंगा पुल के पास चलती ट्रेन से गिरकर मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सेवाराम आज सुबह तडके के गांव के ही कुछ लोगों के साथ कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर चौबारी गांव के पास राम गंगा के किनारे लगने वाले मेले में शामिल होने के लिए घर से निकले थे सभी लोग ट्रेन में बैठकर राम गंगा रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले थे इससे पहले ही बोगी के दरवाजे पर खड़े सेवाराम का पैर फिसल गया और वह चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस में उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा उनकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी।

# नाबालिग लड़की को भगाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**शाहजहाँपुर।** पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगाने व बंधक बनाने तथा उसके साथ बालात्कार करने वाले नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना पुंवायाँ पुलिस को मुखविर की सूचना पर नाबालिग लड़की को वहला फुसलाकर भगाने व बंधक बनाने तथा उसके साथ बालात्कार करने वाले नामजद अभियुक्त हरदीप को बरेली मोड़ शाहजहाँपुर से गिरफ्तार किया गया। जिसे विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय के समक्ष पेश किया । पुवायाँ पर तहरीर देकर मुकदमा लिखाया उसकी नाबालिग पुत्री भगाने व बंधक बनाने के सम्बन्ध प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने अपर्हता को बरामदगी व मुल्जिम को गिरफ्तारी कर लिया।

# पुलिस ने बैंकों में चेकिंग कर की संदिग्धों की खोजबीन

### ● कोतवाल नें शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली



बैंक में निरीक्षण करते कोतवाल जेपी शर्मा व उपनिरीक्षक चन्द्रभान सिंह।

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** चोरी व टप्पेबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस द्वारा नगर की बैंकों में चेकिंग अभियान चलाकर जहां एकओर संदिग्धों की खोजबीन की। वही दूसरी ओर बैंक अधिकारियों से बैंक की सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेने के बाद मौजूद उपभोक्ताओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताएं।

मंगलवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने उपनिरीक्षक चन्द्र भान सिंह के साथ नगर के जीटी रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया, तिर्वा रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक, सब्जी मंडी स्थित पंजाब नेशनल बैंक, रामगंज स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा, एसबीआई एसएमआई शाखा पर पहुंचकर आगंतुक रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की खोजबीन की। इसके बाद उन्होंने शाखा प्रबंधक से वार्ता कर सीसीटीवी कैमरा, अलार्म एवं आयुध सहित बैंक की सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने मौजूद उपभोक्ताओं को साइबर क्राइम से बचने के लिए उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को मोबाइल फोन की ओटीपी एवं आधार नंबर सहित खाते से जुड़ी जानकारी न बताएं। उन्होंने मौजूद लोगों से संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना पुलिस प्रशासन को देने की अपील की। इस दौरान उनके साथ कॉन्स्टेबल विनय कुमार, विनीत कुमार, गजेन्द्र सिंह, दीपाशु गंगवार आदि मौजूद रहे।

# रंगोली से दहेज प्रथा पर रोक का संदेश

### ● रंगोली में भरे दहेजमुक्त समाज के सपने का रंग ● बालिकाओं को दहेज रूपी सामाजिक कुरीति को समूल समाप्त करने का दिलाया संकल्प



**लखीमपुर खीरी।** खीरी जिले में स्कूली छात्राओं ने बाल विवाह और दहेज मुक्त समाज के सपने का रंग रंगोली में भरे तो वहीं पेंटिंग से जागरूकता का संदेश भी फैलाया। महिला कल्याण विभाग खीरी के तत्वावधान में गुरूनानक विद्यक सभा कन्या इंटर कॉलेज, केशव डिग्री कॉलेज महरिया, कृषक समाज इंटर कॉलेज फत्तेपुर में बालिकाओं द्वारा दहेज प्रतिषेध दिवस पर रंगोली भाषण प्रतियोगिताएं करवाई। इन प्रतियोगिताओं के दौरान बालिकाओं को दहेज रूपी सामाजिक कुरीति को समूल समाप्त करने का संकल्प दिलाया गया।

महिला कल्याण अधिकारी आर्य मित्रा बिष्ट ने कहा कि बेटी को इतना पढ़ाओ कि दहेज देना नहीं पड़े एवं बेटे को इतना पढ़ाओ कि दहेज लेना नहीं पड़े। संरक्षण अधिकारी अनुज चतुर्वेदी ने कहा कि दहेज लेना.देना दोनों कानून अपराध है। ऐसे अपराध नहीं करने के लिए बालिकाओं को अपने परिजनों को प्रोत्साहन करना चाहिए। बालिकाओं ने मनमोहक और संदेशपरक रंगोली बनाकर न केवल सभी का दिल जीता बल्कि समाज को जागरूक करने का संदेश भी छोड़ा। विद्यालयों की बालिकाओं ने रंगोली के माध्यम से दहेज प्रथा समस्या की ओर इशारा किया। कॉलेज प्रशासन ने महिला कल्याण विभाग के कार्मिकों संग पूरे परिसर का भ्रमण कर सभी रंगोलियों का निरीक्षण किया और बच्चों के प्रयास की सराहना की। डीपीओ संजय कुमार निगम ने बताया कि खुशहाल समाज के निर्माण के लिए लोगों से सामाजिक कुरीतियों के खात्मे को आगे आने व मानव में बड़ी भागीदारी दर्ज कराने की अपील की। महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा बिस्टए संरक्षण अधिकारी अनुज चतुर्वेदी जिला समन्वयक निक्की गुप्ताए गुरु नानक विधायक सभा इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य मीनाक्षी मैम ने अहम किरदार निभाया।

### पति की तलाश में दर-दर भटक रही है पूजा, पुलिस नहीं कर रही है मदद

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के संजय नगर की रहने वाली पूजा पिछले 5 महीने से थाने चौकी से लेकर पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों और मंत्री, सांसद विधायक के चक्कर काट कर थक चुकी है। पूजा का पति कही चला गया है जिसकी शिकायत उसने बारादरी थाने में की, थाने में जब सुनवाई नहीं हुई तो वो कई बार डीएम, एसएसपी, आईजी के दरबार में भी पेश हुई, लेकिन हर बार उसे निराशा ही मिली।पूजा ने बताया की वो हरियाणा के करनाल की रहने वाली है। उसका पहला पति उसे बहुत परेशान करता था जिस वजह से उसने अपने पहले पति को तलाक दे दिया था। जिसके बाद फेसबुक पर उसकी दोस्ती बरेली के रहने वाले संदीप से हुई, जिसके बाद दोनो को एक दूसरे से मोहब्बत हो गई और उसके बाद 15 दिसंबर 2020 में दोनो ने एक दूसरे से शादी कर ली। लेकिन पिछले 5 महीने से संदीप कही चला गया है। पूजा का कहना है की उसकी कही सुनवाई नहीं हो रही है।

# फुटबाल टूर्नामेंट में लखनऊ व गौरीफंटा टीम जीती



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** स्वर्गीय अरविन्द गिरि ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के प्रथम सफल आयोजन के क्रम में छठे दिन प्रथम मैच गोरखपुर व सहारा स्टेट लखनऊ के मध्य शुरू हुआ जिसमे सहारा स्टेट लखनऊ ने 4.0 से बढ़त बनाते हुए ज़बरदस्त जीत हासिल कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। द्वितीय मैच तमिलनाडु पुलिस व गौरीफंटा में हुई कांटे की टक्कर में पहला गोल तमिलनाडु पुलिस के खिलाड़ी वलासु ने गौरीफंटा की टीम पर 01 गोल कर अपनी टीम को मजबूती प्रदान कीए लेकिन कुछ ही मिनट में गौरीफंटा के सात नम्बर के खिलाई धीरेंद्र ने तमिलनाडु पुलिस पर गोल दाग कर मैच को 01.01 से बराबरी पर ला दिया।

मैच अत्यंत रोमांचक रहा, दोनो टीमो ने बेहतरीन प्रदर्शन कर एक दूसरे को कड़ी टक्कर दीए किन्तु मध्यांतर के उपरांत गौरीफंटा की टीम के खिलाड़ी ने तमिलनाडु पुलिस पर एक और गोल कर 02.01 से बढ़त बनाई। दोनो मैच में स्टेडियम में मौजूद गोला नगर के खेलप्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

प्रथम मैच के मुख्य अतिथि शहर कोतवाल इंद्र कुमार सिंह व द्वितीय मैच के मुख्य अतिथि भट्टा एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत केडिया व संरक्षक राजा जफर उल्लाह खान सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक व प्रमुख साथी मौजूद रहे। भसीन बेकरी एंड कैफे के प्रोपराइटर देशराज भसीन की ओर से हर मैच में विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की जाती रही। उसी क्रम में फाइनल में पहुंची दोनो टीमो सहारा स्टेट लखनऊ व गौरीफंटा की टीमो को ट्रॉफी प्रदान की।

इस तरह कल बुधवार को होने वाला फाइनल मैच सहारा स्टेट लखनऊ व गौरीफंटा के मध्य मैच होगा। स्वर्गीय अरविन्द गिरि ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट कमेटी के संरक्षक व आयोजक अमन गिरि विधायक गोलाए रोमी साहनी विधायक पलिया, विजय शुक्ल रिंकू अध्यक्ष.नगर पालिका परिषद गोला, आयोजक रोटरी क्लब गोला सेंट्रल, गोला क्लब गोला, टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरि, उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरि, विजय सिंह चौहान, बीए खान, योगेश साहनी, जोगेंद्र साहनी, राजेन्द्र साहनी, कफील अहमद, मंत्री धर्मेंद्र गिरि, उपमंत्री जैनुद्दीन अंसारी, संजय सैनी, अकील अहमद, राजेन्द्र निषाद, तानसेन सिंह, भोली गिरि, टोनी साहनी, प्रमोद सिंह (एडवोकेट), कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, कमाल अहमद, ऑडिटर राजेश गिरि, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर जगदीश वर्मा, प्रचार मंत्री मनोज गिरि, सुरमुख सिंह, फुटबॉल संघ के अफसर अली सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## शोषित, वंचित समाज को बराबरी से जीने का हक देता है संविधानः पटेल

संवाददाता। चित्रकूट




**समाजवादी** बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने राष्ट्रीय बौद्ध चेतना संस्थान के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी और योगी सरकार में देश के संविधान और लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। बाबा साहब के संविधान को बचाने के लिए दलित ,पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज को एकजुट होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को हराने का संकल्प लेना होगा।

सपा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बाबा साहब डॉक्टर अम्बेडकर द्वारा बनाया गया देश का संविधान दलित ,पिछड़ा और शोषित वंचित समाज को सम्मान और बराबरी के साथ जीने का अधिकार देता है। कहा कि अगर लोकतंत्र जिन्दा रहेगा और संविधान बचा रहेगा तो हमें जो वोट का अधिकार मिला हुआ है उसके माध्यम से हम सरकारों से अपना अधिकार लेते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा कानून और संविधान को नहीं मानती। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा को हराना जरूरी है। भाजपा सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश में संविधान बचाने के लिए समाजवादी पार्टी सबसे ज्यादा संघर्ष कर रही है। हम सभी लोग संविधान बचाने का संकल्प ले रहे हैं। साथ ही हम संविधान देने वाले और जीने का अधिकार दिलाने वाले महान नेताओं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, राम मनोहर लोहिया और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को याद कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा हजारों करोड़ रुपये खर्च कर सपा मुखिया अखिलेश यादव समेत प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओ की छवि खराब कर रही है।

## अपने क्षेत्र में जकर विद्यालयों की व्यवस्था दुरुस्त कराएंः सीडीओ



**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में सीडीओ ने बीएसए लव प्रकाश यादव से कहा कि विद्यालयों में सुविधाओं बाबत शिक्षकों की पूर्ण जिम्मेदारी है, उनके लापरवाही करने पर सुधार करवाया जाए। शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते सीडीओ ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में भ्रमण कर विद्यालयों की व्यवस्था दुरुस्त कराएं। किसी विद्यालय का निरीक्षण किया तो कमियां मिलने पर शिक्षकों समेत खंड शिक्षा अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। विद्यालयों की साफ-सफाई, शौचालय, पानी टंकी अच्छे से साफरहनी चाहिए। विद्यालयों में बच्चों के नाखून कटे होने चाहिए। टास्क फोर्स के निरीक्षण में लगे जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय, तहसील स्तरीय अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक माह लक्ष्य अनुसार निरीक्षण कर विद्यालय के व्यवस्थायें देखें। जिन अधिकारियों ने नवंबर में विद्यालयों का निरीक्षण नहीं किया, वह दो दिन के भीतर कर लें। जो विद्यालयों में कमियां हो, टिप्पणी समेत आख्या दें।

## एलईडी वैन से ग्रामीणों को दी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी

●जिलाधिकारी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को दिखाई हरी झंडी

संवाददाता। कोंच, नदीगांव



**केंद्र** सरकार व राज्य सरकार द्वारा जनहित में जारी योजनाओं को प्रचारित व प्रसारित करने के लिये प्रत्येक जनपद में एल ई डी वैन भेजी गयीं हैं। जिससे प्रत्येक व्यक्तियों को योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके इसी के अनुपालन में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ विकसित भारत संकल्प यात्रा के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नदीगांव ब्लाक के ग्राम डीहा और कमसेरा के लिए एलईडी वैन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वैन डीहा एवं कमसेरा टीवी स्क्रीन पर दिखाकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में गांव के लोगों को वैन के माध्यम से जागरूक किया।

वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज शुभारंभ हो गया है जो की अनवरत रूप से 26 जनवरी तक चलेगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजना से जन सामान्य को जागरूक करना है, और जिन्हें अभी तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है या छूट गए हैं, अभियान चलाकर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं नीतियों से जन सामान्य को लाभांवित करेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे, प्राथमिकता पर जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें मुख्य धारा से जोड़ा जाए।

## एआरटीओ कार्यालय में जांच टीम के छापे से दलालों में मची भगदड़



**उरई, जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे के निर्देश पर एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव ने उरई के चुरखी रोड स्थित सहायक संभागीय अधिकारी कार्यालय में अचानक छापा मारा, जिससे कार्यालय में हड़कंप मच गया। इस दौरान जिला प्रशासन ने लाइसेंस और वाहनों की फिटनेस पास करने वाले चार संदिग्ध दलालों को हिरासत में लिया।

मामला उरई के चुर्खी रोड स्थित सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय का है। जहां लाइसेंस और वाहनों का फिटनेस पास करने के लिए पहुंचने वाले लोगों जिलाधिकारी से शिकायत की गई थी कि सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में अधिकारी और कर्मचारियों की जगह वहां प्राईवेट लोग लाइसेंस और वाहनों की फिटनेस पास कर रहे हैं और उनसे मोटी रकम वसूल करने में लगे है। इस शिकायत पर जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था, मंगलवार को इस टीम ने गुपचुप तरीके से अचानक पुलिस के साथ मिलकर कार्यालय में नियमित जांच की।

साथ ही दलाली और प्राइवेट कर्मचारी भागने लगे, मगर पुलिस ने भागने वाले प्राइवेट लोगों को मौके से पकड़ लिया।

## सीओ ने पैदल गश्त कर लोगों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा



**मऊ, चित्रकूट।** क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह की अगुवाई में क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना मऊ पुलिस ने पैदल गश्त कर आमजनता से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। मंगलवार को सीओ मऊ जयकरन सिंह की अगुवाई में मऊ कस्बे में पैदल गश्त कर दुकानदारों, व्यापारी बंधुओं, क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिया। पैदल गश्त दौरान पुलिस टीम ने सरकारी शराब दुकानों की जांच की। दो व चारपहिया वाहनों की भी जांच हुई। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पैदल गश्त में लोगों से संवाद को बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को सुरक्षा का भरोसा देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर थाने में सूचना दें। बताया कि अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। अपराधियों पर नकेल कसने का काम किया जा रहा है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें।

## छात्र-छात्राओं को तकनीकी सहयोग के लिए बांटे स्मार्ट फोनः गौरीशंकर

संवाददाता। उरई, जालौन




**वर्तमान** समय में भारत देश की जो प्रगति के पथ पर चल रहा है उसमें छात्र-छात्राओं को तकनीकी सहयोग देने के लिए राज्य सरकार ने उनकी सहायता के लिए मुफ्त मोबाइल टैबलेट योजना दी है। यह उक्त विचार कुसुम कुमारी गोविंद नारायण शिक्षा महाविद्यालय जालौन में स्वामी विवेकानंद टैबलेट स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहीं।

वहीं पर छात्राएं मुख्यमंत्री की इस दूरगामी विकसित योजना को काफी सराहा एवं प्रसन्न दिखे कई छात्रों ने अपने विचार भी व्यक्त किये और इसी क्रम में महाविद्यालय की प्रबंधक डा. भास्कर अवस्थी जी ने कहा कि यह सरकार का बहुत ही अच्छा कदम है। इससे अच्छा छात्राएं तकनीकी रूप से मदद मिलेगी वर्तमान समय में तकनीक कितना उपयोग हो गया है। रोजमर्रा जिंदगी में भी आज हमें मोबाइल की आवश्यकता है। सरकार के इस विश्वसनीय कदम में सभी लोगों के लिए आगे आने वाली पीढ़ी के लिए एक मजबूत ठोस आधारशिला रखी है।

### वादों के निस्तारण के लिए हुई जागरूकता बैठक



**उरई, जालौन।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत समिति की बैठक मंगलबार को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मनोज कुमार गौतम के विश्राम कक्ष में हुई जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों को सुलह समझौता कराकर निस्तारण के लिए जागरूकता बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मनोज कुमार सिंह गौतम अपर प्रधान न्यायाधीश अमृता शुक्ला अनुश्रवण राष्ट्रीय लोक अदालत समिति के सदस्य केके प्रजापति परामर्शदाता सुलेखा मंजू सेंगर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक

**फतेहपुर।** जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी जिलाधिकारी सूरज पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का निस्तारण समय से संबंधित विभाग करे। आवेदन डिफाल्टर श्रेणी में नहीं आने पाए इसका विशेष ध्यान रहे। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद के तहत प्राप्त आवेदनों को उद्योग लगाने के लिए ऋण मुहैया कराया जाय, साथ ही पूर्व में जो आवेदन प्राप्त हुए थे और अस्वीकृत कर दिए गए है, अस्वीकृत आवेदनों का कारण स्पष्ट करे और यदि छोटी, मोटी कमियां है तो पूरा कराकर ऋण उपलब्ध कराया जाय। उद्यमियों द्वारा उठाई गई शिकायत हाईवे बिंदकी कैंची मोड़ में अंडर पास का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश संबंधित को दिए।

### बीज पाने के लिये जिला उद्यान अधिकारी से करें सम्पर्क

**कानपुर देहात।** शासन के निर्देशों के क्रम में जिला उद्यान अधिकारी डॉ बल्देव प्रसाद ने बताया कि उद्यान विभाग के पोर्टल पर सब्जी बीज (टमाटर, शिमलामिर्च, पातगोभी, फूलगोभी, लौकी, तरोई, करेला, कद्दू) आदि तथा मसाला बीज (प्याज एवं मिर्च) की खेती हेतु पंजीकरण कराने वाले जनपद के कृषकों को सूचित किया जाता है कि नवीन व्यवस्था के अन्तर्गत विभाग द्वारा अधिकृत कम्पनियों से कम्पनी के खाते में भुगतान कर बीज कार्यालय के माध्यम से प्राप्त किया जायेगा। जिन किसान भाइयों ने सब्जी / मसाला बीज में अपना आवेदन पंजीकरण करा रखा है, वे बीज हेतु कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, कानपुर देहात विकास भवन, माती कक्ष संख्या 312 में अतिशीघ्र सम्पर्क करें।

### एसडीएम मऊ-सीओ ने सड़कों से हटाया अतिक्रमण

**मऊ, चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ के मुख्य चौराहे पर आए दिन लगने वाले जाम से लोगों को निजात दिलाने को एसडीएम राकेश पाठक ने पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। मंगलवार को बस स्टैण्ड मऊ में जाम लगने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। प्रशासन ने अतिक्रमण से हो रही परेशानी को देखते हुए अतिक्रमण हटाया। प्रशासन की कार्रवाई से मऊ की सड़कों-पटरियों से अतिक्रमण हटाया गया। प्रशासन ने व्यापारी बंधुओ को अतिक्रमण के बारे में समझाया, अतिक्रमण से लोगों को परेशानियां होती हैं। व्यापारी बंधुओ से अपील की कि सड़कों पर दुबारा अतिक्रमण न करें। अन्यथा करवाई की जायेगी।

### धूमधाम से मना लोजपा का स्थापना दिवस



**फतेहपुर।** शहर के सीओ सिटी आवास के समीप लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष राजू पासवान के आवास में पार्टी का 24वां स्थापना दिवस धूमधाम से पार्टी जनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा एड., विशिष्ट अथिति के रूप में प्रदेश महासचिव अरविंद शुक्ला व प्रदेश सचिव कमलाकर त्रिपाठी उपस्थित रहे। इस मौक़े पर जिला अध्यक्ष ने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष निवासी सलीम खान को मनोनीत किया। पार्टी जनों ने नव नियुक्त अध्यक्ष का माल्यार्पण कर बधाई दी।

### पुलिस टीमों ने बैंक परिसर से संदिग्धों को भगाया

**चित्रकूट।** पुलिस टीमों ने थाना क्षेत्र के बैंक/वित्तीय संस्थानों की जांच की। मंगलवार को बैंकों की जांच दौरान बैंक सुरक्षा रजिस्टर देखा। ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सुरक्षा निर्देश दिये। सतर्कता से ड्यूटी करने को चेताया। बैंक में लगे अलार्म/सायरन, सीसीटीवी कैमरों को देखा। जिन बैंकों में कैमरे काम नहीं कर रहे थे या शाखा प्रबंधक लापरवाही कर रहे थे, उनसे सुरक्षा बाबत चर्चा की गई। बैंक परिसर में संदिग्ध लोगों की जांच की गई। अनावश्यक बैठे लोगों को परिसर से बाहर किया।

### फसल को बचाने करेंट छोड़ा तारों में

**जालौन।** खेत में लगी फसल को जानवरों से बचाने के लिए तारों में करंट छोड़ दिया। तारों में छोड़े गए करंट की चपेट में आने से दो गायों और एक बछड़े की मौत हुई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत पशुओं को शवों को दफन कराया। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम लोहई में वीरेश अपने खेत में खड़ी फसल को अन्ना पशुओं से बचाने के लिए खेत के चारों ओर तार फेसिंग कराए थे। तार फेसिंग के साथ ही उन्होंने तारों में करंट भी छोड़ दिया था। मंगलवार को कुछ जानवर उनके खेत की ओर पहुंच गए और वह खेत में घुसने का प्रयास करने लगे।

## महर्षि विद्या मंदिर में लगा विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर, छात्रों को किया जागरूक

संवाददाता। फतेहपुर




**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में महर्षि विद्या मंदिर में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव नित्या पाण्डेय ने बालिकाओं, युवतियों व महिलाओं को उनके शिक्षा का अधिकार, भरण-पोषण का अधिकार, कार्य स्थल पर छेड़छाड़, यौन उत्पीडन से संबंधित संरक्षण का अधिकार, पुरूषों के समान पारश्रमिक का अधिकार, यौन उत्पीडन पर पीड़िता का नाम सार्वजनिक न होने का अधिकार, पति अथवा रिश्तेदारों के खिलाफ घरेलू हिंसा से सुरक्षा का अधिकार, कामकाजी महिलाओं को मातृत्व संबंधी लाभ का अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफअधिकार, रात में गिरफ्तार न होने का अधिकार, सम्पत्ति में बराबरी का अधिकार, पीड़िताओं को क्षतिपूर्ति पाने आदि अधिकारों से संबंधित विस्तृत चर्चा की।

वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार पांडेय ने उपस्थित लोगों को महिलाओं पर होने वाले शोषण के विरुद्ध अधिकार से संबंधित जानकारी प्रदान की। तहसीलदार सदर इवेन्द्र कुमार ने बच्चों पर होने वाले अत्याचार से निपटने के लिये उनके अधिकारो से संबंधित जानकारी एवं राजस्व से संबंधित किसान सम्मान निधि योजनाओं की जानकारी प्रदान की। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बच्चों को मध्यस्थता, नि:शुल्क विधिक सहायता, बाल शोषण, महिला सशक्तिकरण, युवा सशक्तिकरण एवं राज्य सरकार की चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

महिला कल्याण अधिकारी पूनम पाण्डेय ने भी महिलाओ एवं छात्राओं से संबंधित प्रदेश सरकार की चलायी जा रही गरीब कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। शिविर में जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

## हंस ग्रीन पब्लिक स्कूल में हुई खेलकूद प्रतियोगिता



**फतेहपुर।** मलवा ब्लॉक के ग्राम अहिरनखेड़ा स्थित हंस ग्रीन पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओ में भाग लिया। इस मौक़े पर अशोका हाउस को विनर अप तथा शिवानी हाउस को रनर अप की ट्रॉफी प्रधानाचार्य शिवानी खन्ना ने सौंपी। अशोका हाउस के प्रतिनिधित्व में तन्मय वीर प्रताप, वैष्णवी, प्राची तथा शिवांगी हाउस की श्रेया, रजत, सलोनी, शुभम आदि बच्चों ने सहभाग किया। कार्यक्रम में पीटीआई आर.के. मिश्रा के नेटवर्क में संचालित हुआ। विद्यालय प्रबंधक चंद्रभान यादव व अध्यक्ष रविंद्र यादव द्वारा सभी प्रतिभागियों का माल्यार्पण व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## प्रशासन की पहल पर सीसीटीवी कैमरा लगवाएगा व्यापार मंडल



**खागा, फतेहपुर।** आमजनमानस की सुरक्षा की दृष्टि से खागा पुलिस प्रशासन की पहल पर व्यापार मंडल खागा नगर के नौबस्ता बाईपास चौराहे के दोनों ओर सीसीटीवी कैमरा लगवाएगा। व्यापारियों की बैठक में क्षेत्राधिकारी ब्रजमोहन राय व प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह की पहल पर व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष राजेश चौधरी, नगर उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने व्यापारियों के सहयोग से कैमरा लगवाने जिम्मेदारी लेते हुए सीओ, एसओ, कस्बा इंचार्ज के साथ नौबस्ता रोड चौराहे पर जगह का मौका मुआयना किया, जहां पर दोनों जगह निश्चित की गई। इस दौरान व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ने कहा कि व्यापार मंडल सदैव ही नगर हित में कार्य करता रहता है। कहा कि यहां पर कैमरा लगने से निश्चित तौर पर जहां व्यापारी, आमजनमानस अपने आप को सुरक्षित महसूस करेगा। वहीं आराजकतत्वो में भी भय रहेगा, जिससे होने वाली घटनाओं से भी बचा जा सकेगा। उन्होंने इस कार्य में अहम भूमिका निभाने के लिए जिला उपाध्यक्ष राजेश चौधरी व नगर उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंह का आभार जताया। साथ ही नगर के व्यापारियों वा नगरवासियों से अपनी दुकान मकान के सामने एक एक बल्ब जरूर लगान का अनुरोध किया।

## भाकियू (भानू गुट) ने सिटी मजिस्ट्रेट को 11 सूत्रीय मांगों के साथ सौंपा ज्ञापन



**फर्रुखाबाद।** जिले के भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला कार्यकारी अध्यक्ष राजेश दीक्षित उर्फ बबलू की अगवाई में सिटी मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र को 11 सूत्री मांगों के साथ एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है की गंगा के दोनों तरफ बांध बांधे जाने, आवारा गौवंशों को पकड़वाकर गौदान में पहुंचाने, राजस्व विभाग द्वारा किसानों को प्रताड़ित करने, पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कटरी शिकारपुर संपर्क मार्ग को ऊंचा करने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवा न वितरण करने, बाढ़ से नष्ट हुई किसानों की फसलों का तत्काल सर्वेक्षण कराकर मुआवजा दिलाने, कटरी धर्मपुर गंगा जी के कटान से कब्रिस्तान कट जाने पर लोगों के परिजनों में किसी भी मृत्यु होने पर ग्राम समाज की भूमि पर कब्रिस्तान की स्वीकृति प्रदान करने ,पानी की टंकी से सिंचाई विभाग द्वारा पानी की सप्लाई न देने , खनन विभाग द्वारा पुलिस विभाग द्वारा किसानों के निजी भराव मिट्टी डालने हेतु रोके जाने के संबंध में(10) ग्राम पंचायत में विधवा, वृद्धावस्था, विकलांग पेंशन योजनाओं को गरीबों को देने, ग्राम पंचायत बिलावलपुर में सोता नाला में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बड़ी ऊंची पुलिया का निर्माण कार्य कराने के संबंध में मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया।

## बार एसोसिएशन ने दी इलाइची वाला को भावभीनी श्रद्धांजलि



**फर्रुखाबाद।** बार एसोसिएशन फतेहगढ़ में वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सुरेश चंद्र सारस्वत उर्फ इलायची वाला के असामयिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर समस्त अधिवक्ताओं ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा स समस्त अधिवक्ताओं ने प्रार्थना की उनके परिवार को इस दुखद घड़ी में साहस प्रदान करें सइस शोक सभा की अध्यक्षता बार एसोसिएशन अध्यक्ष श्री जवाहर सिंह गंगवार एडवोकेट ने की। इस मौके पर सचिव नरेश यादव एडवोकेट, सुरेंद्र राणा , पुष्पेंद्र यादव एडवोकेट श्री गौतम वर्मा एडवोकेट, शमीम खान एडवोकेट, शिवेंद्र मोहन मिश्रा एडवोकेट, अमित सिंह सहित तमाम अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

## अब पतरा स्टेशन पर रुकेगी मेमो ट्रेन




**रूरा, कानपुर देहात।** जनपद के ग्राम रोशनमऊ स्थित पतरा रेलवे स्टेशन पर क्षेत्र पंचायत सदस्य कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक के प्रयासों से मेमो ट्रेन 041 59 का ठहराव होगा। सुबह से ही रेलवे स्टेशन पर भारी संख्या में यात्रियों ने पहुंचकर ट्रेन के ड्राइवर के स्वागत की तैयारी शुरू की। मेमो ट्रेन के ठहराव होते ही यात्रियों ने ट्रेन के ड्राइवर को माला पहनकर वह मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

पतरा स्टेशन पर कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक के द्वारा रेल बोर्ड को लिखे गए पत्र के बाद पतरा स्टेशन पर मेमो ट्रेन संख्या 04159 अप ट्रेन का ठहराव सम्भव हुआ। क्षेत्रीय जनता ने कन्नौज सांसद द्वारा किए गए प्रयास की प्रशंसा की साथ ही साथ कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक को धन्यवाद दिया जिनके प्रयासों द्वारा पतरा स्टेशन को मेमो ट्रेन मिली जिससे सैकड़ों यात्रियों को सुबह रुरा झींझक , फफूंद, इटावा जाने की सुविधा प्राप्त हुई। राम मोहन शुक्ला ने ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

इस अवसर पर वहां पर आरपीएफ प्रभारी खजान सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य राम मोहन शुक्ला , शिवम शुक्ला बाबा,अशोक यादव सिपाही, ध्यान सिंह, व अन्य स्टॉप की उपस्थिति रही।

## नगर मजिस्ट्रेट ने लोहिया अस्पताल का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** नगर मजिस्ट्रेट के औचक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। उनके सामने स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खुल गयी। उन्हें मौके पर 11 चिकित्सक अनुपस्थित मिले । जिनके खिलाफ कार्यवाही को सीएमएस को निर्देश के साथ ही जिलाधिकारी को रिपोर्ट भी सौपेंगे। चिकित्सकों की लेट लतीफी की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट सतीश चन्द्र नें मंगलवार सुबह लोहिया अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी देखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके साथ ही साथ उन्होंने सीएमएस के कमरें में जाकर उपस्थित रजिस्टर देखा तो उन्हें कुल 11 चिकित्सक अनुपस्थित मिले। जिससे उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने गायब चिकित्सकों के खिलाफ कार्यवाही के सीएमएस को निर्देश दिये। जब नगर मजिस्ट्रेट लोहिया अस्पताल पहुचे तो उन्हें अस्पताल के भीतर कई बाइके खड़ी मिली। जिस पर उनका पारा चढ़ गया और उन्होंने कादरी गेट थाना पुलिस को बुला लिया और सबसे पहले बाइके बाहर खड़ी कराकर चालान कराया।

## अज्ञात लोगों के हमले से चौकीदार की मौत

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम इचौली में चल रहे रेलवे के काम में रखवाली के लिए रखे गए एक निजी वृद्ध चौकीदार पर अज्ञात लोगों ने हमला कर घायल कर दिया जिसकी बाद में मौत हो जाने पर मृतक के बेटे ने कोतवाली मौदहा में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है वहीं कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

अवगत हो कि कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम इचौली निवासी रामसेवक 75 वर्ष पुत्र सुक्खा प्रजापति गांव के पास ही रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण होने के चलते वहां रखे सामान की निगरानी हेतु चौकीदारी करता है।सोमवार की रात अज्ञात आरोपियों ने उसके सिर पर प्रहार कर उसे मरणासन्न हालत में छोड़ भाग निकले।रात भर इस हालत में पड़े रहने पर अधिक रक्त स्राव हो जाने पर रामसेवक की मंगलवार की सुबह मौत हो गई।इसकी जानकारी होते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी होते ही अपर पुलिस अधीक्षक,मायाराम वर्मा पुलिस क्षेत्राधिकार विवेक यादव व कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सैनी व डॉग स्क्रायड ने मौके पर पहुंच मृतक के शव का निरीक्षण कर घटना की जांच पड़ताल करते हुए मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। मृतक के बेटे जयकरण की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ धारा 302 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।मृतक के दो बेटे हैं जो गांव में अपने परिवार के साथ रहते हैं जबकि रामसेवक चौकीदारी करने के चलते वहीं पर रहता था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि रात्रि में वहां रखी लोहे की सरिया, सीमेंट व अन्य सामान की चोरी करने कोई आया होगा तभी रामसेवक के विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर हमला कर उसे मरनासन्न हालत में छोड़ मौके से भाग निकले बाद में घायल राम सेवक की मौत हो गई।

# फलस्तीनी नागरिकों के विस्थापन से बचे इजराइल : अमेरिका

●दक्षिणी गाजा में किसी भी अभियान में बरते सतर्कता

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका ने** इजराइल से कहा है कि अगर वह हमास आतंकवादी समूह को खत्म करने के उद्देश्य से अपने जमीनी अभियान को फिर शुरू करता है तो उसे दक्षिणी गाजा में फलस्तीनी नागरिकों के बड़े विस्थापन से बचने पर काम करना चाहिए। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जो बाइडन प्रशासन बड़े पैमाने पर नागरिक हताहतों या बड़े पैमाने पर विस्थापन से बचने पर जोर दे रहा है, जैसा कि लड़ाई में मौजूदा अस्थाई विराम से पहले देखा गया था। उसने इजराइल से कहा कि उन्हें उत्तर की तुलना में दक्षिणी गाजा में कहीं अधिक सटीकता के साथ काम करना चाहिए। एक अधिकारी के अनुसार, युद्ध में मारे जाने वाले फलस्तीनियों की बढ़ती संख्या के कारण अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दबाव के बीच



व्हाइट हाउस ने इजराइल पर अधिक दबाव डालना शुरू कर दिया है कि आगामी अभियान के तरीके पर सावधानीपूर्वक विचार किया जाना चाहिए। अधिकारी ने कहा कि जब प्रशासन के अधिकारियों ने ए चिंताएं उठाईं तो इजराइलियों ने इसे स्वीकार कर लिया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट कर दिया है कि इजराइली रक्षा बल वर्तमान अस्थाई संघर्ष विराम के समापन के बाद सैन्य अभियान फिर से शुरू करेंगे। दोनों पक्ष सोमवार को संघर्ष विराम को और दो दिन के लिए बढ़ाने तथा कैदियों के बदले बंधकों की अदला-बदली जारी रखने पर सहमत हुए। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह जब तक संभव हो संघर्ष विराम को लागू देखना चाहेंगे- जिसने गाजा में बहुत आवश्यक मानवीय सहायता में वृद्धि की भी अनुमति दी है। विदेश विभाग ने सोमवार को कहा कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इस सप्ताह मध्य पूर्व जाएंगे क्योंकि अमेरिका को संघर्ष विराम का विस्तार होने और अधिक बंधकों को रिहा कराने का रास्ता निकलने की उम्मीद है। पिछले महीने हमास के साथ इजराइल का युद्ध शुरू होने के बाद से यह क्षेत्र की उनकी तीसरी यात्रा होगी। इसके साथ बाइडन और शीर्ष अधिकारियों ने हमास पर केंद्रित ऑपरेशन जारी रखने की इजराइल की इच्छा के बारे में भी स्पष्ट राय रखी है, जिसने पिछले सात हफ्तों में बड़े पैमाने पर उत्तर पर ध्यान केंद्रित किया है। वे गाजा पर हमास के नियंत्रण और इससे इजराइली नागरिकों को होने वाले खतरे को खत्म करने के इजराइल के लक्ष्य का समर्थन करते हैं, लेकिन फलस्तीनी नागरिकों के जीवन की रक्षा करने की आवश्यकता के बारे में और अधिक मुखरता से अपनी बात रखी है।

### इजराइली नागरिकों के रिश्तेदारों ने ऑस्ट्रेलिया की संसद का दौरा किया

**कैनबरा।** फलस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास द्वारा अगवा किए तथा मारे गए इजराइली नागरिकों के रिश्तेदारों तथा एक दोस्त ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया की संसद का दौरा किया। इस दौरान इजराइली नागरिकों ने सभी बंधकों को मुक्त कराने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन की पैरवी तथा इजराइल के युद्ध प्रयासों का समर्थन करने की मांग की।इजराइल के पांच नागरिकों का समूह कैनबरा में दो दिवसीय यात्रा के दौरान वहां के राजनेताओं से मुलाकात करेगा। इजराइली नागरिकों द्वारा ऑस्ट्रेलिया के एक सप्ताह की यात्रा के दौरान सिडनी और मेलबर्न में समुदाय के लोगों के साथ अनुभव साझा करने की भी उम्मीद है। एलाड लेवी (49) ने संसद भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा, हमारा लक्ष्य सबसे पहले बंधकों को वापस लाना है।

### बंधक बनाए गए इजराइली नागरिकों ने आपबीती बयां की

**तेल अवीव।** हमास द्वारा छोड़ी गई एक इजराइली बंधक ने एक साक्षात्कार में बताया कि उसे शुरुआत में अच्छी तरह खाना दिया गया लेकिन बाद में हालात बिगड़ने लगे और उसे एक बंद कमरे में रखा गया जहां वह करीब 50 दिन तकप्लास्टिककी कुर्सियों पर एकसाथ बिछाकर सोई। रूथी मुंदर (78) ने इजराइल के चैनल 13 को बताया कि उन्होंने अपना पूरा वक्त अपनी बेटी केरेन और नाती ओहद मुंदर-जिचरी के साथ बताया। इसी दौरान ओहद का नौवां जन्मदिन पड़ा। मुंदर को सात अक्टूबर को दक्षिण इजराइल के निर ओज में उनके घर से घसीटकर ले जाया गया। उनके पति अव्राहम (78) को भी बंधक बना लिया गया और वह गाजा में ही है। उनके बेटे की हमले में मौत हो गई। मुंदर ने टेलीविजन चैनल को बताया कि शुरुआत में उन्हें चावल के साथ चिकन, डिब्बाबंद खाना और चीज़ खाने को दिया गया। उन्होंने कहा, हम अच्छे थे। उन्होंने बताया कि सुबह और शाम उन्हें चाय दी जाती थी और बच्चों को मिठाइयां दी जाती थीं। मुंदर के अनुसार, हालांकि आर्थिक हालात बिगड़ने लगे और लोग भूखे रहने लगे जिसके बाद खानपान की चीजों में भी बदलाव हो गया। जंग शुरू होने के बाद से इजराइल ने गाजा पर नकेल कस रखी है जिसके बाद वहां खाने की चीजों, ईंधन और अन्य बुनियादी वस्तुओं की कमी हो गई है। शुक्रवार को रिहा की गई मुंदर भी अन्य मुक्त किए गए बंधकों की तरह अच्छी हालत में लौटीं है। लेकिन 84 वर्षीय एक महिला को उचित देखभाल नहीं मिलने के कारण खराब हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अन्य बंधक को सर्जरी की जरूरत है। बंधकों ने वापसी के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं बताया गया है। उनके बारे में कोई भी जानकारी रिश्तेदारों से ही मिल रही है। बंधक बनाए गए कुछ लड़के बातें करते रहते थे, वहीं कुछ लड़कियां रोती रहती थीं। कुछ लड़के फर्श पर ही सो जाते थे। मुंदर के अनुसार उन्हें जिस कमरे में रखा गया था, वह दमघोटू था और बंधकों को रोशनदान खोलने से रोक दिया जाता था।

## क्विक न्यूज़

### भारतीय अमेरिकी सांसद कृष्णामूर्ति पर फॉरेन पॉलिसी पत्रिका में लेख प्रकाशित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के अंदर से अमेरिका की चीन संबंधी नीति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए, प्रतिष्ठित फॉरेन पॉलिसी पत्रिका ने भारतीय अमेरिकी सांसद राजा कृष्णामूर्ति पर लेख प्रकाशित किया है। फॉरेन पॉलिसी ने अमेरिका और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा को लेकर प्रवर समिति के नेतृत्व के लिए कृष्णामूर्ति और चीन समिति के अध्यक्ष माइक गैलाघर पर लेख प्रकाशित किया। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के साथ अमेरिका की आर्थिक, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा प्रतिस्पर्धा के मामले से जुड़ी नीतियां बनाने और उनकी समीक्षा के विशिष्ट उद्देश्य के लिए इस साल फरवरी में समिति का गठन किया गया था। कृष्णामूर्ति (50) अध्यक्ष या रैंकिंग सदस्य के रूप में किसी अमेरिकी संसदीय समिति का नेतृत्व करने वाले पहले दक्षिण एशियाई बन गए हैं। लेख में कृष्णामूर्ति और गैलाघर के बढ़ते दर्जे का जिक्र करते हुए कहा गया है कि दोनों नेताओं के बीच वास्तव में अच्छा सामन्जस्य प्रतीत होता है। कृष्णामूर्ति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, सीसीपी द्वारा पेश की गई चुनौतियों से निपटने के लिए गैलाघर के साथ काम करना खुशी की बात है।

### म्यांमा में हिंसा में फंसे नौकरी घोटाले के शिकार 127 मलेशियाई नागरिकों को बचाया गया

**कुआलालंपुर (मलेशिया)।** उत्तरी म्यांमा में सेना और सशस्त्र जातीय समूहों के बीच हिंसा में फंसे नौकरी घोटाले के 120 से ज्यादा संदिग्ध पीड़ितों को हिरासत में इलाके से निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। मलेशियाई सरकार ने यह जानकारी दी।विदेश मंत्री जाम्ब्री अब्द कादिर ने न्यूयॉर्क के लिए रवाना होने से पहले सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि सुरक्षित बाहर निकाले गए मलेशियाई नागरिकों की संख्या बीते कुछ दिनो मे शुरुआती आंकड़े 26 से बढ़कर 127 हो गई है।उन्होंने कहा कि वे सभी सुरक्षित स्थान पर हैं और सरकार उन्हें बृहस्पतिवार तक हवाई मार्ग के जरिए स्वदेश लाएगी। विदेश मंत्रालय ने पूर्व मे कहा था कि मलेशियाई नागरिकों का समूह लौक्कैंग नाम के एक ऐसे शहर में फंसा हुआ है, जो ऑनलाइन घोटालो, जुए और अन्य अपराधो के लिए कुख्यात है। उत्तरी म्यांमा मे सशस्त्र जातीय अल्पसंख्यक समूहों के एक गठबंधन ने पिछले महीने चीन की सीमा से सटी कई जगहो पर अचानक हमला कर उनपर नियंत्रण कर लिया था, जिसके बाद से लगातार हिंसा जारी है। सशस्त्र समूहों के सीमा पारगमन क्षेत्रों पर कब्जा करने की वजह से व्यापार में व्यापक बाधा उत्पन्न हुई है।

### रविंद चंद्रा एलिएक्सिस में शामिल

**ट्रांबे।** मौलिक फ्लुइड मैनेजमेंट सॉल्यूशंस के जरिए पानी और ऊर्जा तक पहुंच बनाने वाली वैश्विक अग्रणी कंपनी, एलिएक्सिस ने अपनी एक्जिक्यूटिव कमिटी में अरविंद चंद्रा को शामिल किया है। एलिएक्सिस इंडिया (आशीर्वाद पाइप्स) के नए डिविजनल सीईओ के तौर पर वह सीईओ एरिक ओल्सन को रिपोर्ट करेंगे। एलिएक्सिस के सीईओ एरिक ऑलसन ने कहा, अरविंद चंद्रा के गतिशील नेतृत्व में हम अपने भारतीय व्यवसाय के अगले चरण को लेकर उत्साहित हैं। अरविंद का विभिन्न उद्योगों में विकास और मुनाफे को बढ़ाने का 30 सालों का प्रभावशाली वैश्विक रिकॉर्ड है। आने वाले वर्षों में भारत एलिएक्सिस के लिए एक उच्च विकास वाला बाजार है और अरविंद हमारे भारतीय परिचालन को अगले स्तर पर ले जाने में मदद करेंगे। एलिएक्सिस इंडिया के डिविजनल सीईओ अरविंद चंद्रा ने कहा, भारत की जल संबंधी गंभीर चुनौतियों से निपटने की कोशिशों में एलिएक्सिस के साथ जुड़कर मुझे खुशी हो रही है। आशीर्वाद टीम के साथ मिलकर, हम स्थिरता और नवाचार दोनों पर मजबूत फोकस के साथ विकास की गति को आगे बढ़ाएंगे, क्योंकि हम उच्च गुणवत्ता वाले सॉल्यूशंस मुहैया कराते हैं, जिनकी हमारे ग्राहक उम्मीद करते हैं। एलिएक्सिस में शामिल होने से पहले अरविंद चंद्रा मिंडा कॉर्पोरेशन कंपनी में ऑटोमोटिव क्षेत्र के सबसे बड़े वर्टिकल के सीईओ थे।

### श्रीलंका ने भारत समेत छह देशों के नागरिकों को मुफ्त पर्यटक वीजा देने की नीति लागू की

**कोलंबो।** पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के मकसद से श्रीलंका ने भारत समेत छह देशों के नागरिकों को मुफ्त पर्यटक वीजा की सुविधा देने की नीति लागू कर दी है। इससे भारतीय पर्यटकों (श्रीलंका जाने वाला सबसे बड़ा समूह) को तत्काल मुफ्त पर्यटक वीजा मिल सकेगा। आव्रजन एवं उत्प्रवासन विभाग ने यहां यह घोषणा की। यह सुविधा अक्टूबर से भारत, चीन, रूस, मलेशिया, जापान, इंडोनेशिया और थाईलैंड के यात्रियों को मुफ्त में पर्यटक वीजा जारी करने के कैबिनेट के फैसले के बाद शुरू की गई है। कर्ज मे फंसे द्वीपीय राष्ट्र के पर्यटन क्षेत्र के पुनर्निर्माण के प्रयासो के तहत यह क्वायद शुरू की गई है। श्रीलंका मे वर्ष 2019 मे ईस्टर रविवार को की गई बमबारी के बाद से विदेशी पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है।

### निबव को तीन इंटरनेशनल सर्टिफिकेशन मिले

**ईयू।** होम-लिफ्ट ब्राण्ड निबव होम-लिफ्ट्स, जिसकी 12 देशों में मौजूदगी है, ने तीन इंटरनेशनल सर्टिफिकेट हासिल किए हैं, जो विश्वस्तरीय बाजारों में कंपनी के विकास को गति प्रदान करेंगे। युरोपियन स्टैण्डर्ड्स का अनुपालन करने वाली कंपनी को अब कोनफोरमाईट युरोपीनी (लैटर 'सीई') सर्टिफिकेशन मिला है, जो न सिर्फ युरोपीय बाजारों में बल्कि दुनिया भर के बाजारों में इनकी सेल्स बढ़ाएगा। इसके अलावा निबव होम लिफ्ट्स को ऑस्ट्रेलियन स्टैण्डर्ड्स सर्टिफिकेशन और अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स सर्टिफिकेशन भी मिला है। ये सर्टिफिकेशन सुरक्षित एवं उत्कृष्ट गुणवत्ता के होम-लिफ्ट प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। कंपनी की उपलब्धियों पर गर्व की अभिव्यक्ति करते हुए विमल आर बाबु, सीईओ एवं संस्थापक, निबव होम लिफ्ट्स ने कहा,''ये सर्टिफिकेशन दुनिया के आधुनिक होम-लिफ्ट प्रोडक्ट्स के उत्पादन में गुणवत्ता प्रबन्धन प्रणाली के लिए निबव होम लिफ्ट्स की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### उलेस्टर चुनाव पर ध्यान केंद्रित करने के लिए राजेश अग्रवाल ने लंदन के उपमहापौर पद से इस्तीफा दिया

**लंदन।** लंदन फॉर बिजनेस के भारतीय मूल के उपमहापौर राजेश अग्रवाल ने आगामी आम चुनाव में लेस्टर से संसदीय चुनाव लड़ने पर अपना ध्यान केंद्रित करने के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इंदौर में जन्मे 46-वर्षीय उद्यमी अग्रवाल को अगले साल होने वाले चुनाव के लिए हाल ही में लेस्टर ईस्ट निर्वाचन क्षेत्र से लेबर पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुना गया था। उन्होने ब्रिटेन की राजधानी की व्यापार और निवेश नीतियों के प्रभारी के तौर पर महापौर सादिक खान की टीम मे दो कार्यकाल पूरा करने के बाद सोमवार शाम को सोशल मीडिया पर पद छोड़ने की घोषणा की। अग्रवाल ने कहा, लेबर पार्टी के संसदीय उम्मीदवार के रूप में मेरे हालिया चयन और उस पर सावधानीपूर्वक विचार के बाद, मैने लेस्टर ईस्ट मे चुनाव प्रचार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए लंदन के उपमहापौर का पद छोड़ने का कठिन निर्णय लिया है। पिछले साढ़े सात वर्षो से इस पद पर रहते हुए लंदनवासियों की सेवा करना वास्तव में एक सम्मान और सौभाग्य रहा है तथा मैने इसमे अपना सब कुछ दिया है।

### रूस से लगती पूरी सीमा को बंद करेगा फिनलैंड

**हेलसिंकी।** फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो ने कहा है कि प्रवासन संबंधी चिंताओ के कारण रूस के साथ लगती देश की पूरी सीमा को बंद किया जाएगा। ओर्पो ने यह घोषणा मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान की। मध्य पूर्व और अफ्रीका से प्रवासियो के आगमन मे वृद्धि के कारण सरकार द्वारा सात अन्य जांच चौकियो को बंद किए जाने के बाद फिनलैंड मे केवल एक जांच चौकी खुली है। फिनलैंड ने रूस पर प्रवासियो को उसके देश की सीमा की ओर भेजने का आरोप लगाया है।

### चीन में कोयला खदान में विस्फोट होने से 11 की मौत

**बीजिंग।** चीन के पूर्वोत्तर हिलोंगजियांग प्रांत मे मंगलवार को कोयले की एक खदान में जबर्दस्त विस्फोट होने से 11 लोगो की मौत हो गई। चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने यह खबर दी।सीसीटीवी ने बताया कि खदान मे जबर्दस्त धमाका हुआ, जिसमे लोगो की जान चली गई।स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, इस खदान का संचालन करने वाली शुयांगयाशान कोल कंपनी पर अतीत मे कई सुरक्षा नियमो का उल्लंघन करने को लेकर जुर्माना लगाया जा चुका है। सरकार समर्थित मीडिया कंपनी शांगयू न्यूज के अनुसार, इस साल भी उसपर दस बार जुर्माना लगाया गया।चीन बार-बार होने वाले इन हादसों को रोकने के लिए खदान सुरक्षा में सुधार के लिए लगातार काम कर रहा है। अगस्त मे चीन के शांक्सी प्रांत मे एक अन्य कोयला खदान मे विस्फोट मे 11 लोगो की मौत हो गई थी।

### हवाई में रनवे से आगे निकले विमान से अमेरिकी नौसेना ने ईंधन निकाला

**केनयोही बे (अमेरिका)।** अमेरिकी नौसेना ने सोमवार को कहा कि हवाई के रनवे से बाहर निकलकर पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील खाड़ी मे उतरे एक बड़े विमान से उसने लगभग सारा ईंधन निकाल दिया है। सेना ने कहा कि अभी यह नही बताया जा सकता कि विमान को पानी से बाहर कब तक निकाला जाएगा। रियर एडमिरल केविन लेनॉक्स ने कहा कि पी-8ए मे अनुमानित 2,000 गैलन (7,500 लीटर) ईंधन था। लेनॉक्स ने एक संवाददाता सम्मेलन मे कहा, उन टैंकों से जितना भी ईंधन निकल सकता था, टीम ने उसे निकाल लिया है। ईंधन निकालने की यह प्रक्रिया खाड़ी मे ईंधन के किसी प्रकार के रिसाव के बिना सफलतापूर्वक पूरी की गई। विमान 20 नवंबर को केनयोही बे मे मरीन कॉर्प्स बेस हवाई के तट पर उथले पानी मे उतरा था। उसमे सवार नौ लोगो मे से कोई हताहत नही हुआ। बेस होनोलूलू से लगभग 10 मील (16 किलोमीटर) दूर है। कमांडर मार्क एंडरसन ने कहा कि विमान इस समय रेत पर खड़ा है। वहां कोरल यानी मूंगा भी है लेकिन विमान इस तरह खड़ा है कि उसका पूरा वजन मूंगे पर नही है।

### लोपेज का नौवां एल्बम दिस इज मी...नाउ फरवरी 2024 में होगा रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** पॉप स्टार जेनिफर लोपेज का नौवां एल्बम दिस इज मी नाउ 16 फरवरी 2024 को रिलीज होगा।मनोरंजन समाचार वेबसाइट वैरायटी के मुताबिक, गायिका के नौवे एल्बम के साथ एक फिल्म इंसपायरड बाय द म्यूजिक भी उसी दिन रिलीज हो रही है।अमेजन एमजीएम स्टूडियो ने दिस इज मी ...नाउ : द फिल्म को दुनियाभर में प्राइम वीडियो पर रिलीज करने के सभी अधिकार खरीद लिए है।

### हवाई में रनवे से आगे निकले विमान से अमेरिकी नौसेना ने ईंधन निकाला

**केनयोही बे (अमेरिका)।** अमेरिकी नौसेना ने सोमवार को कहा कि हवाई के रनवे से बाहर निकलकर पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील खाड़ी मे उतरे एक बड़े विमान से उसने लगभग सारा ईंधन निकाल दिया है। सेना ने कहा कि अभी यह नही बताया जा सकता कि विमान को पानी से बाहर कब तक निकाला जाएगा। रियर एडमिरल केविन लेनॉक्स ने कहा कि पी-8ए मे अनुमानित 2,000 गैलन (7,500 लीटर) ईंधन था। लेनॉक्स ने एक संवाददाता सम्मेलन मे कहा, उन टैंको से जितना भी ईंधन निकल सकता था, टीम ने उसे निकाल लिया है।

### प्रभाकरण का जन्मदिन मनाने के आरोप में 20 से अधिक लोग गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के सुरक्षा बलो ने मारे जा चुके लिट्टे प्रमुख वी. प्रभाकरण का 69वां जन्मदिन मनाने और प्रतिबंधो का उल्लंघन करने के आरोप में कम से कम 24 लोगों को कुछ समय के लिए गिरफ्तार किया। प्रभाकरण के अनुयाई उसके जन्मदिन को महान नायक दिवस के रूप में मनाते है। प्रभाकरण 26 नवंबर को अपने जन्मदिन के दिन अपनी वार्षिक नीति पर भाषण दिया करता था। उस दौरान लिट्टे श्रीलंका के उत्तरी एवं पूर्वी प्रांतो के हिस्सो मे समानांतर शासन चलाता था। श्रीलंकाई तमिलो का एक वर्ग मावीरर नाल या महान नायक दिवस 27 नवंबर को मनाता है, जिन्हे आम तौर पर टाइगर्स (लिट्टे) का समर्थक माना जाता है।

### रूसी अदालत ने पत्रकार गेर्शकोविच की हिरासत 30 जनवरी तक बढ़ाई

**मॉस्को।** मॉस्को की एक अदालत ने जासूसी के आरोप मे गिरफ्तार वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार इवान गेर्शकोविच की हिरासत 30 जनवरी तक बढ़ा दी है। रूसी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। अमेरिकी पत्रकार के खिलाफ आपराधिक मामले का विवरण गोपनीय है जिस कारण मंगलवार को सुनवाई बंद कमरे मे हुई। गेर्शकोविच को मार्च मे मॉस्को से लगभग 2,000 किलोमीटर (1,200 मील) पूर्व मे रूस के शहर एकातेरिनबर्ग मे रिपोर्टिंग के दौरान हिरासत मे लिया गया था।

### पाकिस्तान में गोलीबारी में कॉलेज की दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत मे अज्ञात कार सवारो ने एक बस पर अंधाधुंध गोलीबारी की जिससे एक कॉलेज की दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि इस घटना मे ठुकराए हुए एक प्रेमी की भूमिका हो सकती है। प्राथमिकी के अनुसार, प्रांत की राजधानी से करीब 80 किलोमीटर दूर पट्टोकी जिले के पंजाब कॉलेज की 20 से अधिक छात्राएं सोमवार को घूमने के लिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर जा रही थी। इसमें कहा गया है, जैसे ही लड़कियों की बस पट्टोकी से लाहौर में दाखिल हुई तो एक कार ने उसका पीछा किया।

### भारत के खिलाफ कनाडा के आरोपों पर प्रतिक्रिया देने में बाइडन प्रशासन ने नम्रता दिखाई: विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** भारत एवं अमेरिका के मामलों के एक शीर्ष अमेरिकी विशेषज्ञ का कहना है कि भारत के साथ संबंधों के महत्व को समझते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या को लेकर कनाडा द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों के संबंध में अपनी सार्वजनिक प्रतिक्रिया में अत्यधिक नम्रता बरती। टाटा चेयर फॉर स्ट्रेटेजिक अफेयर्स और प्रतिष्ठित कार्नेगी एनडाऊमेंट फॉर इंटरनेशन पीस के वरिष्ठ शोधवेत्ता एशले जे टेलिस ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा, मुझे लगता है कि अमेरिका की प्रतिक्रिया वास्तव में बहुत उल्लेखनीय थी क्योंकि कनाडा एक बहुत करीबी सहयोगी है और यदि भारत के अलावा कोई अन्य देश होता तो मुझे लगता है कि अमेरिका की प्रतिक्रिया अधिक मुखर और अधिक स्पष्ट होती। कनाडा ने खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की उसके देश में हुई हत्या में भारत के एजेंट के हाथ हो सकने के आरोप लगाए हैं। टेलिस से कनाडा के इन आरोपों को लेकर सवाल किए गए थे,।

## नाटो प्रमुख पद की दौड़ में शामिल करिन्स ने कहा- रूस पर स्पष्ट दृष्टिकोण की जरूरत

भाषा। ब्रसेल्स

**लातविया के** विदेश मंत्री क्रिस्जानिस करिन्स ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शीर्ष पद पर अपनी दावेदारी पेश करते हुए मंगलवार को कहा कि इस सैन्य संगठन को एक सर्वसम्मति बनाने वाले की जरूरत है, जो उच्च रक्षा खर्च के लिए प्रतिबद्ध हो और रूस से निपटने को लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण रखता हो।नाटो, वाशिंगटन में जुलाई में होने वाले अपने अगले शिखर सम्मेलन में नए महासचिव के नाम की घोषणा कर सकता है। नॉर्वे के पूर्व प्रधानमंत्री जेन्स स्टोल्टेनबर्ग 2014 से नाटो के शीर्ष पद पर बने हुए हैं।यूक्रेन में युद्ध के दौरान चार बार उनका कार्यकाल बढ़ाया गया। करिन्स ने नाटो मुख्यालय में संवाददाताओं को बताया, हमारे संगठन में 32 देश होने वाले हैं। किसी भी विषय पर 32 देशों को एक साथ रखना एक बड़ी चुनौती है और हमें सर्वसम्मति बनाने वाले एक ऐसी व्यक्ति की जरूरत है, जो सभी सहयोगियों के साथ काम कर सके और सभी को एक ही दिशा में आगे बढ़ा सके। रूस, नाटो का एक पुराना प्रतिद्वंद्वी बना हुआ है और मास्को के प्रति संगठन के दृष्टिकोण को प्रबंधित करना एक बड़ी परीक्षा है।करिन्स ने कहा, अगले महासचिव को नाटो की भविष्य की भूमिका, संगठन का विस्तार किस तरह से होगा, रूस को नियंत्रित करने के लिए संगठन कैसे काम करेगा इन सब पर एक स्पष्ट दृष्टिकोण रखना होगा।



### जलवायु परिवर्तन पर सम्मेलन में होगी चर्चा

**मिल्टन कीन्स (यूके)।** दुनिया का सातवां सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक दुबई मे 28वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन (सीओपी28) की मेजबानी करेगा। सम्मेलन की अध्यक्षता संयुक्त अरब अमीरात की सरकारी स्वामित्व वाली तेल कंपनी एडनॉक के मुख्य कार्यकारी, सुल्तान अल-जबर करेंगे।यह देखते हुए कि जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार लगभग 90 कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के लिए जीवाश्म ईंधन जिम्मेदार है, कई लोगो ने तर्क दिया है कि जलवायु वार्ता के शीर्ष पर तेल और गैस उत्पादकों को रखने में हितों का स्पष्ट टकराव है। यूएई पर अपनी सूचना से ज्यादा गैस जलाने का आरोप है और उसकी 2027 तक तेल उत्पादन को 37 लाख बैरल प्रति दिन से बढ़ाकर 50 लाख करने की योजना है।

### इजराइल का फिर से दौरा करेंगे ब्लिंकन

**ब्रसेल्स।** गाजा में युद्ध विराम समझौते की अवधि दो दिन बढ़ाए जाने के बाद इसमें और विस्तार की उम्मीदें पैदा होने के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इस सप्ताह पश्चिम एशिया का पुन: दौरा करेंगे। इजराइल और हमास के बीच पिछले महीने युद्ध शुरू होने के बाद से यह ब्लिंकन का क्षेत्र में तीसरा दौरा होगा। ब्लिंकन मंगलवार और बुधवार को ब्राजील के ब्रसेल्स और उत्तरी मैसेडोनिया के स्कोप्जे में यूक्रेन-केंद्रित बैठकों में भाग लेने के बाद इजराइल और वेस्ट बैंक की यात्रा करेंगे। इजराइल और हमास अपने युद्ध विराम समझौते की अवधि को दो और दिन बढ़ाने पर सोमवार को सहमत हो गए, जिससे आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाकर रखे गए लोगों और इजराइल की जेलों में बंद फलस्तीनी कैदियों की अदला-बदली जारी रहने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। युद्ध विराम समझौते के तहत 50 इजराइली बंधकों एवं अन्य देशों के 19 बंधकों को रिहा किया जा चुका है। इसके अलावा इजराइली जेलों से 117 फलस्तीनियों को रिहा किया गया है। इजराइल ने कहा है कि प्रत्एक अतिरिक्त 10 बंधकों की रिहाई के लिए युद्ध विराम की अवधि को एक दिन आगे बढ़ाया जा सकता है।

## गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में अडियाला जेल में ही चलता रहेगा इमरान खान पर मुकदमा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ मुकदमा जेल में ही चलाते रहने का फैसला किया। अधिकारियों ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए उन्हें सामान्य अदालत में होने वाली सुनवाई के लिए पेश नहीं किया था।पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान (71) 26 सितंबर से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं जहां पिछले सप्ताह तक उनके खिलाफ उच्च सुरक्षा वाली जेल में ही सुनवाई चल रही थी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह कार्यवाही को अनुचित करार देते हुए इसके खिलाफ व्यवस्था दी थी। विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुअल हसनत जुल्करनैन ने मंगलवार को इस्लामाबाद स्थित फेडरल ज्यूडीशियल कॉम्प्लैक्स में सुनवाई की अध्यक्षता की। सुरक्षा कारणों से अधिकारियों ने खान को सुनवाई के लिए प्रस्तुत नहीं किया। अधिकारियों द्वारा अदालत में पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार, यह सूचना दी गई है कि पीटीआई अध्यक्ष को एक गंभीर स्तर का सुरक्षा जोखिम है। खान नवंबर 2022 में पंजाब प्रांत में एक चुनावी रैली में उन पर हुए जानलेवा हमले में बच गए थे।

### पाकिस्तान: निर्वाचन आयोग के निर्देश के मुताबिक 20 दिन के भीतर पार्टी के चुनाव कराएगी इमरान की पार्टी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी बल्ले को अपने चुनाव चिह्न के रूप मे बरकरार रखने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 20 दिन की समयसीमा के भीतर पार्टी के आंतरिक चुनाव कराने पर सहमत हो गई है। यह जानकारी मंगलवार को मीडिया की एक खबर से मिली।पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) की कोर कमेटी का यह फैसला पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के फैसले के कुछ दिनों बाद आया है। आयोग ने अपने फैसले में कहा था कि पीटीआई के आंतरिक चुनाव पारदर्शी नही थे और उसने पार्टी को आदेश दिया था कि यदि वह अपना चुनाव चिह्न बरकरार रखना चाहती है तो वह नए सिरे से चुनाव कराए। तेइस नवंबर को घोषित फैसले में ईसीपी ने पार्टी को 20 दिन के भीतर नए सिरे से चुनाव कराने के लिए कहा था।

## सुनक ने प्राचीन मूर्तियों को लेकर मुलाकात रद्द की: यूनान के प्रधानमंत्री का दावा

**लंदन।** प्राचीन यूनानी मूर्तियों एल्गिन मार्बल्स को वापस करने की मांग को लेकर उपजे विवाद के बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने देश की यात्रा पर आए यूनान के अपने समकक्ष किरियाकोस मित्सोताकिस के साथ अपनी प्रस्तावित मुलाकात को कथित रूप से रद्द कर दिया है। एथेंस में पार्थेनन की प्राचीन यूनानी मूर्तियां उन विवादित ऐतिहासिक वस्तुओं में शुमार हैं जिन्हें ब्रिटिश राजनयिक लॉर्ड एल्गिन 19वीं सदी की शुरुआत में अपने देश ले आए थे और उन्हें अपना अंग्रेजी नाम दे दिया था। पार्थेनन मूर्तियां अब ब्रिटिश संग्रहालय का हिस्सा हैं और यूनान लंबे वक्त से इन्हें लौटाने की मांग कर रहा है ताकि एथेंस में एक्रोपोलिस म्यूज़ियम (संग्रहालय) में उन मूर्तियों की शृंखला को पूरा किया जा सके।



यह भारत के कोहिनूर हीरा और उन अन्य ऐतिहासिक कलाकृतियों को भी लौटाने की मांग की याद दिलाता है जिन्हें औपनिवेशिक शासन के समय भारत से ले जाया गया था। हाल में महाराष्ट्र सरकार ने 17वीं सदी के बाघ के पंजे या वाघ नख को तीन साल के लिए उधार लेने के वास्ते विक्टोरिया और एल्बर्ट म्यूज़ियम के साथ एक समझौता किया है। माना जाता है कि यह वाघ नख छत्रपति शिवाजी महाराज का था।

## स्टेम सेल थेरेपी मल्टीपल स्केलेरोसिस के लिए आशाजनक

भाषा। कैम्ब्रिज

**वैश्विक** स्तर पर 20 लाख से अधिक लोग मल्टीपल स्केलेरोसिस (एमएस) से पीड़ित हैं, यह एक ऐसी बीमारी है जो तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है और चलने, देखने और सोचने में समस्याएं पैदा कर सकती है। हालांकि ऐसे उपचार हैं जो एमएस हमलों की संख्या और गंभीरता को कम करने में मदद कर सकते हैं, लेकिन एमएस से पीड़ित कई लोग आगे जाकर एमएस का एक अधिक गंभीर रूप विकसित कर लेते हैं, जिसे सैकेंडरी प्रोग्रेसिव एमएस कहा जाता है। दुर्भाग्य से, सैकेंडरी प्रोग्रेसिव एमएस के लिए केवल कुछ ही उपचार उपलब्ध हैं। और बीमारी के सबसे गंभीर रूपों के लिए कोई दवा स्वीकृत नहीं है।हाल के आंकड़ों ने उम्मीदें बढ़ा दी हैं कि स्टेम सेल, शरीर की "मास्टर सेल" का उपयोग करने से इस क्षति को कम करने में मदद मिल सकती है। इसमें मस्तिष्क स्टेम कोशिकाओं का प्रत्यारोपण शामिल है, जो लगभग किसी भी अन्य प्रकार की मस्तिष्क कोशिका में विकसित हो सकती है और संभवत: एमएस द्वारा क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की मरम्मत कर सकती है। हमारे नए अध्ययन में, हम प्रथम-मानव, प्रारंभिक चरण के नैदानिक परीक्षण के आशाजनक परिणाम दिखाते हैं जिसमें सैकेंडरी प्रोग्रेसिव एमएस वाले 15 रोगियों के मस्तिष्क में सीधे मस्तिष्क स्टेम कोशिकाओं को इंजेक्ट करना शामिल था। ब्रेन स्टेम कोशिकाएँ एक गर्भपात वाले भ्रूण से प्राप्त की गईं। प्रत्यारोपण के लिए एक सुरक्षित और व्यावहारिक रूप से असीमित सेल भंडार सुनिश्चित करने के लिए स्टेम कोशिकाओं की विसंगतियों के लिए बड़े पैमाने पर जांच की गई।प्रक्रिया से पहले, प्रतिभागियों ने तीन महीनों में अपने विकलांगता स्तर और रोग गतिविधि का व्यापक मूल्यांकन किया।

### रक्तदान के लिए अभियान चलाया जाए

भारत ने रक्तदान में काफी प्रगति की है, फिर भी देश की रक्त आपूर्ति की आवश्यकता में अंतर है। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, भारत को सालाना औसतन 14.6 मिलियन रक्त यूनिट की आवश्यकता होती है, लेकिन सालाना लगभग 10 लाख यूनिट की लगातार कमी हो रही है। इसे संबोधित करते हुए, वैश्विक स्वास्थ्य सेवा नेता एबॉट ने अपने विश्वव्यापी रक्तदाता भर्ती अभियान, का विस्तार किया है और पहला रक्तदाता अभियान गीत, गिव ब्लड, गेट गुड वाइब्स लॉन्च किया है। इस गीत का उद्देश्य भारतीय युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना है, जिससे स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए रक्तदान को एक समसामयिक, सम्मोहक दृष्टिकोण बनाया जा सके। स्वर तमोजीत चटर्जी उर्फ एमसी हेडशॉट के हैं, जो एक भारतीय हिप-हॉप कलाकार, हैं। इस पहल के बारे में बात करते हुए, एमसी हेडशॉट ने कहा, मुझे इस अभियान का हिस्सा होने पर गर्व है क्योंकि इसका उद्देश्य वास्तविक जीवन की चुनौती से निपटने में मदद करना है। यह अभियान रक्तदान को बढ़ावा देने के पूर्व ऑन -ग्राउंड प्रयासों को पूरक बनाता है।डिजिटल और भौतिक संपत्ति, मोबाइल डोनेशन वैन और अन्य के साथ मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, कोच्चि, नागपुर, विजाग, गुवाहाटी और नासिक सहित भारत भर के प्रमुख शहरों में अभियान शुरू किया था। ये साइट लगभग 300,000 वार्षिक रक्तदान दर्ज करती हैं, इस वर्ष रक्तदान में 20 प्रतिशत से अधिक की उत्साहजनक वृद्धि हुई है। भारत में रक्त दाताओं की पात्र आबादी 402 मिलियन है, फिर भी यह डब्ल्यूएचओ की रक्तदान करने वाली आबादी के 1प्रतिशत की न्यूनतम सिफारिश को पूरा करने से पीछे है। 2022 में देश की रक्त आपूर्ति 33.8 प्रति हजार दान होने का अनुमान लगाया गया था, जबकि मांग 36.3 प्रति हजार थी। डॉ. राजेश बी सावंत, कंसल्टेंट - ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, हिस्टोकम्पैटिबिलिटी और इम्यूनोजेनेटिक्स, कोकिलाबेन इंस्टीट्यूट,ने कहा, एक रक्तदान से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है, और रक्तदान करने की प्रक्रिया में आमतौर पर केवल 45 मिनट से एक घंटे तक का समय लगता है।

### सिंगापुर के पीएम के भाई को मानहानि के मामले में भारतीय मूल के मंत्रियों को हर्जाना देना होगा

**सिंगापुर।** सिंगापुर के उच्च न्यायालय ने मंगलवार को प्रधानमंत्री ली हसीन लूंग के छोटे भाई ली हसीन यांग को सोशल मीडिया पर भारतीय मूल के दो मंत्रियों के खिलाफ अपमानजनक आरोप लगाने को लेकर उन्हें हर्जाना भरने का आदेश दिया। मानहानि का यह मामला कानून एवं गृहमंत्री के षणमुगम और विदेश मंत्री विवियान बालकृष्णन द्वारा दो सरकारी बंगले को किराए पर देने के संबंध में यांग द्वारा लगाए गए आरोपों पर आधारित है। स्ट्रेट टाईम्स अखबार के अनुसार यांग अपने विरूद्ध मानहानि के इस वाद में अपनी बात रखने में विफल रहे और उच्च न्यायालय ने मंगलवार को इन दोनों मंत्रियों के पक्ष में फैसला सुनाया। अखबार ने कहा कि अदालत हर्जाने की राशि अगली सुनवाई में तय करेगी।

# उच्चतर न्यायपालिका की अंग्रेजी भाषा व खर्च न्याय तक समान पहुंच की राह में बाधा: राष्ट्रपति मुर्मू

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि उच्चतर न्यायपालिका में अंग्रेजी भाषा का इस्तेमाल और वहां का खर्च न्याय तक समान पहुंच की राह की बाधाओं में शामिल हैं। उन्होंने इन बाधाओं को हटाने पर जोर दिया। यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और सामाजिक रूप से वंचित समूहों के लोगों के बीच जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि उन्हें अपने अधिकारों से अवगत कराया जा सके।

मुर्मू ने कहा, समानता न सिर्फ न्याय की बुनियाद है, बल्कि उसकी एक जरूरी शर्त भी है। उन्होंने कहा, बहुत समय हो गया जब दुनिया ने यह घोषणा की थी कि सभी मनुष्य समान हैं, लेकिन हमें खुद से पूछने की जरूरत है कि क्या हम सभी को न्याय तक समान पहुंच प्राप्त है। राष्ट्रपति ने कहा कि व्यवहार में, इसका मतलब यह है कि कुछ लोग अक्सर कई कारकों के कारण अपनी शिकायतों के निवारण में असमर्थ होते हैं। मुर्मू ने यहां कमजोर लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण कानूनी सहायता तक पहुंच सुनिश्चित करना: ग्लोबल साउथ में चुनौतियां और अवसर विषय पर आयोजित पहले क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, हमारा प्रमुख काम उन अवरोधकों को हटाना है। स्वाभाविक रूप से सबसे बड़ा अवरोधक अक्सर न्याय प्राप्त करने पर आने वाला खर्च है।

सभी के लिए न्याय तक पहुंच उनके दिल के करीब का विषय रहा है। उन्होंने समाज के आर्थिक रूप से वंचित वर्गों को उपचारात्मक कार्वाई के लिए कानूनी संस्थानों से संपर्क करने में मदद के लिए उठाए गए कई कदमों का उल्लेख किया। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) द्वारा उठाए गए कदमों ने भी कानूनी सहायता के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुर्मू ने कहा, कुल मिलाकर उद्देश्य न्याय प्राप्त करने में सहूलियत को बढ़ाना है। लेकिन मुझे लगता है कि लोगों के बीच जागरूकता अभियान शुरू करने की जरूरत है, न केवल उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सचेत किया जाए, बल्कि उन्हें आवश्यकता पड़ने पर कानूनी सहायता दिलाने में भी मदद की जाए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में उच्चतर न्यायपालिका की भाषा अंग्रेजी है, जिससे समाज के एक बड़े वर्ग के लिए न्यायिक प्रक्रियाओं को समझना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी वेबसाइट पर विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में फैसले प्रकाशित करना शुरू कर दिया है। कानूनी सहायता संस्थान भी भाषाई अंतर को पाटने में मदद करते हैं।

## संदिग्ध गतिविधियों के कारण 70 लाख मोबाइल नंबर निलंबित: वित्तीय सेवा सचिव

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने डिजिटल धोखाधड़ी पर रोक लगाने के मकसद से संदिग्ध लेन-देन में शामिल 70 लाख मोबाइल नंबर निलंबित कर दिए हैं। वित्तीय साइबर सुरक्षा और बढ़ते डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी से संबंधित मुद्दों पर एक बैठक के बाद जोशी ने कहा कि बैंकों को इस संबंध में व्यवस्था और प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी और बैठकें होंगी। अगली बैठक जनवरी में होगी। वित्तीय सेवा सचिव ने आधार सक्षम भुगतान प्रणाली धोखाधड़ी के संबंध में कहा कि राज्यों को इस मुद्दे पर गौर करने और आंकड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। व्यापारियों के केवाईसी मानकीकरण के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय कैसे सुनिश्चित किया जाए।

# राजनाथ सिंह ने निर्देशित मिसाइल विध्वंसक इंफाल के क्रेस्ट का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को भारतीय नौसेना की स्टील्थ निर्देशित मिसाइल विध्वंसक इंफाल के क्रेस्ट (शिखा) का अनावरण किया। इंफाल मिसाइल विध्वंसक सतह से सतह पर मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइलों और पनडुब्बी रोधी स्वदेशी रॉकेट लांचर से सुसज्जित है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), मुंबई ने 20 अक्टूबर को यह युद्धपोत भारतीय नौसेना को सौंपा था।



दिल्ली में मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार की उपस्थिति में अनावरण समारोह हुआ। आईएनएस इंफाल 15बी स्टील्थ निर्देशित मिसाइल विध्वंसक परियोजना के तहत निर्मित चार युद्धपोतों में से तीसरा युद्धपोत है। क्रेस्ट के डिजाइन में बाईं ओर कांगला पैलेस और दाईं ओर कांगला-सा को दर्शाया गया है। कांगला पैलेस और कांगला-सा से सुशोभित इम्फाल की क्रेस्ट का अनावरण भारत की स्वतंत्रता, संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति मणिपुर के लोगों द्वारा किए गए बलिदान के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि है। कांगला पैलेस मणिपुर का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थल है और यह प्राचीन साम्राज्य की पारंपरिक पीठ हुआ करता था। ड्रैगन के सिर और शेर के शरीर की आकृति के साथ सुसज्जित कांगला-सा मणिपुर के इतिहास का एक पौराणिक प्राणी है, और इसे स्थानीय लोगों के संरक्षक के रूप में जाना जाता है। कांगला-सा मणिपुर का राज्य प्रतीक भी है। इंफाल युद्धपोत का द्रव्यमान 7,400 टन है और लंबाई 164 मीटर है। यह विध्वंसक जहाज अत्याधुनिक हथियारों और प्रणाली से लैस है, जिसमें सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, पोत रोधी मिसाइल और टॉरपीडो शामिल हैं।

# दूसरा काशी तमिल संगमम 17 से 30 दिसंबर के दौरान होगा

**नई दिल्ली।** दूसरा काशी तमिल संगमम (केटीएस) 17-30 दिसंबर के दौरान होगा। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस संगमम का लक्ष्य देश के दो अति महत्वपूर्ण एवं प्राचीन शिक्षण स्थलों तमिलनाडु और काशी के बीच प्राचीन संबंधों का फिर से मजबूती देना और उनका जश्न मनाना है। पहला संगमम पिछले वर्ष एक माह तक चला था। प्रस्ताव है कि केटीएस के दूसरे चरण में तमिलनाडु और पुडुचेरी के करीब 1400 लोग आठ दिनों के लिए ट्रेन से वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या की यात्रा करेंगे। उन सभी को 200-200 लोगों के सात समूहों में बांट दिया जाएगा और हर समूह में विद्यार्थी, अध्यापक, किसान, शिल्पकार, व्यापारी, धार्मिक लोग, लेखक और पेशेवर होंगे।

हर समूह का नाम किसी पवित्र नदी (गंगा, यमुना, सरस्वती, सिंधु, नर्मदा, गोदावरी और कावेरी) के नाम पर रखा जाएगा पहले संगमम की भांति इस संगमम का आयोजन भी शिक्षा मंत्रालय, संस्कृति, कपड़ा, रेल, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयों तथा उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर कर रहा है। इस दूसरे संगमम की चर्चा करते हुए अधिकारी ने कहा, प्रतिनिधि ऐतिहासिक, पर्यटन और धार्मिक रुचियों के स्थानों को देखेंगे तथा उप्र में अपने कार्यक्षेत्र के लोगों के साथ संवाद करेंगे। केटीएस 2.0 जागरूकता पैदा करने, संपर्क कायम करने, लोगों के बीच आपसी संबंध स्थापित करने पर एवं सांस्कृतिक रूप से उनमें जुड़ाव पैदा करने पर केंद्रित होगा। स्थानीय समकक्षों (बुनकर, हस्तशिल्पी, कलाकार, लेखक आदि) के साथ संवाद एवं आपसी समझदारी बढ़ाने पर बल दिया जाएगा ताकि वे श्रेष्ठ पद्धतियों को समझ पाए, अपने शिक्षण कौशल को बढ़ा सकें और एक दूसरे के साथ विचारों का आदान प्रदान कर पाएं।

## महाराष्ट्र को 12000 करोड़ जमा करने संबंधी एनजीटी आदेश पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के उस आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी, महाराष्ट्र सरकार को ठोस और तरल कचरे के अनुचित प्रबंधन के लिए मुआवजे के तौर पर 12,000 करोड़ रुपए जमा करने का निर्देश दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनजीटी के पिछले साल सितंबर के आदेश के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अधिकरण ने आदेश में कहा था कि अपशिष्ट प्रबंधन में खामियों के कारण पर्यावरण को हो रहे लगातार नुकसान की भरपाई के लिए एनजीटी अधिनियम की धारा 15 के तहत मुआवजा आवश्यक है। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने शीर्ष अदालत को बताया कि एनजीटी ने महाराष्ट्र को 12,000 करोड़ रुपए जमा करने का निर्देश दिया था।

# रक्षा खरीद बोर्ड ने दूसरे स्वदेशी विमानवाहक पोत के लिए भारतीय नौसेना के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** सरकार लगभग 40,000 करोड़ रुपए की लागत से दूसरे स्वदेशी विमानवाहक पोत के निर्माण के भारतीय नौसेना के प्रस्ताव पर सकारात्मक रूप से विचार करने के लिए तैयार है। यह एक बड़ा कदम है जो हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों से उत्पन्न चिंताओं की पृष्ठभूमि में आया है। शीर्ष सरकारी सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि रक्षा मंत्रालय की प्रमुख संस्था रक्षा खरीद बोर्ड (डीपीबी) ने महत्वाकांक्षी प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है, जिससे सरकार के दूसरे स्वदेशी विमानवाहक पोत के लिए तैयार होने का संकेत मिलता है, जिसे आईएसी-2 के नाम से जाना जाएगा। बड़ा खरीद प्रस्ताव जल्द ही रक्षा मंत्रालय की खरीद संबंधी शीर्ष संस्था रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) के समक्ष रखा जाएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली डीएसी की बृहस्पतिवार को बैठक होने की संभावना है और यह समझा जाता है कि आईएसी-2 से संबंधित प्रस्ताव पर विमर्श किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि डीएसी 1.15 लाख करोड़ रुपए की लागत से 97 तेजस मार्क- ए विमानों की अतिरिक्त खेप की खरीद के लिए भारतीय वायुसेना के प्रस्ताव पर भी विचार कर सकती है।

नौसेना 45,000 टन वजनी आईएसी-द्वितीय के लिए जोरदार प्रयास कर रही है, जिसकी विशिष्टताओं के साथ अनुमानित लागत 40,000 करोड़ रुपए के करीब होने का अनुमान है। भारत के पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत (आईएसी 1) का सितंबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जलावतरण किया था। लगभग 23,000 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित, आईएनएस विक्रांत में एक परिष्कृत वायु रक्षा नेटवर्क और पोत-रोधी मिसाइल प्रणाली है। इसमें 30 लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों को रखने की क्षमता है। पोत के जलावतरण समारोह में मोदी ने इसे "तैरता हुआ शहर" कहा था और इसे रक्षा क्षेत्र में भारत के आत्मनिर्भर बनने का प्रतिबिंब बताया था।

सूत्रों ने कहा कि आईएसी-2 एक तरह से आईएसी-1 का दोहराव अनुक्रम होगा। योजना के अनुसार, आईएसी-2 का निर्माण सरकार द्वारा संचालित कोचीन शिपयार्ड द्वारा किया जाएगा। इस समय भारत के पास दो विमानवाहक पोत-आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत हैं। आईएनएस विक्रमादित्य रूसी मूल का पोत है। इसमें 2,300 से अधिक कक्ष हैं, जो लगभग 1700 लोगों के चालक दल के लिए डिजाइन किए गए हैं। इसमें महिला अधिकारियों को समायोजित करने के लिए विशेष कैबिन भी शामिल हैं। आईएसी 262 मीटर लंबा, 62 मीटर चौड़ा और 59 मीटर ऊंचा है।

# श्रमिकों के बचाव में रैट होल खनिको की प्रतिभा और अनुभव का किया इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** रैट होल माइनिंग तकनीक अवैध हो सकती है, लेकिन सिलक्यारा सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने से उसमें फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए जारी बचाव अभियान में रैट-होल खनिकों की प्रतिभा और अनुभव का इस्तेमाल किया गया। यह बात राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक सदस्य ने मंगलवार को कही। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने कहा कि रैट-होल खनिकों ने 24 घंटे से भी कम समय में 10 मीटर की खुदाई करके अभूतपूर्व काम किया है। उन्होंने यहां एक प्रेसवार्ता में कहा, रैट-होल खनन अवैध हो सकता है, लेकिन रैट होल खनिकों की प्रतिभा, अनुभव और क्षमता का उपयोग किया गया है।

एनजीटी ने 2014 में मेघालय में रैट-होल खनन तकनीक का उपयोग करके कोयला खनन पर प्रतिबंध लगा दिया था। रैट-होल खनन में श्रमिकों के प्रवेश तथा कोयला निकालने के लिए आमतौर पर 3-4 फुट ऊंची संकीर्ण सुरंगों की खुदाई की जाती है। क्षैतिज सुरंगों को अक्सर "चूहे का बिल" कहा जाता है, क्योंकि प्रत्एक सुरंग लगभग एक व्यक्ति के लिए उपयुक्त होती है।

उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग में, मुख्य संरचना के ढह गए हिस्से में क्षैतिज रूप से रैट-होल खनन तकनीक का इस्तेमाल करने के लिए ट्रेंचलेस इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और नवयुग इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कम से कम 12 विशेषज्ञों को बुलाया गया। वे दिल्ली, झांसी और देश के अन्य हिस्सों से आए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सदस्य विशाल चौहान ने बताया कि एनजीटी ने उस तकनीक से कोयला खनन, सुरंग में जाकर कोयला निकालने पर रोक लगा दी है, लेकिन इस तकनीक का उपयोग अब भी निर्माण स्थलों पर किया जाता है।

## बेंगलुरु में नवजातो की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात लोग गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में पुलिस ने नवजात बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर कथित सात एजेंट को गिरफ्तार किया है और इस पूरे प्रकरण में चिकित्सकों के भी शामिल होने का संदेह है। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 20 दिन के एक बच्चे को तब बचाया गया जब गिरोह के सदस्यों को यहां राजराजेश्वरी नगर में संदिग्ध परिस्थितियों में देखा गया। गिरोह के सदस्य मुख्य रूप से पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सुहासिनी, गोमती, कन्नन रामास्वामी, हेमलता, शरण्या, महालक्ष्मी और राधा के रूप में की गई है। राजराजेश्वरी नगर थाना में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरोह कथित रूप से नवजात शिशुओं की चोरी कर नि:संतान दंपतियों को ऊंची कीमत पर बेचने में शामिल था। गिरोह द्वारा बेंगलुरु में बेचे गए अधिकतर बच्चों को पड़ोसी राज्य तमिलनाडु से लाए जाने का संदेह है।

# नई शिक्षा नीति नवाचार पर जोर देती है: अनुराग ठाकुर

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) युवाओं के लिए गतिशील ज्ञान के माहौल को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप शिक्षा के माध्यम से नवाचार पर जोर देती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा जैसी प्रभावशाली पहल इम्तिहान से संबंधित तनाव को कम करने और यह सुनिश्चित करने के लिए उनके समर्पण को दर्शाती है कि देश के युवा समृद्ध भविष्य के लिए अच्छी तरह से तैयार हों। वह रविवार को जीडी गोयनका विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। निजी विश्वविद्यालय द्वारा जारी एक बयान में ठाकुर के हवाले से कहा गया, नौवें दीक्षांत समारोह की शानदार सफलता पर जीडी गोयनका विश्वविद्यालय, छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई। केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, लगभग चार दशकों के बाद लाई गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा के माध्यम से नवाचार पर जोर देती है, जो भारतीय युवाओं के लिए एक गतिशील ज्ञान के माहौल को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

# जरांगे ने भुजबल पर साधा निशाना, सवाल किया- क्या यह सरकार की नीति है?

**छत्रपति संभाजीनगर।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को महाराष्ट्र के मंत्री एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) नेता छगन भुजबल पर विभिन्न समुदायों के बीच दरार उत्पन्न करने का आरोप लगाया और सवाल किया कि क्या उनकी रैलियों में इस्तेमाल की जा रही उत्तेजक भाषा राज्य सरकार की नीति है। जरांगे और भुजबल के बीच तीखी जुबानी जंग जारी है क्योंकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता ने मराठों को कुनबी के रूप में वर्गीकृत करके उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में शामिल करने की जरांगे की मांग का विरोध किया है।

जरांगे ने पत्रकारों से बातचीत में सवाल किया, भुजबल समाज में शांति भंग कर रहे हैं। वह महान हस्तियों की जातियों के बारे में बात कर रहे हैं, विभिन्न समुदायों के बीच दरार पैदा कर रहे हैं। हम शांति की अपील कर रहे हैं जबकि उनके लोग (ओबीसी नेता) हाथ-पैर तोड़ने की बात कर रहे हैं। क्या राज्य सरकार की यही नीति है।? जरांगे मांग कर रहे हैं कि मराठा समुदाय के सदस्यों को कुनबी (ओबीसी) जाति प्रमाणपत्र दिया जाए। जरांगे ने सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की अपनी मुख्य मांग पर कार्वाई करने के लिहाज से राज्य सरकार के लिए 24 दिसंबर की समयसीमा तय की है। उन्होंने कहा, भुजबल पर राज्य सरकार का चाहे जो भी रुख हो, मराठा यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें ओबीसी समूह के तहत आरक्षण मिले क्योंकि हमारे पास अपनी मांग के समर्थन में रिकॉर्ड हैं।

जरांगे ने कहा कि अतीत में विभिन्न राजनीतिक दलों ने महाराष्ट्र पर शासन किया है, लेकिन उनमें से किसी ने भी मराठा समुदाय को आरक्षण नहीं दिया, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा, मौजूदा स्थिति के लिए ए पार्टियां जिम्मेदार हैं। आम लोगों को इस लड़ाई का नेतृत्व करना चाहिए जो समय की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न राजनीतिक दल मराठा आरक्षण आंदोलन को रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

जरांगे ने कहा कि वह एक दिसंबर को अपने गृह जिले जालना में एक रैली के दौरान कई मुद्दों पर बात करेंगे। उन्होंने कहा, मैं आगामी रैली में हर चीज पर बोलूंगा। कई लोगों ने इन दिनों विभिन्न चीजों पर बात की है, मैं हर चीज पर बात करूंगा। जरांगे ने आरक्षण के लिए हाल के दौर के विरोध प्रदर्शन के दौरान मराठा समुदाय के कुछ लोगों की गिरफ्तारी पर राज्य सरकार की आलोचना की। उन्होंने सवाल किया, जब सरकार ने कहा था कि आंदोलन के दौरान दर्ज मामले वापस ले लिए जाएंगे तो इन लोगों को गिरफ्तार क्यों किया गया।

# इंदिरा गांधी का शासन मुठभेड़ों और हत्याओं से भरा था: के चंद्रशेखर

**वारंगल (तेलंगाना)।** मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने कांग्रेस द्वारा तेलंगाना की सत्ता में आने पर इंदिरम्मा राज्यम (पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का शासन) वापस लाने संबंधी टिप्पणी को लेकर विपक्षी पार्टी के नेताओं पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री का शासन मुठभेड़ों, गोलीबारी और हत्याओं से भरा हुआ था। तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवंबर को होने वाले मतदान में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उम्मीदवारों के पक्ष में यहां आयोजित अपनी 95वीं चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राव ने कहा कि अगर उनकी पार्टी फिर से सत्ता में आती है, तो शहर को अतिरिक्त नागरिक बुनियादी ढांचे के साथ विकसित किया जाएगा। आश्वासन दिया कि अगर बीआरएस राज्य में सत्ता में आती है, तो वृद्धावस्था पेंशन मौजूदा 2,000 रुपए से बढ़ाकर 5,000 रुपए प्रति माह कर दी जाएगी। राव ने आरोप लगाया, आज कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि अगर वे जीते तो इंदिराम्मा राज्यम लाएंगे।

इंदिराम्मा राज्यम कौन चाहता है? इंदिराम्मा राज्यम में क्या हुआ था? यदि यह इतना अच्छा होता, तो एनटीआर (आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामाराव) को पार्टी क्यों बनानी पड़ती और दो रुपए प्रति किलोग्राम चावल की पेशकश क्यों करनी पड़ती। इंदिराम्मा राज्यम आपातकाल, मुठभेड़ों, गोलीबारी और हत्याओं से भरा था। उन्होंने आरोप लगाया कि 1969 में कांग्रेस शासन के दौरान तेलंगाना को अलग राज्य बनाने के आंदोलन के दौरान लगभग 400 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जहां तक प्रति व्यक्ति आय का सवाल है, आज तेलंगाना देश में शीर्ष स्थान पर है, यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य गुजरात से भी आगे है।

# इसरो के एस्ट्रोसैट ने आठ साल में 600 से अधिक गामा-किरण विस्फोटों का पता लगाया

**नई दिल्ली।** भारत की एस्ट्रोसैट अंतरिक्ष दूरबीन ने 600 से अधिक गामा किरण विस्फोटों का पता लगाकर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, प्रत्एक विस्फोट किसी विशाल तारे की मृत्यु या न्यूट्रॉन तारों के विलय का प्रतीक है। सीजेडटीआई के प्रमुख अन्वेषक दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा, "600वें जीआरबी का पता लगाना प्रक्षेपण के आठ साल बाद और निर्धारित जीवनकाल के बाद भी कैडमियम जिंक टेलुराइड इमेजर (सीजेडटीआई) के निरंतर जारी असीमित प्रदर्शन का एक बड़ा उदाहरण है।

एस्ट्रोसैट के माध्यम से जीआरबी अध्ययन का नेतृत्व करने वाले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई के पीएचडी छात्र गौरव वरातकर ने पीटीआई-भाषा से कहा कि लघु महाविस्फोट (मिनी बिग-बैंग्स) कहे जाने वाले जीआरबी ब्रह्मांड में सबसे ऊर्जावान विस्फोट हैं, जो सूर्य द्वारा अपने पूरे जीवनकाल में उत्सर्जित की जाने वाली ऊर्जा से अधिक ऊर्जा मात्र कुछ सेकंड में उत्सर्जित करते हैं। जीआरबी एक सेकंड के एक अंश से लेकर कई मिनट तक रहता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा 2015 में प्रक्षेपित एस्ट्रोसैट की कार्य अवधि पांच साल के लिए निर्धारित थी, लेकिन यह अवलोकन कार्य में खगोलविदों के लिए अब भी अच्छी स्थिति में बना हुआ है।

यह उपग्रह भारत की पहली समर्पित बहु-तरंगदैर्ध्य अंतरिक्ष वेधशाला है, जो पराबैंगनी किरणों से लेकर एक्स-रे तक विभिन्न तरंगदैर्ध्य में अंतरिक्ष संबंधी वस्तुओं का एक साथ अवलोकन करने के लिए उपकरणों से लैस है। आईआईटी-मुंबई के एसोसिएट प्रोफेसर वरुण भालेराव ने कहा, एस्ट्रोसैट ने जो हासिल किया है उस पर हमें गर्व है। इस सफलता को आगे बढ़ाने के लिए, कई संस्थान एक साथ आए हैं और अगली पीढ़ी की जीआरबी अंतरिक्ष दूरबीन दक्ष के निर्माण का प्रस्ताव रखा है, जो दुनियाभर में ऐसे किसी भी उपग्रह से कहीं बेहतर होगी। दक्ष दूरबीन इतनी संवेदनशील होगी कि सीजेडटीआई ने जो काम आठ साल में किया है, वह एक साल में ही इतना काम कर लेगी।

एस्ट्रोसैट के सीजेडटीआई डिटेक्टर द्वारा 600वें जीआरबी का पता 22 नवंबर को लगाया गया था। इस बारे में दुनिया भर के खगोलविदों को सूचित किया गया था जो इस तरह की घटना पर अपने शोध में इसका उपयोग कर सकते हैं और इससे इन उच्च-ऊर्जा से जुड़ी चरम स्थितियों का पता लगाने के लिए खगोलविदों को महत्वपूर्ण डेटा मिल सकता है। वरातकर ने कहा, डेटा को देखना आश्चर्यजनक है और अरबों साल पहले हुए इन विस्फोटों को सबसे पहले देखने का का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि 600वें जीआरबी के बाद से, सीजेडटीआई ने तीन और ऐसी घटनाओं का पता लगाया है जिनमें नवीनतम घटना सोमवार की है।

## भारत के अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण में सहयोग को तैयार अमेरिका: नासा प्रशासक

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत के खुद के अंतरिक्ष स्टेशन निर्माण में नई दिल्ली का सहयोग करने के लिए वाशिंगटन तैयार है। भारत यात्रा पर आए नेल्सन ने कहा कि अमेरिका और भारत अगले साल के अंत तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजने की योजना पर काम कर रहे हैं। नेल्सन ने यहां संवाददाताओं से कहा, अंतरिक्ष यात्री का चयन इसरो द्वारा किया जाएगा। नासा चयन नहीं करेगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर भारत चाहे तो अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण में नई दिल्ली के साथ सहयोग करने के लिए वाशिंगटन तैयार होगा। नेल्सन ने कहा, हमें उम्मीद है कि उस समय तक एक वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन होगा। मुझे लगता है कि भारत 2040 तक एक वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन चाहता है। अगर भारत चाहता है कि हम उसके साथ सहयोग करें, तो निश्चित रूप से हम उपलब्ध होंगे।

# हिंदू त्योहारों पर छुट्टियों में कटौती को लेकर नीतीश सरकार पर निशाना

**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से जारी अवकाश कैलेंडर 2024 में हिंदू त्योहारों पर मिलने वाली छुट्टियों में कटौती को लेकर भाजपा ने मंगलवार को राज्य सरकार पर निशाना साधा। भाजपा नेताओं ने अवकाश तालिका के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया मंच पर साझा किए हैं। उनमें से कइयों ने नाराजगी भरे बयान भी जारी किए हैं। राज्यसभा सदस्य और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने पीटीआई वीडियो से कहा, शिक्षा विभाग का सोमवार देर रात का संबंधित आदेश नीतीश सरकार द्वारा हिंदू भावनाओं पर कुठाराघात है। हम इसे तत्काल वापस लेने की मांग करते हैं, अन्यथा लोग इसके विरोध में सड़कों पर उतरेंगे।

सुशील मोदी ने आरोप लगाया, सबसे लोकप्रिय हिंदू देवताओं भगवान राम और भगवान कृष्ण से क्रमश: जुड़ी छुट्टियां- रामनवमी और जन्माष्टमी- खत्म कर दी गई हैं, जबकि मुस्लिम त्योहारों पर छुट्टियों की संख्या बढ़ा दी गई है। मुस्लिम बहुल इलाकों में विद्यालयों को शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश रखने की अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, हिंदुओं को रामनवमी और जन्माष्टमी के अलावा रक्षाबंधन, महाशिवरात्रि और अनंत चतुर्दशी की छुट्टियों से भी वंचित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके सहयोगी सोचते हैं कि वे हिंदुओं को जाति के आधार पर विभाजित कर सकते हैं और मुस्लिम तुष्टीकरण करके बच सकते हैं।

बिहार भाजपा के पूर्व प्रमुख एवं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने नीतीश कुमार-नीत सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार में हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना नीतीश कुमार जी तुरंत बंद करें। राय ने कहा कि जिस तरह से हिंदुओं के पर्व-त्योहार के मौके पर राज्य सरकार छुट्टियां रद्द कर रही है और मुस्लिम त्योहारों पर छुट्टियां घोषित कर रही है, उससे ऐसा लगता है कि यह बिहार को इस्लामीकरण की ओर ले जाने की साजिश है तथा इस साजिश के सूत्रधार नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव हैं, लेकिन बिहार की जनता इसको कतई स्वीकार नहीं करेगी।

उजियारपुर से सांसद राय ने कहा, मुसलमानों के लिए तुष्टीकरण की नीति अपनाना बिहार सरकार की सोची समझी साजिश का हिस्सा है.. अंग्रेजों की तरह ही नीतीश कुमार की भी बांटो और राज करो की नीति नहीं चलेगी..। बिहार के लोग समझदार हैं, आपकी साजिश देख रहे हैं एवं समझ भी रहे हैं। हिंदुओं पर जो चोट आप कर रहे हैं, इसका करारा जवाब बिहार के हिंदू देंगे। महागठबंधन के कुछ नेताओं ने स्वीकार किया है कि उन्हें शिक्षा विभाग का यह कदम मंजूर नहीं है और वे चाहेंगे कि इसमें संशोधन किया जाए।

पूर्व शिक्षा मंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने कहा, विभाग को परंपराओं को स्वीकार करना चाहिए था। मुझे यकीन है कि मुख्यमंत्री के संज्ञान में एक बार मामला (माननीय) आने के बाद, इसमें पहले की भांति ही संशोधन सुनिश्चित किया जाएग। हालांकि, चौधरी ने यह कहते हुए भाजपा को लताड़ लगाई कि ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा के पास ही हिंदुओं और उनकी आस्था का पेटेंट है।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहाकि हालांकि हम भाजपा के प्रलाप को बहुत ही कम महत्व देते हैं। शिक्षा विभाग एक कैलेंडर वर्ष में 60 से अधिक छुट्टियों की अनुमति नहीं देता है, फिर भी छुट्टियों के मामले में स्वाभाविक रूप से कुछ समायोजन किया जाना चाहिए। किसी को भी दशहरा, दिवाली, होली और छठ पर छुट्टियों से वंचित नहीं किया जा सकता। विभाग को रक्षाबंधन पर छुट्टी घोषित करने पर पुनर्विचार करना चाहिए। मौजूदा गठबंधन सरकार में राजद नेता चंद्रशेखर ही शिक्षा विभाग संभाल रहे हैं।

# रूतुराज पर भारी पड़ा मैक्सवेल का शतक

● तीसरे टी-20 में जीता ऑस्ट्रेलिया

● भारत को 5 विकेट से हराया

भाषा। गुवाहाटी





**मैक्सवेल** के 104 रन की मदद से आस्ट्रेलिया ने तीसरे टी20 क्रिकेट मैच में भारत को आखिरी गेंद पर पांच विकेट से हराया। इससे पहले रूतुराज गायकवाड़ के 57 गेंद में नाबाद 123 रन की मदद से भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को तीन विकेट पर 222 रन बनाए। गायकवाड़ ने अपनी पारी में 13 चौके और सात छक्के लगाए और आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का यह पहला शतक है। गायकवाड़ ने 20वें ओवर में ग्लेन मैक्सवेल की गेंदों की जमकर धुनाई करते हुए 30 रन बनाए। कप्तान मैथ्यू वेड का अनियमित आफ स्पिनर को 20वां ओवर देने का फैसला गलत साबित हुआ। अतिरिक्त उछाल और स्विंग वाले विकेट पर पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई भारतीय टीम की शुरूआत धीमी रही। फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल (छह) और ईशान किशन (0) सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 29 गेंद में 39 रन बनाए जिसमें दो छक्के और पांच चौके शामिल थे। अपना पहला मैच खेल रहे तेज गेंदबाज आरोन हार्डी ने उन्हें पवेलियन भेजा। गायकवाड़ ने मोर्चा संभालते हुए पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाई। धीमी शुरूआत के लिए अमूमन आलोचना झेलने वाले गायकवाड़ ने बेहद आक्रामक पारी खेलकर अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया। आखिरी छह ओवरों में उन्होंने मैदान के चारों ओर शॉट्स लगाए। उन्होंने पहला पचासा 32 गेंद में और अगला 20 गेंद में पूरा किया। उन्होंने आखिरी ओवर में मैक्सवेल को छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। इस ओवर में उन्होंने दो छक्के और लगाकर भारत को 220 के पार पहुंचाया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी** : जायसवाल का वेड बो बेहरेनडोर्फ 6, गायकवाड़ नाबाद 123, किशन का स्टोइनिस बो रिचर्डसन 0, सूर्यकुमार का वेड बो हार्डी 39, वर्मा नाबाद 31,**अतिरिक्त** : 23 रन, **कुल योग** : 20 ओवर मे तीन विकेट पर 222 रन,**विकेट पतन** I-14 , 2-24 , 3-81 ,**गेंदबाजी** : रिचर्डसन 3-0-34-1, बेहरेनडोर्फ 4-I-12-1, एलिस 4-0-36-0, संघा 4-0-42-0,हार्डी 4-0-64-I,मैक्सवेल I-0-30-0

**आस्ट्रेलिया पारी** : हेड का बिश्नोई बो आवेश 35, हार्डी का ईशान बो अर्शदीप 16,इंगलिस बो बिश्नोई 10, मैक्सवेल नाबाद 104, स्टोइनिस का यादव बो पटेल 17, डेविड का यादव बो बिश्नोई 0,वेड नाबाद 28, **अतिरिक्त** : 15 रन, **कुल योग** : 20 ओवर मे पांच विकेट पर 225 रन, **विकेट पतन** :I-47 , 2-66 , 3-68 , 4-128 , 5-134,**गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-44I ,प्रसिद्व 40-68-0,बिश्नोई 4-0-32-2,आवेश 4-0-37I,पटेल 4-0-37-I

# इतनी उम्मीदें मत पालो कि दिल ही टूट जाए : कपिल

● भारत के विश्व कप अभियान पर बोले पूर्व कप्तान

भाषा। गुरुग्राम



**भारत को पहली** बार 1983 में विश्व कप दिलाने वाले पूर्व कप्तान कपिल देव ने इस महीने वनडे विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया के हाथों भारत की छह विकेट से हार पर कहा कि अत्यधिक हाइप से दिल टूटते हैं लिहाजा संतुलन बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशंसकों को इतना दबाव नहीं बनाना चाहिए और क्रिकेट को दूसरे खेल की तरह ही लेना चाहिए। उन्होंने यहां कपिल देव ग्रांट थोर्नटन आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट के पहले टी आफ कार्यक्रम से इतर कहा , इतनी उम्मीदें मत पालिए कि दिल टूट जाएं। संतुलन बनाना जरूरी है। दूसरी टीमें भी भारत विश्व कप खेलने आई थी। इतनी हाइप मत बनाइए। हमें खेल को खेल की तरह ही लेना चाहिए। जो मैच के दिन अच्छा खेलता है, उसका सम्मान करिए। हम ज्यादा ही जज्बाती हैं। भारत ने लगातार दस मैच जीते लेकिन फाइनल में हार गया। पिछले दस साल में भारत आठ आईसीसी टूर्नामेंटों में से सात में नॉकआउट में हार गया है। आज के खिलाड़ी ही बता पाएंगे कि वे कितना दबाव महसूस करते हैं। हम सिर्फ अनुभव कर सकते हैं। उन्होंने कहा , भारत जीतता है तो अच्छा लगता है। हमें कुछ कमियों पर ध्यान देना होगा।

### कोहली का विकेट गिरते ही स्टेडियम में लाइब्रेरी जैसा सन्नाटा छा गया था : कमिंस

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का कहना है कि अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर विश्व कप फाइनल के दौरान विराट कोहली का विकेट गिरते ही मैदान पर मौजूद करीब एक लाख दर्शकों में ऐसा सन्नाटा छा गया मानो वह किसी लाइब्रेरी में हो। आस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हराकर छठी बार वनडे विश्व कप जीता। उनका मानना है कि कमिंस की गेंद पर कोहली का आउट होना मैच का निर्णायक पल था।

### आरकेएफसी ने आई-लीग मैच में इंटर काशी को रौंदा

**श्रीनगर।** रियाल कश्मीर फुटबॉल क्लब (आरकेएफसी) ने मंगलवार को यहां आई-लीग फुटबॉल प्रतियोगिता मे इंटर काशी एफसी पर 4-0 की बड़ी जीत दर्ज की। घरेलू दर्शकों की मौजूदगी मे इस जीत के बाद आरकेएफसी छह मैचों मे 12 अंक के साथ तालिका मे तीसरे स्थान पर पहुंच गया। टीम ने अपने पिछले मैच मे नेरोका एफसी को इसी अंतर से हराया था।

### शीतल देवी विश्व की नंबर एक पैरा तीरंदाज बनीं

**नई दिल्ली।** पैरा एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली शीतल देवी मंगलवार को जारी पैरा विश्व तीरंदाजी रैंकिंग के महिला कंपाउंड ओपन वर्ग में दो स्थान के सुधार के साथ शीर्ष तीरंदाज बन गई। हाल ही में संपन्न पैरा एशियाई चैंपियनशिप मे तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले राकेश कुमार भी दो स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे पायदान पर पहुंच गए।

### फलस्तीन के झंडे का स्टीकर लगाने पर आजम पर लगे जुर्माने को पीसीबी ने माफ किया

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप के दौरान अपने बल्ले पर फलस्तीन के झंडे का इस्तेमाल करने पर विकेटकीपर बल्लेबाज आजम खान पर लगाए गए 50 प्रतिशत मैच फीस के जुर्माने को मंगलवार को पूरी तरह से माफ कर दिया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोईन खान के बेटे आजम पर दो दिन पहले पीसीबी मैच रेफरी ने मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया था क्योंकि उन्होंने अपने बल्ले से फलस्तीन के झंडे का स्टीकर हटाने से इनकार कर दिया था।

### बोलोगना ने तोरिनो को हराया, वेरोना ने लीसे से ड्रा खेला

**रोम।** जियोवानी फैबियन और जोशुआ जर्कजी के दूसरे हाफ मे किए गए गोल की मदद से बोलोगना फुटबॉल क्लब ने सोमवार को यहां सीरी ए फुटबॉल लीग मे तोरिनो को 2-0 से हराया। बोलोगना इस तरह लीग तालिका मे दो पायदान की उछाल से छठे स्थान पर पहुंच गया है। ब्रेक से पहले उसे फियोरेंटिना से पराजित होने से पहले 10 मैचो मे हार का सामना नही करना पड़ा था।

### रोनाल्डो ने दिखाई खेल भावना, पेनल्टी से इनकार

**रियाद।** अल नासर के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सोमवार को यहां खेल भावना का शानदार नजारा पेश करते हुए ईरान के पर्सेपोलिस क्लब के खिलाफ एशियाई चैम्पियंस लीग (एसीएल) के गोलरहित ड्रा मुकाबले में खुद को मिले पेनल्टी मौके को रद्द करने में मदद की। रोनाल्डो मैच के शुरूआत में ही बॉक्स के अंदर गिर गए और रैफरी ने तुरंत ही पेनल्टी प्रदान कर दी। लेकिन रोनाल्डो ईमानदारी दिखाते हुए इस पेनल्टी का विरोध कर रहे पर्सेपोलिस के खिलाड़ियों के साथ शामिल हो गए।

### भारत जूनियर महिला हॉकी कनाडा के खिलाफ जीत के साथ अभियान शुरू करना चाहेगा

**सैंटियागो (चिली)।** भारतीय टीम एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) महिला जूनियर हॉकी विश्व कप मे बुधवार को कनाडा के खिलाफ जीत के साथ अपने अभियान को सकारात्मक तरीके से शुरू करना चाहेगी। टूर्नामेंट मे भारत को मुश्किल माने जा रहे पूल सी मे रखा गया है। इस पूल मे भारत और कनाडा के अलावा जर्मनी और बेल्जियम की टीमें है। टूर्नामेंट मे भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2013 मे तीसरा स्थान रहा है। टीम 2022 मे पिछले आयोजन मे चौथे पायदान पर रही थी। भारत ने इस साल की शुरुआत मे जापान के काकमिगाहारा मे महिला जूनियर एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था।

# सुमित व सिकी रेड्डी मिक्स डबल्स के अंतिम 16 में

● मिक्स डबल्स में रोहन व पोनप्पा भी प्री क्वार्टर फाइनल में

● सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन




**लखनऊ।** बी.सुमित रेड्डी व एन सिकी रेड्डी की भारतीय जोड़ी ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 के मुख्य ड्रा के मुकाबलों के पहले दिन जीत के साथ मिक्स ड्रा के अंतिम 16 में जगह बना ली। बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में खेली जा रही चैंपियनशिप में मिक्स डबल्स में भारत के रोहन कपूर व अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने भी प्री क्वार्टर फइनल में जगह बना ली। मिक्स डबल्स के राउंड 32 में बी सुमित रेड्डी व एन सिकी रेड्डी ने चीनी ताइपे के वू हूसन यी व यांग चू यून को 21-14, 21-14 से हराया। इसके अलावा रोहन कपूर के साथ जोड़ी बनाकर उतरी दिग्गज अश्विनी पोनप्पा ने मलेशिया के चान पेंग सून व ची यी सी के खिलाफ 21-12, 21-18 से जीत दर्ज की। आज राउंड 32 में मिक्स डबल्स में सातवीं वरीय सिंगापुर के ही यांग केई व तान वेई हान ने भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रेस्ट्रो को 21-16, 18-21 21-18 से और जापान के तीसरी वरीय केण्यामाशिता व नारू शिनोया ने भारत के सतीश कुमार व आद्या वरियानाथ को 21-14, 21-16 से जर्मनी के मार्क व इसाबेल ने भारत के डिंगकू व प्रिया को 21-12, 21-13 से चीनी ताइपे के चांग को ची व ली चीह येन ने भारत के नितिन व अनघा को 21-17 ,21-13 से हराकर अंतिम 16 में स्थान सुरक्षित किया।

### यूपी की सोनाली और समृद्धि महिला डबल्स के मुख्य ड्रा में



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उभरते हुए शटलर सोनाली सिंह और समृद्धि सिंह ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 में शानदार प्रदर्शन से महिला युगल के मुख्य ड्रा में जगह बना ली। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन बीएआई के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित 2,10,000 अमेरिकी डालर की इनामी राशि वाली इस चैंपियनशिप में आज खेले गए क्वालीफायर मुकाबलों में सोनाली सिंह और समृद्धि सिंह ने राधिका शर्मा व तन्वी शर्मा को 21-16, 21-17 से हराया। इस जोड़ी के सामने अब महिला डबल्स के पहले दौर में अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रेस्टो की दिग्गज जोड़ी की चुनौती होगी। इस जोड़ी ने कहा कि हमारे लिए यह पल काफी खास बन गया है कि हम अपने घरेलू कोर्ट पर दिग्गज शटलरों को चुनौती देंगे। इन शटलरों ने कहा कि कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। इसी के साथ क्वालीफायर मुकाबलो के पूरा होने के साथ मुख्य ड्रा में खेलने वाले खिलाड़ियों के नाम पर मुहर लग गई। इसी के साथ क्वालीफायर में जीत से पुरुष सिंगल्स में भारत के चिराग सेनए एमणलवांग मेईसाम मुख्य ड्रा में पहुंच गए। महिला सिंगल्स में भारत की आद्या वरियनाथए केयूरा मोपाती, जनानी अनंत कुमार भी मुख्य ड्रा में पहुंच गई। मिक्स डबल्स में भारत के संजय अमन व अनघा कारेंडिकर,नितिन कुमार व नवधा मंगलम, शिवम शर्मा व पूर्विशा एस ग्राम ने जीत से मुख्य ड्रा में स्थान सुरक्षित किया। इसके अलावा पुरुष डबल्स में भारत के प्रतीक रानाडे व झाइको सेईए ध्रुव रावत व चिराग सेन और आयुष मखीजा व वेंकट गौरव प्रसाद भी मुख्य ड्रा में पहुंच गए।

### विखे स्कूल ,पुणे और डीपीएस ईस्ट बेंगलोर को सीबीएसई राष्ट्रीय टेनिस चैम्पियनशिप खिताब

**नई दिल्ली।** पुणे के विखे पाटिल स्कूल और नोएडा के बिल्लाबोंग स्कूल ने यहां आयोजित पांच दिवसीय सीबीएसई राष्ट्रीय टेनिस चैम्पिनशिप 2023 में क्रमशः लड़कों और लड़कियों के अंडर 17 वर्ग के खिताब जीते। यहां एएसएन सीनियर सेकंडरी स्कूल में आयोजित टूर्नामेंट में लड़कियों के अंडर 17 वर्ग के फाइनल में बिल्लाबोंग स्कूल नोएडा ने केआईआईटी, ओडिशा को हराया। वहीं लड़कों के अंडर 17 वर्ग में पुणे के विखे पाटिल स्कूल ने सोनीपत के लिटिल एंजिल स्कूल को मात दी। आयोजकों द्वारा यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार लड़कों के अंडर 19 वर्ग में डीपीएस नोएडा ने खेतान स्कूल, नोएडा को हराया। लड़कियों के वर्ग में डीपीएस ईस्ट बेंगलोर ने एमएम पब्लिक स्कूल को मात दी। भारतीय टेनिस स्टार अंकिता भांबरी ने 24 नवंबर को इस टूर्नामेंट का उद्घाटन किया था। इसमें मध्यक्षेत्र से छह, पूर्वी क्षेत्र से 15, उत्तर क्षेत्र से 12 और पश्चिम क्षेत्र से 15 टीमों ने भाग लिया। इसके अलावा छह विदेशी स्कूलों ने भी इसमें भाग लिया।

### आस्ट्रेलिया की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में कई बदलाव, स्मिथ और जंपा पहले ही रवाना हुए

**गुवाहाटी।** भारत में इस समय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में खेल रही आस्ट्रेलियाई टीम के करीब आधे सदस्य यहां तीसरे मैच के बाद स्वदेश लौट जाएंगे और विश्व कप विजेता टीम के केवल ट्रेविस हेड ही ऐसे खिलाड़ी होंगे जो बचे हुए दो मुकाबलों के लिए रूके रहेंगे। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे चल रहा है। मंगलवार के मैच के बाद चौथा टी20 एक दिसंबर को रायपुर में और पांचवां मुकाबला तीन दिसंबर को बेंगलुरु मे खेला जाएगा। आस्ट्रेलिया की वनडे विश्व कप टीम के सात सदस्य 19 नवंबर को फाइनल के बाद भारत में ही रूक गए थे। लेकिन इन सात में से छह खिलाड़ी रायपुर और बेंगलुरु मे होने वाले मुकाबलों में नही खेलेंगे। वनडे विश्व कप में 23 विकेट लेकर एक चरण मे सबसे ज्यादा विकेट झटकने वाले मुथैया मुरलीधरन की बराबरी करने वाले एडम जम्पा पहले ही स्वदेश रवाना हो चुके है और उनके साथ स्टीव स्मिथ भी जा चुके है।

### नामीबिया ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए क्वालीफाई किया

**दुबई।** नामीबिया ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को बताया कि नामीबिया अफ्रीका क्षेत्र क्वालीफायर अंकतालिका में 10 अंक और प्लस 2 . 643 के रनरेट के साथ शीर्ष पर रहा। टी20 विश्व कप अगले साल चार से 30 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। आईसीसी ने बताया कि नामीबिया पांचों मैच जीतकर शीर्ष पर रहा और तीसरी बार यह टूर्नामेंट खेलेगा। इसने अपनी वेबसाइट पर कहा , नामीबिया दस अंक लेकर शीर्ष पर है और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप मे जगह बना ली है। अफ्रीका क्षेत्र से युगांडा, कीनिया, जिम्बाब्वे और नाइजीरिया अभी भी दौड़ में है। युगांडा ने कुछ दिन पहले जिम्बाब्वे को हराकर उलटफेर किया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने डब्ल्यूएआई चुनाव पर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा लगाई रोक को रद्द किया

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव का मार्ग प्रशस्त करते हुए उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव कराने पर लगाई रोक को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि वे यह नही समझ पा रहे कि उच्च न्यायालय ने चुनाव की पूरी प्रक्रिया के महत्व को कैसे नही समझा। पीठ ने कहा, हरियाणा कुश्ती संघ द्वारा दायर एक रिट याचिका लंबित होने पर उच्च न्यायालय ने एक अंतरिम आदेश में डब्ल्यूएफआई के चुनाव पर रोक लगा दी। हमे यह बात समझ नही आ रही कि उच्च न्यायालय द्वारा इस पूरी चुनावी प्रक्रिया के महत्व को कैसे समझा नही गया।

### बुमराह के खामोश स्टेटस पर लग रही अटकलें

**मुंबई।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाली जिसके बाद से सोशल मीडिया पर उसके बारे में कई अनुमान लगाए जा रहे है। बुमराह ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया, कभी-कभी खामोशी सबसे अच्छा जवाब होता है। यह स्टेटस उनकी डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) से जुड़ी है। इंस्टाग्राम स्टोरी आमतौर पर 24 घंटे तक रहने के बाद अपने आप हट जाती है। बुमराह को भावनाओं पर काबू रखने और कम बोलने वाले क्रिकेटर के तौर पर जाना जाता है। उन्हे अपनी गेंदबाजी से जवाब देना ज्यादा पसंद है। वह भारतीय टीम की किसी भी श्रृंखला के दौरान मैच से पहले या बाद की कुछ बातचीत के अलावा मीडिया से बचते रहे है। वह सोशल मीडिया पर भी ज्यादा सक्रिय नही रहते है।

### हॉकी शिविर के लिए 39 सदस्ईय कोर ग्रुप घोषित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने स्पेन मे आगामी पांच देशो के टूर्नामेट की तैयारी के मद्देनजर पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए मंगलवार को 39 सदस्ईय कोर ग्रुप टीम की घोषणा की। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन अगले साल पेरिस ओलंपिक के लिए नए दृष्टिकोण के साथ तैयारी करना चाहते है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने हांगझोउ एशियाई खेलो मे स्वर्ण पदक जीतने के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। अब टीम 15 दिसंबर से वालेसिया मे पांच देशों का टूर्नामेट खेलेगी। विश्व चैम्पियन जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम और मेजबान स्पेन टूर्नामेट की अन्य टीम है। पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर बुधवार से बेगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र मे शुरू होगा। हांगझोउ एशियाई खेलो के सफल अभियान के बाद लंबा ब्रेक रहा।

### चौहान ने देश के शीर्ष रिकर्व तीरंदाज धीरज को हराकर फाइनल में जगह बनाई

**अयोध्या।** झारखंड के मृणाल चौहान ने सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी मे पुरुष रिकर्व वर्ग के सेमीफाइनल मे मंगलवार को यहां भारत के शीर्ष खिलाड़ी धीरज बोम्मादेवरा को हराकर उलटफेर किया। दोनो खिलाड़ियो के बीच मुकाबला 5-5 से बराबरी पर रहने के बाद चौहान ने शूट ऑफ मे सटीक निशाना लगाकर विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी को हराया। फाइनल मे चौहान के सामने अखिल भारतीय पुलिस खेल संवर्धन बोर्ड (एआईपीएसबी) के तुषार शेलके की चुनौती होगी। शेलके ने एक अन्य सेमीफाइनल मे गोवा के अतुल वर्मा को 6-4 से हराया। महिला रिकर्व वर्ग के फाइनल मुकाबले मे हरियाणा की दो तीरंदाज संगीता और रिधि फोर आमने-सामने होंगी।

### एशिया कप के दौरान चार्टर्ड विमानों के लिए अतिरिक्त मुआवजे की मांग पर पीसीबी और एसीसी के बीच गतिरोध

**कराची।** एशिया कप के दौरान पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच चार्टर्ड उड़ानो के खर्च पर अतिरिक्त मुआवजे की मांग को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) मे गतिरोध पैदा हो गया है। पीसीबी ने इस साल अगस्त सितंबर मे एशिया कप की सह-मेजबानी की थी। एशिया कप की मेजबानी का अधिकार पाकिस्तान को मिला था लेकिन भारतीय टीम के पाकिस्तान दौरे से मना करने बाद इसका आयोजन हाइब्रिड मॉडल पर पाकिस्तान और श्रीलंका मे हुआ। टूर्नामेंट के ज्यादातर मैच श्रीलंका में हुए थे।

### स्मार्ट स्कूलों बच्चों का ओवरऑल विकास होगा

**मुरादाबाद।** एक बच्चे का ओवरऑल डेवलपमेंट प्रारंभिक शिक्षा, खेल से शुरू होता है, और स्मार्ट क्लासरूम उन्हें अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए एक बेहतर और क्रिएटिव वातावरण प्रदान करती हैं। ऐसे में, मुरादाबाद के सरकारी स्कूलों को स्मार्ट स्कूलों में बदलने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने ऑपरेशन कायाकल्प की घोषणा की। इन 19 स्मार्ट स्कूलों के रेनोवेशन की इंचार्ज लीडिंग नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी क्यूबिक इंफ्रा थी, कंपनी ने हाल ही में इस बड़े प्रोजेक्ट के पूरा होने की घोषणा की है। क्यूबिक के सीईओ निखिल जैन ने इस अवसर पर कहा, स्मार्ट क्लास एजुकेशन सेक्टर में क्रांतिकारी हैं, जिससे बच्चों को अपनी सोच के दायरे को व्यापक बनाने की अनुमति मिलती है। सही मायने में विकास तब होता है जब हर वर्ग के व्यक्ति को इससे लाभ हो सके। इस प्रकार यह प्रोजेक्ट हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे कि किसी भी लेवल पर कोई कमी न रहे। इस्तेमाल किए गए कच्चे माल से लेकर जिस सटीकता के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया गया था, सब कुछ हाईएस्ट क्वालिटी स्टैण्डर्ड को पूरा करने के लिए सुनिश्चित किया गया है, क्योंकि यह छोटे बच्चों की सुरक्षा और उनकी सपने और आकांक्षाओं से जुड़ा हुआ था।

# पंजाब ने राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप जीती



● शूटआउट में हरियाणा को हराया

भाषा। चेन्नई

**पंजाब ने** गत चैम्पियन हरियाणा को पेनल्टी शूटआउट में हराकर मंगलवार को सीनियर पुरूष राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप जीत ली। पंजाब और हरियाणा का स्कोर निर्धारित समय तक 2-2 से बराबर था। पंजाब ने शूटआउट में 9-8 से जीत दर्ज की। पंजाब के लिए हरजीत सिंह ने 13वें मिनट में पहला गोल किया। हरियाणा के संजय ने 25वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। पंजाब और भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 42वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा लेकिन आठ मिनट बाद हरियाणा के रजत ने बराबरी का गोल कर दिया। शूटआउट में हरियाणा के लिए संजय, दीपक और अभिषेक ने गोल किए। पंजाब के लिए हरमनप्रीत, सिमरनजीत और सुखजीत सिंह ने गोल किए। मुकाबला सडन डैथ में चला गया और सातवें पेनल्टी शूटआउट में सिमरनजीत ने विजई गोल दागा। तमिलनाडु ने कर्नाटक को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर कांस्य पदक जीता।

# इंग्लैंड के खिलाफ मौके का पूरा फायदा उठाना चाहेगी भारतीय महिला ए टीम

भाषा। मुंबई

**भारतीय महिला** ए टीम बुधवार से इंग्लैंड के खिलाफ यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में मिले मौके का पूरा फायदा उठाना चाहेगी। श्रृंखला यहां वानखेड़े स्टेडियम में खेली जाएगी जिसका दूसरा मैच एक दिसंबर और तीसरा मैच तीन दिसंबर को होगा। ए टीम के इन तीन मैचों के बाद भारत और इंग्लैंड की सीनियर महिला टीम तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और एक टेस्ट मैच खेलेंगी। सीनियर टीम के सभी मैच मुंबई में होंगे जिसकी शुरूआती छह दिसंबर को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से होगी। भारतीय महिला क्रिकेटरों के लिए यह व्यस्त सत्र होने वाला है क्योंकि इंग्लैंड के बाद आस्ट्रेलिया का भारत में एक लंबा दौरा होगा जिसमें एकमात्र टेस्ट के अलावा तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच होंगे। भारत की महिला सीनियर टीम की घोषणा अभी की जानी है। भारत ए टीम की अगुआई केरल की मीनू मणि करेंगी। ए टीम की खिलाड़ियों के लिए यह श्रृंखला प्रेरणा का काम करेगी क्योंकि इसके प्रदर्शन से वे खुद को सीनियर टीम में चयन के लिए दावेदार बनाना चाहेंगी। मणि ने चार महीने पहले जुलाई में बांग्लादेश के दौरे पर अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था।

### इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया महिला टीमों के भारत दौरे पर प्रशंसकों को स्टेडियम में निशुल्क प्रवेश

**मुंबई।** इंग्लैड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला क्रिकेट टीम के आगामी मुकाबलो के दौरान यहां के वानखेड़े स्टेडियम और डीवाई पाटिल स्टेडियम मे प्रशंसकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा।इंग्लैड की महिला टीम का भारतीय दौरा छह दिसंबर को तीन मैचो टी20 श्रृंखला के साथ शुरू होगा। इसके दो अन्य मैच नौ और 10 दिसंबर को खेले जाएंगे।इससे पहले भारत ए महिला टीम इंग्लैड ए के खिलाफ बुधवार को शुरू होने वाले तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में भिड़ेगी।यह सभी मैच शाम सात बजे से वानखेड़े स्टेडियम मे खेले जाएंगे।मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के सचिव अजिंक्य नाइक ने कहा, एमसीए अध्यक्ष अमोल काले और शीर्ष परिषद ने महिला क्रिकेट के समर्थन को प्रोत्साहन देने के लिए सर्वसम्मति से यह फैसला लिया है।

### गुलमोहर ने जीती दशहरा ट्रॉफी


**लखनऊ।** गुलमोहर अकादमी ने चिरंजीव भारती स्कूल के खेल मैदान मे आयोजित दशहरा ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में सेंट ऐंस क्लब को 58 रन से पराजित करके खि़ताब जीता। गुलमोहर अकादमी ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 192 रन का स्कोर बनाया। इसमें रजत अग्निहोत्री ने महज 37 गेंदो मे 14 चौके व एक छक्के से नाबाद 79 रन एवं तनिष्क दिवाकर ने 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। सेंट एंस से हर्षवर्धन ने 2 विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए सेंट ऐंस क्लब निर्धारित ओवर में 8 विकेट पर 134ध्8 रन ही बना सका। सत्यम ने 41 व अभय प्रताप ने 33 रन बनाये लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। । गुलमोहर अकादमी से तनिष्क दिवाकर ने 3 जबकि रजत अग्निहोत्री ने 2 विकेट चटकाए।

### क्रिएटर्स क्लब की जीत में हिमांशु का शतक

**लखनऊ।** मैन ऑफद मैच हिमांशु भार्गव ;114द्ध के तूफानी शतक से द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने प्रथम तारा देवी क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को खेले गए मैच में फॉरेंसिस क्रिकेट क्लब को 112 रन से पराजित किया। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 216 रन बनाया। हिमांशु भार्गव ने 114 रन की शतकीय पारी खेली। आलोक मौर्या ने 40 व शिवांश त्रिपाठी ने 33 रन का योगदान किया। कुशाग्र शुक्ला ने चार विकेट हासिल किए। आलोक गोंड को दो विकेट मिले। जवाब में फॅरेंसिस क्रिकेट क्लब 22 ओवर में 104 रन ही बना सका। विकास प्रधान ने सबसे ज्यादा 37 रन बनाए। द क्रिएटर्स क्लब से प्रत्यूष सोमवंशी ने 3 विकेट हासिल किए। शुलभ सिंह को दो विकेट मिले।

# थापा व पंघाल की जीत से शुरुआत

● राष्ट्रीय मुक्केबाजी



**शिलांग।** एशियाई चैम्पियनशिप में छह बार के पदक विजेता शिवा थापा (63.5 किग्रा) और विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) ने मंगलवार को यहां पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में अपना अभियान जीत से शुरू किया। असम के मुक्केबाज थापा ने विभाजित फैसले में हिमाचल प्रदेश के अभिनाश जामवाल को 4-3 से पराजित किया और अब राउंड 16 में उनका सामना हरियाणा के संतोष एचके से होगा। वहीं पंघाल ने महाराष्ट्र के शिवाजी को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से पराजित किया। वह प्री क्वार्टरफाइनल में पंजाब के जेशनदीप सिंह से भिड़ेंगे। तोक्यो ओलंपियन आशीष कुमार (80 किग्रा) ने पंजाब के अर्शदीप सिंह को हराया और हिमाचल प्रदेश के इस मुक्केबाज का सामना प्री क्वार्टरफाइनल में चंडीगढ़ के नीतिश कुमार से होगा। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के गोविंद साहनी (48 किग्रा) ने त्रिपुरा के सयान लोढ को पराजित किया। एशियाई चैम्पियनशिप 2022 के कांस्य पदक विजेता गोविंद अब प्री क्वार्टरफाइनल में हिमाचल प्रदेश के विशाल के सामने होंगे।

### पूरा फोकस अब पेरिस पैरालम्पिक पर : निशानेबाज अवनि

**नई दिल्ली।** तोक्यो पैरालम्पिक मे कीर्तिमान स्थापित करने वाली अवनि लेखरा को बखूबी पता है कि अगले साल पेरिस मे उनसे काफी अपेक्षाएं होंगी लेकिन भारतीय पैरा निशानेबाजी की इस गोल्डन गर्ल के लिए दबाव प्रेरणा का काम करता है। उन्होंने कहा , मै यह नही कहूंगी कि दबाव नही है। तोक्यो में स्वर्ण जीतने के बाद इतने लोग मुझे पहचानने लगे है और मेरे लिए तालियां बजाते है। अपेक्षाएं तो बहुत होंगी लेकिन यह मुझे और बेहतर करने के लिए प्रेरित भी करती है।

### फिलिप्स के चार विकेट, बांग्लादेश के स्टंप तक नौ विकेट पर 310 रन

**सिलहट (बांग्लादेश)।** ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने अपने दूसरे ही मैच में 37 रन देकर चार विकेट झटक लिए जिससे न्यूजीलैंड ने मंगलवार को यहां पहले टेस्ट के शुरूआती दिन स्टंप तक बांग्लादेश का स्कोर नौ विकेट पर 310 रन कर दिया। फिलिप्स के इस प्रदर्शन से न्यूजीलैंड पहले ही दिन अच्छी स्थिति में पहुंच गया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज महमूदुल हसन की मदद से पहले सत्र में अच्छी शुरूआत की। उन्होंने टीम के लिए सर्वाधिक 86 रन (166 गेंद, । चौके) की पारी खेली। महमूदुल हसन ने पहले विकेट के लिए जाकिर हसन के साथ 39 और दूसरे विकेट के लिए नजमुल हुसैन शांटो के साथ 53 रन की साझेदारी निभाई। शाकिबुल हसन की अनुपस्थिति में घरेलू टीम की अगुआई कर रहे शांटो लंच से पहले आउट हो गए। उन्होंने 35 गेंद में 37 रन बनाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोनः 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।